# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 11 मई, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 128, पेज 16, 2.00 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 260 अंकों की उछाल

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच शेयर बाजार में खरीददारी से सेंसेक्स 260 .30 अंक चढ़कर 72,664 .47 अंक पर बंद हुआ। } 14

## अलगाववाद का समर्थन करना अभिव्यक्ति की आजादी नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब अलगाववाद को समर्थन या हिंसा को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। } 16



## केदारनाथ, यमुनोत्री धाम के खुले कपाट




देहरादून। केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा आरंभ हो गई। दोनों धामों के कपाट सुबह सात बजे खुले और इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अपनी पत्नी गीता के साथ केदारनाथ में द्वार खोले जाने की प्रक्रिया के साक्षी बने। बम-बम भोले और बाबा केदार की जय के उद्घोष ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, पर जनता मेरा सुरक्षा कवच: मोदी

एजेंसी

नंदूरबार (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए दिग्गज भाजपा नेता ने कहा कि नकली शिवसेना उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना पसंदीदा वोट बैंक खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है - मोदी तेरी कब्र खुदेगी, दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में दफनाने की



शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा वो कहते हैं, मोदी की कब्र खुदेगी। मोदी को जिंदा गाड़ देंगे। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। भाजपा ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोटों के आरोपी इकबाल मूसा उर्फ बाबा चौहान को शिवसेना (यूबीटी) के मुंबई उत्तर पश्चिम उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर की लोकसभा प्रचार रैली में देखा गया था। मूसा और कीर्तिकर ने आरोपों से इनकार किया है। दोनों ने दावा किया था कि वे एक-दूसरे को नहीं जानते।

मोदी ने कहा भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है। नंदूरबार महाराष्ट्र की उन 11 लोकसभा सीट में शामिल है जिन पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। वहीं दूसरी ओर हैदराबाद में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को हिंदू विरोधी करार दिया और आरोप लगाया कि उसका इतिहास लूट, तुष्टिकरण और वंशवाद पहले का रहा है। हैदराबाद और महबूबनगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भरोसा जताया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल जब पीड़िया गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने इस घटना में मारे गए पांच नक्सलियों का शव बरामद कर लिया है। नक्सलियों की पहचान की जा रही है। क्षेत्र में खोजी अभियान जारी है। राज्य के कांकेर जिले में 16 अप्रैल को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गये थे।

### द्रव रॉकेट इंजन का सफल परीक्षण

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आसंजक निर्माण (एएम) तकनीक के माध्यम से निर्मित द्रव रॉकेट इंजन के सफल तप्त परीक्षण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसरो ने कहा कि नया इंजन कच्चे माल में 97 प्रतिशत की बचत करता है और उत्पादन समय को 60 प्रतिशत तक कम कर देता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह परीक्षण नौ मई को किया गया। इसमें कहा गया कि 665 सेकंड की अवधि के लिए आसंजक निर्माण (एएम) तकनीक के माध्यम से निर्मित द्रव रॉकेट इंजन के सफल तप्त परीक्षण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली गई। प्रयुक्त किया गया इंजन पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) ऊपरी चरण का पीएस4 इंजन है।

# जनता की समस्याओं का समाधान है रामराज

## गोरखपुर की चुनावी रैली में गरजे मुख्यमंत्री योगी

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के औचित्य पर सपा और कांग्रेस के कुछ नेताओं की तरफ से दिए गए बयान पर इन दोनों दलों पर जमकर निशाना साधा है। योगी ने कहा कि तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। योगी ने कहा कि आतंकवादियों की पैरवी करने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रवि किशन के नामांकन के बाद, उनके पक्ष में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए आज के विपक्ष ने राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ, आज देश में हो रही कार्रवाई और उप्र में माफिया के खिलाफ हो रहे एक्शन जैसे कड़े कदम उठाए होते तो संकटमोचन मंदिर और कचहरी पर पर आतंकी हमले नहीं होते। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने



कहा कि तीसरे चरण में लोकसभा का चुनाव अब उस मोड़ पर पहुंच गया है जहां विपक्ष ने हार मान ली है। कांग्रेस, सपा बसपा सबने हार स्वीकार कर ली है। तीन चरणों में 285 सीटों पर यानी पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के अंदर उन्हें नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। पूरे देश के अंदर एक ही स्वर गूंज रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। योगी ने कहा कि देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। जनता यही कह रही है, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और हम उनको लाएंगे जिन्होंने रामराज की परिकल्पना को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संसदीय चुनाव सामान्य चुनाव भर नहीं है। यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या में राम मंदिर बनवाकर भाजपा ने रचा इतिहास : सीएम

एसपी मिश्रा

बहराइच (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आजादी के बाद से महाराजा सुहेलदेव राजभर का अपमान होता रहा। मुख्यमंत्री योगी यहां महसी के रामपुरवा बाग में बहराइच (आरक्षित) लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी डॉ. आनन्द कुमार गोंड के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सालार मसूद गाजी को मौत के घाट उतारकर बहराइच में उसकी कब्र बनवाने वाले महापराक्रमी महाराजा सुहेलदेव को केवल वोट बैंक के लिए कांग्रेस, सपा और बसपा ने सम्मान नहीं दिया, क्योंकि उन्हें डर था कि ऐसा करने पर सालार मसूद गाजी का भक्त वोट बैंक खिसक न जाए। मुख्यमंत्री ने महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम की भूमि और स्वाधीनता सेनानी राजा बलभद्र सिंह की पावन भूमि को कोटि-कोटि नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आज के दिन त्रेता युग और सतयुग की शुरुआत हुई थी। योगी ने कहा कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में आया था तब आपने आशीर्वाद दिया और सुरेश्वर सिंह महसी से विधायक बने और प्रदेश में भाजपा की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दाभोलकर हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास

पुणे। पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में कथित मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया गया।

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने लोगों से खचाखच भरे अदालत कक्ष में आदेश पढ़ते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी कान-नाक-गला (ईएनटी) रोग सर्जन तावड़े, संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को बरी कर दिया। मोटरसाइकिल सवार लोगों ने अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम केजरीवाल जमानत पर जेल से रिहा, निकाला रोड शो



एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में मिलेंगी 50 सीटें

## कानपुर व कन्नौज में विपक्ष पर बरसे राहुल

जिला संवाददाता

कानपुर/कन्नौज। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में 50 से कम सीट नहीं मिलेंगी। कानपुर में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने चुनाव में अपनी मेहनत की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, हमें जो करना था, जो काम जो मेहनत करनी थी, वह कर दी है, अब आप देखना उप्र में हमारे गठबंधन (इंडिया गठबंधन) को 50 से कम एक भी सीट नहीं मिलने वाली है। उप्र में लोकसभा की कुल 80 सीट हैं जिन पर राज्य में कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस मिलकर चुनाव



कानपुर में चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते राहुल गांधी व अखिलेश यादव

लड़ रहे हैं। राहुल ने अपने संबोधन में यह भी दावा किया कि 4 जून, 2024 को नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। आप लिखकर ले लो, नरेन्द्र मोदी जी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं। उन्होंने कहा देश में हर प्रदेश में हमने भाजपा को रोका है। ये जो मीडिया वाले हैं, अडाणी के हैं, सच्चाई नहीं बोलेंगे। मीडियाकर्मियों के प्रति हमदर्दी दिखाते हुए गांधी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देश की जनता बदलाव चाहती है : अखिलेश यादव

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की विशाल संयुक्त जनसभा हुई। जनसभा को सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह समेत गठबंधन के अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया। सभी नेताओं ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से अखिलेश यादव को रिकार्ड वोटों से जिताने की अपील की।

कन्नौज की संयुक्त रैली में आये जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि किसान-नौजवान, देश की जनता बदलाव चाहती है। भाजपा की केंद्र और यूपी की सरकार ने जनता को झूठी बातें करके गुमराह किया है। झूठे वादे किये। भाजपा संविधान और लोगों की जान के पीछे पड़ी है। ये लोग ...शेष पृष्ठ 14 पर

**2024 आज का मुकाबला**

कोलकाता V/S मुम्बई



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 41.80 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 22.08 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- देश की जनता कांग्रेस को भाव दे नहीं रही : भूपेंद्र (पृष्ठ-02)
- भाजपा नेता हार देख बौखलाए : अखिलेश यादव (पृष्ठ-02)
- पटरी पर लौट रहा एयर इंडिया का परिचालन (पृष्ठ-14)
- रुपया एक पैसे की गिरावट से 83.49 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पीएम मोदी ने मार्च से अब तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मीडिया के तमाम चैनल, पत्र-पत्रिकाओं को 24 दिये साक्षात्कार

# पीएम मोदी ने 103 तो राहुल गांधी ने कीं 39 रैलियां

विशेष संवाददाता

लखनऊ। चुनाव की घोषणा के बाद से आठ मई तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 103 रैलियां कर चुके हैं। इनमें से मार्च में 9, अप्रैल में 68 और मई में 26 रैलियां हैं। दिनभर में औसतन तीन रैलियां करते हुए पीएम मोदी ने मार्च से अब तक क्षेत्रीय से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मीडिया के तमाम चैनल, पत्र-पत्रिकाओं को 24 साक्षात्कार दिए हैं। इतना ही नहीं, इस दौरान उन्होंने 21 रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा सैकड़ों मंदिरों और गुरुद्वारों के दर्शन किए हैं। प्रतिष्ठित लोगों और आम नागरिकों से मुलाकात की है। वहीं, राहुल गांधी चुनावों के एलान तक न्याय यात्रा कर रहे थे, जो 17 मार्च को खत्म हुई। 18 मार्च से 8 मई तक राहुल ने 39 जनसभाओं को संबोधित किया। इनमें से मार्च में एक, अप्रैल में 29 और मई में 10 शामिल हैं। दिलचस्प यह कि इनमें कई रैलियां



ऐसी जगहों पर हुईं, जो कांग्रेस की रणनीति पर सवाल खड़ी करती हैं। मसलन सातवें दौर की ऐसी सीट, जहां कांग्रेस लड़ाई में भी नहीं है, वहां राहुल तीसरे चरण में प्रचार करते दिखे। इसके अलावा गठबंधन के साथियों के साथ कुछ प्रेस वार्ताएं जरूर हुई हैं, जिसकी जानकारी भी उनके आईटी सेल व सोशल मीडिया के जरिये दी जाती है। इसके अलावा उनके आईटी सेल की तरफ से उनके शतरंज कौशल के बारे में बताया जा रहा है। पर, मुख्यधारा के मीडिया को कोई साक्षात्कार नहीं दिया है। पीएम मोदी ने 24 साक्षात्कारों में उन तमाम सवालों के जवाब दिए हैं, जिन्हें विपक्ष की तरफ से उनके खिलाफ उठाया जाता है। इनमें चुनावी बॉन्ड से लेकर एनडीए के सहयोगी जदएस के उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना तक का सवाल शामिल है। पीएम ने उन आरोपों पर भी जवाब दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि कांग्रेस मुस्लिमों को आरक्षण देगी। ईडी-सीबीआई जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों पर भी जवाब दे चुके हैं। संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने के आरोपों के अलावा तानाशाही पर भी जवाब दे चुके हैं। वहीं, राहुल ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## टाटा स्टील के हेड की हत्या में वांटेड अपराधी मुठभेड़ में ढेर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गाजियाबाद पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड की हत्या में वांटेड बदमाश को मार गिराया। बदमाश अक्की उर्फ दक्ष के सीने में गोली लगी जिसे अस्पताल में इलाज के दौरान डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मारा गया बदमाश दिल्ली के सीलमपुर का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ में एक सब इंस्पेक्टर के हाथ में भी गोली लगी है। जबकि बदमाश का एक साथी मौके से फरार हो गया। बिजनेस हेड विनय त्यागी की 3 मई की देर रात घर लौटते वक्त लूट के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, स्मैक के नशे में अक्की ने विनय त्यागी से लूट की। फिर चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से वह फरार था। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया- कि शुक्रवार सुबह 5 बजे साहिबाबाद के अर्थला इलाके में पुलिस चेकिंग कर रही थी। दिल्ली की तरफ से एक बाइक पर 2 संदिग्ध आते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बाइक सवार रुके नहीं और पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागना शुरू कर दिया। वायरलैस पर मैसेज फ्लैश करते हुए घेराबंदी शुरू कर दी। दोनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

- गाजियाबाद में हुई मुठभेड़ के दौरान एक सबइंस्पेक्टर भी घायल




# भाजपा जीत की हैट्रिक तो विपक्ष वापसी को लालायित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के बुंदेलखंड इलाके की जालौन लोकसभा सीट प्रदेश के हॉट सीटों में से एक है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जालौन लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। यहां के सांसद भानु प्रताप सिंह वर्मा मोदी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने वर्तमान सांसद भानु प्रताप सिंह वर्मा पर तीसरी बार दांव लगाया है। जबकि सपा ने नारायण दास अहिरवार को उम्मीदवार बनाया है। वहीं बसपा ने सुरेश चंद्र गौतम को चुनावी रण में उतारा है। इस बार यहां लड़ाई भाजपा के लिए जीत की हैट्रिक लगाने की है, तो विपक्ष यहां वापसी करना चाहता है। सभी उम्मीदवारों की नजर यहां के अनुसूचित जाति के मतदाताओं पर है।

- **जालौन लोकसभा सीट पर कभी कांग्रेस का था दबदबा**




देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का दावा कर रही है। बुंदेलखंड की चुनिंदा लोकसभा सीटों में से जालौन में आजादी के बाद सबसे पहले चुनाव 1952 में हुआ था। कांग्रेस के लोटन राम लोकसभा के पहले सांसद बने थे। इसके बाद 1957 में हुए लोक सभा चुनाव में इसी परिवार के लच्छीराम ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का दबदबा बनाया। 1962 में कांग्रेस के रामसेवक ने बाजी मारी। इसके बाद हैट्रिक लगाते हुए चौधरी राम सेवक 1967 और 1971 में भी सांसद चुने गए। इमरजेंसी के आक्रोश की आग के बाद इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा टूटा। पहली बार 1977 के चुनाव में कांग्रेस को यहां हार मिली और लोकदल ने जीत हासिल की। इसके बाद 1980 और 1984 के चुनावों में यहां पर कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की। नाथूराम और लच्छीराम सांसद बने। 1989 में यहां जनता दल ने खाता खोला और जीत दर्ज की। आज 34 साल बीत गए और इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी एक जीत के लिए तरस गई है। इस लोकसभा 16 बार चुनाव हुए जिसमें में 7 बार कांग्रेस को जीत मिली है।

जालौन की लोकसभा सीट का नंबर 17 है। यह सीट अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। इसमें कालपी, उरई, माधौगढ़, भोगनीपुर, गरौठा 5 विधानसभाएं आती हैं। जालौन को ऋषि जलवान की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर साक्षरता दर 73.7 है। जनसंख्या के मामले में ये यूपी में 57वें नंबर पर आता है। यहां की आबादी 26 लाख 25 हजार 771 है। यहां पर प्रथम स्वतंत्रा संग्राम की चिंगारी भी फूटी थी। किसी जमाने में यह सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती थीए फिलहाल यहां भाजपा का कब्जा है।

1991 के चुनाव में जनता दल के राम सेवक भाटिया से भाजपा ने यह सीट छीन ली। भाजपा के गया प्रसाद कोरी पहली बार सांसद बने। इसके बाद 1996 और 1998 दोनों ही चुनावों में यहां भाजपा जीती और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। 1999 में यहां तख्ता पलट हुआ और बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक नहीं बनाने दिया। साल 2004 के चुनाव में एक बार फिर से भाजपा ने वापसी की और भानु प्रताप सिंह जीते। 2009 में यहां पहली बार सपा ने खाता खोला और घनश्याम अनुरागी चुनाव जीते। 2014 में फिर से ये सीट भाजपा के खाते में गई और भानु प्रताप सांसद चुने गए। भानु प्रताप वर्मा ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को 2 लाख 87 हजार 202 वोटों से हराकर इस सीट पर कब्जा किया था।

**पांचवीं बार सांसद बने भानु प्रताप वर्मा :** 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी मैजिक चला और भाजपा के भानु प्रताप वर्मा ने एक बार फिर बंपर वोटों से जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर सपा से कांग्रेस में आ चुके बृजलाल खाबरी रहे। तीसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के घनश्याम अनुरागी रहे। 2019 में फिर भाजपा सरकार रिपीट हुई और भानु प्रताप वर्मा पांचवीं बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी बसपा प्रत्याशी अजय पंकज को 1 लाख 57 हजार 377 वोटों से मात दी।

**जातीय समीकरण :** जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति का फैक्टर काफी मायने रखता है। यहां 45 फीसदी एससी वोटर्स हैं। इसके बाद ओबीसी वोटर्स की संख्या 35 और सामान्य 20 फीसदी हैं। वहीं डेढ़ लाख कुर्मी है तो सवा लाख की संख्या में मुसलमान आते है। अनुसूचित बाहुल्य होने की वजह से इस सीट को आरक्षित की श्रेणी में रखा गया है।

### यह प्रत्याशी है मैदान में

| | |
|---|---|
| भानुप्रताप सिंह वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| नारायणदास अहिरवार | समाजवादी पार्टी |
| सुरेश चंद्र गौतम | बहुजन समाज पार्टी |
| गंगा सिंह | अलहिंद पार्टी |
| नगेंद्र कुमार | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी |
| बृजबिहारी | राष्ट्रवादी भारत पार्टी |
| प्रेमलता वर्मा | निर्दलीय |
| दलसिंह | निर्दलीय |
| धर्मेंद | निर्दलीय |
| चंद्रभान | निर्दलीय |
| ब्रजमोहन | निर्दलीय |

## ...सियासी करवट

### हैट्रिक बनेगी हार की और जीत की भी

लोकसभा चुनाव में सत्ता किसके हाथ से खिसक जाएगी और किसके साथ गलबहियां करेगी, यह तो चुनाव नतीजों के बाद ही पता चलेगा। वैसे जिस तरह कौन प्रधानमंत्री बनेगा और कौन नहीं बनेगा, इसे लेकर राजनीतिक दल अटकलोंकी बाजीगरी कर रहे हैं, उस पर आम मतदाता मुस्कुरा ही सकता है। हैट्रिक बनेगी दोनों तरफ। वह हार की भी हो सकती है और जीतकी भी। तीन चरणों के मतदान में मतदाता ने किस दल पर कितना विश्वास किया है, यह वही जानता है लेकिन जिस तरह पक्ष और विपक्ष अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, वह भी किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। चुनाव दरअसल रणनीति की सफलता और विफलता का खेल है। यहां जो जीता, वही सिकंदर। राजनीतिक दलों की कौनसी बात कब जनता को चुभ जाए और किस बात पर जनता रीझ जाए, यह पूरी तरह देश, काल और परिस्थिति पर निर्भर करता है। राजनीति में सभी शुभेच्छु ही हों या सभी विरोधी ही हों, ऐसा भी नहीं है। घर का एक भेदी भी विनाश का सबब बन सकता है। यहां तो सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के इधर से उधर जाने का सिलसिला सा चल पड़ा है। बड़े-बुजुर्ग अक्सर कहते रहे हैं कि नादान दोस्त से दानेदार दुश्मन सौ गुना अच्छा होता है। जिस दल में दोस्त ही काम बिगाड़ने वाले हों, उसके अपने ही दीपक उसे खाक करने को आमादा हों, वह दूसरों पर अंगुली उठाने की हिमाकत कैसे कर सकता है? सैम पित्रोदा, अधीर रंजन के बाद अब मणिशंकर अय्यर ने जिस तरह की बयानबाजी की है, उससे प्रधानमंत्री की कुर्सी अपने पक्ष में आती देख रही कांग्रेस के कसबल ढीले पड़ गए हैं। उसकी स्थिति भई गति सांप छछूंदर केरी, उगलत लीलत प्रीत घनेरी वाली हो गई है। मजबूरन उसे अपना बचाव करनापड़ रहा है। उसकी एक नेत्री का सवाल यह है कि चुनाव भारत में हो रहा है तो पाकिस्तान की बात क्यों की जा रही है। हाल ही में रूस ने आरोप लगाया था कि अमेरिका भारतके लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि अमेरिका ने इसका खंडन किया है लेकिन रूस को यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी अमेरिका ने उस पर अमेरिका के चुनाव में हस्तक्षेप करने और डोनाल्ड ट्रंप की मदद करने का आरोप लगाया था तब रूसको सफाई देनी पड़ी थी। वैसे इन दिनों जिस तरह पाकिस्तान का राहुल प्रेम उमड़ रहा है, वह कम हैरतअंगेज नहीं है। कोई अगर सरकार को पाकिस्तान के परमाणु बमों की याद दिलाए, उससे अमृतसर तक के विकिरण प्रभावित होने का खौफ पैदा करे, कोई कहे कि पाकिस्तान के लोगों ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं, वह भी वीर देश है तो इस पर केद्र सरकार को प्रतिक्रिया तो देनी ही चाहिए। ऐसे में अगर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पाक अधिकृत कश्मीर की एक-एक इंच जमीन भारत की बता रहे हैं तो इसमें गलत क्या है। चीन ने भारतकी जमीन कब कब्जाई, किन परिस्थितियों में कब्जाई लेकिन जब इसकी जिम्मेदारी की ठीकरा मौजूदा सरकार पर फोड़ा जाएगा तो उसे भी अपना पक्ष रखने का हक है। ऐसे में यह कहना कि चुनाव के बीच पाक की बात क्यों की जा रही है, यह शत्रु देश की तरफदारी नहीं तो और क्या है?


सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### पूरे देश में नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के पक्ष में लहर : तेजस्वी सूर्या

**लखनऊ।** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि दक्षिण से लेकर उत्तर तथा पूर्व से पश्चिम तक पूरे देश में नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के पक्ष में लहर है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत सहित अधिकांश प्रदेशों में कांग्रेस चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुकी है। राहुल गांधी से ही मैदान छोडकर भागने का कल्चर शुरू हुआ है जिससे उनके प्रत्याशी तक भाग जाते हैं। राहुल गांधी अमेठी से भाग चुके हैं और मजबूरी में रायबरेली से चुनाव लड़ कर रहे हैं। एक ओर जनता अर्थात मोदी का परिवार चुनाव लड़ रहा है। दूसरी तरफ कुछ राजनैतिक परिवार अपने परिवार की खानदानी सीट को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। पूरी सपा हसबैंड-वाइफ को चुनाव जिताने के लिए जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि कन्नौज हो या मैनपुरी हसबैंड वाइफ लखनऊ में ही रहेगें, दिल्ली नहीं जाने वाले है। जनता रायबरेली, कन्नौज, मैनपुरी सहित सभी सीटों पर सपा कांग्रेस को हराकर घर बैठाने का काम करेंगी। पूरे देश में भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में अपार जनसमर्थन है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है और मोदी तीसरी बार जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजयुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि प्रियंका वाड्रा बेरोजगारी को लेकर प्रश्न उठा रही हैं लेकिन ये आरोप कांग्रेस के हर आरोप की तरह वास्तविकता से दूर है। उन्होंने कहा कि देश में शहरी बेरोजगारी की दर पिछले 7 सालों में 6 प्रतिशत से घट कर 3 प्रतिशत तथा ग्रामीण बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत हो गई है। देश में 25 करोड़ लोग पिछले 10 सालों में गरीबी रेखा से ऊपर आये है। पिछले दस साल में मोदी जी के नेतृत्व में बेरोजगारी घटी है। सबसे कम बेरोजगारी दर आज भारत में है। इसके पीछे मोदी जी के दस साल के प्रयास हैं। प्रियंका गांधी वास्तविक स्थिति से हटकर देश में भ्रम फैलाने का काम कर रही हैं।



# बसपा के मूल वोटरों में सेंध मारने की जुगत में सपा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तीसरे चरण का चुनाव निपटते ही अखिलेश के बसपा के प्रति तेवर तल्ख हो गए हैं। गुरुवार को उन्होंने बहराइच की जनसभा में भाजपा बसपा के बीच मिलीभगत बताते हुए उस पर निशाना साधा। सपा की इस मुहिम को कांग्रेस का भी साथ मिला हुआ है।

अब तक भाजपा पर हमलावर रहे अखिलेश यादव अचानक से बहुजन समाज पार्टी पर आक्रामक हो गए हैं। जो बातें इशारों-इशारों में पहले कही जातीं थीं, अब खुल कर भाजपा बसपा की मिलीभगत की बात की जाने लगी है। इसका मकसद बसपा के मूल वोट दलितों में आरक्षण पर खतरे को सामने रख कर उनका पूरा समर्थन अपने पाले में लाने का है। सपा अब बसपा में आकाश आनंद को उनके पदों से हटाने व भाजपा के प्रति नर्मी को सभी सीटों पर होने वाले प्रचार अभियान में प्रचारित करेगी। बसपा के समर्थक वोटर जो भाजपा के साथ जाना नहीं चाहते हैं, उन पर सपा की निगाह है। इसमें दलित मतदातों को संदेश दिया जाएगा, बेहतरी चाहिए तो वह कांग्रेस-सपा के साथ आएं। अब चौथे चरण से लेकर सातवें चरण तक सपा अपनी 42 सीटों पर फोकस कर रही है। बाकी 12 सीटों पर कांग्रेस को सहयोग कर रही है। इनमें सपा के पास जीती सीट केवल आजमगढ़ है और वह भी आम चुनाव के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा के हाथों गंवा चुकी है। अब जबकि चुनाव मध्य यूपी व पूर्वांचल की ओर बढ़ रहा है, सपा ने अपने पीडीए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक में दलित वोटरों पर फोकस बढ़ा दिया है। करीब 30 सीटें ऐसी हैं, जहां दलित वोट 25 प्रतिशत से ज्यादा है। टिकट वितरण में सपा ने सावधानी यह बरती कि उसने गैरयादव पर सबसे ज्यादा फोकस किया। सुरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मेरठ व फैजाबाद में दलित प्रत्याशी दिया। भाजपा के चार सौ पार नारे के बाद सपा कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने इसे संविधान बदलने के खतरे के रूप में देखा और इसे जनता के बीच मुद्दा बनाया। दलितों में यह संदेश दिया गया कि संभव है कि संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने की नौबत आ सकती है। अब सपा ने इसे मुद्दा बना कर बसपा को भाजपा के संग पाले में खड़ा करने की कोशिश की है। वैसे सपा ने पासी आदि दलित जातियों को साधने के लिए पहले से जतन किए हैं। पर अब बसपा के मूल वोटर जाटव बिरादरी को समझाया जा रहा है कि संविधान बदलने के खतरे को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ आना जरूरी है। इसके लिए पूर्व में घोषित बसपा के सवर्ण प्रत्याशियों को हटा कर ओबीसी व मुस्लिम प्रत्याशी उतारने का उदाहरण भी दिया जा रहा है। असल में जब जौनपुर में बसपा प्रत्याशी (पूर्व सांसद धनजंय सिंह की पत्नी) का टिकट वापस हुआ तो अचानक से अखिलेश ने बसपा पर करारा हमला बोला। अखिलेश ने बसपा को एक भी सीट न मिलने की बात कर दी है। इसके जरिए वह दलित वोटरों को संदेश दे रहे हैं कि बसपा को वोट करना उसे खराब करना है।

- **भाजपा पर हमलावर रहे अखिलेश के अब बसपा के प्रति तेवर तल्ख**





### सपा का छह चुनाव में स्थिति

| चुनाव | सीटें | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| विस 2022 | 111 | 32.08 |
| लोस 2019 | 5 | 18.11 |
| विस 2017 | 47 | 21.82 |
| लोस 2014 | 5 | 20.20 |
| विस 2012 | 224 | 29.15 |
| लोस 2009 | 23 | 23.26 |

# चौथे चरण में अखिलेश, टेनी व साक्षी महाराज की प्रतिष्ठा दांव पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से 26 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौथे चरण के लिए 13 सीटों पर मुकाबला तेज हो गया है। इनमें शाहजहांपुर, खीरी, दौराला, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराईच शामिल हैं। चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा। इस चरण में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, अजय मिश्रा टेनी और साक्षी महाराज जैसे कई प्रमुख नेता शामिल हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इन 13 सीटों में से 12 पर जीत हासिल की। इस बार फिर भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में है।

### किस सीट पर किससे किसका मुकाबला

**खीरी लोकसभा सीट**

भाजपा ने इस सीट से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी को अपना उम्मीदवार बनाया है। अजय मिश्रा पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं और इस बार उनका लक्ष्य हैट्रिक बनाना है। वहीं, सपा की ओर से उत्कर्ष वर्मा इसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। टेनी के बेटे पर कथित तौर पर किसानों को जीप से कुचलने का आरोप लगाया गया है।

**शाहजहांपुर लोकसभा सीट**

यहां से बीजेपी के अरुण कुमार सागर का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी की ज्योत्सना गोंड से है, जबकि इस सीट से बसपा के डोड राम वर्मा ताल चुनाव लड़ रहे हैं।

**उन्नाव लोकसभा सीट**

यहां बीजेपी ने साक्षी महाराज को उम्मीदवार बनाया है, जो पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं। वहीं अनु टंडन समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ रही हैं। अनु टंडन ने 2009 में कांग्रेस को जीत दिलाई थी। बसपा ने अशोक पांडे को टिकट दिया है।



**कन्नौज लोकसभा सीट**

इस बार खास तौर पर इस सीट की लड़ाई दिलचस्प है। यह सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। 2019 में भाजपा के सांसद सुब्रत पाठक ने यहां डिंपल यादव को हराया था, लेकिन इस बार उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से है।

**कानपुर लोकसभा सीट**

इस सीट से भाजपा ने रमेश अवस्थी के खिलाफ सांसद सत्यदेव पचौरी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस के आलोक मिश्रा से है। बसपा ने कुलदीप भारद्वाज को उम्मीदवार बनाया है।

**धौरेहरा लोकसभा सीट**

यहां से भाजपा ने दो बार की सांसद रेखा वर्मा को उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी से आनंद भारद्वाज और बसपा से श्याम किशोर अवस्थी मैदान में हैं।

**सीतापुर लोकसभा सीट**

कभी इस सीट पर बसपा का मजबूत प्रभाव माना जाता था लेकिन पिछले दो चुनाव में भाजपा के राजेश वर्मा लगातार जीतते रहे हैं। भाजपा ने राजेश वर्मा को फिर से मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला सपा के राकेश राठौड़ से होगा। बसपा से महेंद्र सिंह यादव मैदान में हैं।

**हरदोई लोकसभा सीट**

पिछले दो बार से यह सीट लगातार भाजपा के कब्जे में रही है। भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद जय प्रकाश को मैदान में उतारा है। सपा से पूर्व सांसद उषा वर्मा चुनाव लड़ रही हैं, जबकि बसपा ने भीमराव अंबेडकर को उम्मीदवार बनाया है।

**फरुर्खाबाद लोकसभा सीट**

इस सीट पर भाजपा के मुकेश राजपूत का लक्ष्य लगातार तीसरी बार जीतना है, जबकि सपा के नवल किशोर शाक्य चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने यहां से क्रांति पांडे को मैदान में उतारा है।

**इटावा लोकसभा सीट**

यह सीट सपा का गढ़ माना जाता है, यहां भाजपा के दो बार के सांसद राम शंकर कठेरिया का मुकाबला सपा के जितेंद्र दोहरे और बसपा की सारिका सिंह बघेल से होने जा रहा है।

**अकबरपुर लोकसभा सीट**

इस सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद देवेंद्र सिंह भोले का लक्ष्य सपा के पूर्व सांसद राजाराम पाल और बसपा के राजेश द्विवेदी के खिलाफ तीसरी बार जीत हासिल करना है।

**मिश्रिख लोकसभा सीट**

इस सीट पर बीजेपी पिछले दो बार से जीत रही है, वहां भाजपा ने डा. अशोक रावत को इंडिया अलायंस की संगीता राजवंशी और बसपा के बीआर अहिरवार के खिलाफ नामांकित किया है।

## चुनावी किस्से

### जब चुनावी खर्च के लिए चंदा मांगते थे नेता

बात साल 1967 की है। उस वक्त हुए लोकसभा चुनाव में मलयपुर बस्ती स्थित चौहानगढ़ विद्यालय में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के मधु लिमये के भाषण ने लोगों को झकझोर कर रख दिया था। तब भाषण की समाप्ति के बाद लोगों से चुनावी खर्च के लिए एक-दो रुपये मांगे जाते थे। इसकी घोषणा मंच से बड़े नेता करते थे। मधु लिमये द्वारा दान का आह्वान करने पर कार्यकर्ता गले में गमछा लटकाकर लोगों के बीच घूमने लगते थे, कोई चवन्नी तो कोई अठन्नी झोली में डालता जाता था। उस दौरान चुनाव प्रचार को स्मरण करते हुए मलयपुर निवासी 71 वर्षीय देवेंद्र सिंह बताते हैं कि कार्यकर्ता भी टिन को गोलकर उसमें बोल-बोलकर प्रचार करते थे। जिस गांव में जाते थे, वहीं के लोग खाना-नाश्ते की व्यवस्था कर देते। उस समय इतना मन भेद नहीं था। उन्होंने बताया कि गुगुलडीह केवाल गांव के महेंद्र सिंह कांग्रेस पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता थे। बावजूद, मधु लिमये के कार्यकर्ताओ के खाने-पीने की व्यवस्था भी वही कर देते थे। आदर-सत्कार से खाना खिलाते थे। गांव के मुखिया से चंदा में मिले अनाज से ही पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओ का खाना बनता था। प्रचार के दौरान गांव वाले चूड़ा-गुड़, मूढ़ी आदि खिलाते थे।

**मकई और लाल टमाटर ही खा गए नेता जी :** देवेंद्र सिंह कहते हैं कि उस दौरान श्याम प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बरहट के जंगल स्थित गुरमाहा गांव गए थे। वहां जबरदस्त भूख लग गई थी। आदिवासी समुदाय के लोगों ने एक टोकरी मकई और लाल टमाटर रख दिए। लोगों ने बड़े चाव से उसे खाया। वह बताते हैं कि उस समय जात-पात की राजनीति नहीं थी। लोग विचारधारा से जुड़ते थे। राजनीतिक द्वेष नहीं होता था। चुनाव में अधिकतम तीन-चार हजार रुपये खर्च होते थे। हालांकि, उस समय चावल भी 40 पैसे मन, यानी एक रुपये क्विंटल ही मिलता था। पोलिंग एजेंट को बूथ का खर्च नहीं मिलता था।

# नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री, नहीं राजा हैं : राहुल गांधी

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन को किया सम्बोधित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय की क्रांति का आगाज करने आये हजारों लोगों से कहा कि आप सब यहां मेरी बात सुनने के लिए आये हैं। इसके लिए मैं दिल से आप सबका सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि अब इस संविधान पर आक्रमण हो रहा है। मोदी कहते हैं मैं इस संविधान को रद्द नहीं करना चाहता हूं, जब आप सीबीआई और ईडी को लेकर राजनीति और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हो तो आप संविधान पर हमला कर रहे हो। जब आप बिना किसी से पूछे नोटबंदी करते हो और करोड़ों आदिवासी, दलितों, पिछड़ों के हकों पर हमला करते हो तो संविधान पर हमला करते हो, जब आप सभी संस्थानों में आरएसएस के लोग भरते हो तो संविधान पर हमला करते हो, जब आप अग्निवीर योजना बिना सेना से पूछे लागू करते हो तो संविधान पर हमला करते हो।

- **कहा, भाजपा के सारे नेता आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं और मेरे रहते यह मैं होने नहीं दूंगा**

मोदी राजा हैं, मैं सच बोल रहा हूं, उन्हें संविधान से कुछ लेना देना नहीं, उन्हें कैबिनेट से कोई लेना देना नहीं, उन्हें पार्लियामेंट से कोई लेना देना नहीं। वह तो 21वीं सदी के राजा हैं, वह एक अहंकारी राजा हैं। उनके जो दो से तीन फायनेंसर हैं, वही टैंपो वाले असलियत में राजा वही है, असलियत में पावर उनके पास है मोदी जी के पास नहीं। अब इनका लक्ष्य है कि पब्लिक सेक्टर को समाप्त करो और जो दलितों, पिछड़ों के आदिवासियों की तरक्की के रास्ते हैं उन्हें एक-एक करके बंद करो। अब इनके सारे नेता खुलकर कह रहे हैं कि आरक्षण को खत्म कर देंगे और मैं खुल कर कह रहा हूं कि आप आरक्षण को कभी खत्म नहीं कर पाओगे, क्योंकि आरक्षण 95 प्रतिशत लोगों की आवाज है। यह लोग आरक्षण पर आक्रमण, संविधान पर आक्रमण, आर्मी पर आक्रमण, आर्थिक तंत्र पर आक्रमण कर रहें हैं क्योंकि इनके पीछे धन है अरबों रुपये है। मोदी परेशानी में हैं बौखला गये हैं और अडानी और अंबानी का नाम ले रहे हैं कह रहे हैं कि आओ-आओ मुझे बचाओ। देश के लोग तो आरक्षण की बात कर रहे हैं, संविधान की बात कर रहे हैं आओ मुझे बचाओ। उन्होंने कहा कि मैंने हजारों किलोमीटर की पदयात्रा करके लोगों की वेदना और पीड़ा को समझा और महसूस किया। उस यात्रा के बाद मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया है। मैं अब लोगों के दर्द और मर्म को महसूस कर सकता हूं, और ना सिर्फ उनके दुख दर्द में खड़े होने की कोशिश करता हूं बल्कि उनका समाधान भी करने की कोशिश करता हूं। राहुल गांधी ने कहा कि ईडी ने मुझसे 50 घंटे से अधिक पूछताछ की। ईडी के लोगों को मैंने कहा कि मैं यहां तुम्हारे बुलाने पर नहीं आया हूं, मैं यहां खुद आया हूं, और सिर्फ यह जानने आया हूं कि संविधान को खत्म करने की कोशिश कौन कर रहा है। ईडी जहां पूछताछ कर रही थी वहां एक छोटी सी जेल भी थी। मैंने सोचा कि मेरे पूर्वजों ने यहां 10-12 साल अंग्रेजों की जेल में बितायें हैं मुझे भी यहां 10-12 साल रहना पड़े तो भी मैं यह लड़ाई जारी रखूंगा। अब चुनाव हो रहा है नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन रहे है। यह लिखकर ले लीजिए वह 180 सीटें भी नहीं लेकर आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री से किसी भी मंच पर डिबेट को तैयार हूं लेकिन मैं जानता हूं कि प्रधानमंत्री डिबेट नहीं करेंगे, और इसके लिए हमारे खरगे भी तैयार हैं।



हिन्दुस्तान में बहुत सारे आंदोलन हुए मगर पिछले तीन हजार सालों में सबसे सफलतम मूवमेंट है। भारत का संविधान और यह संविधान अम्बेडकर ने दिया, गांधी ने दिया मगर यह एक सोच है। यह अम्बेडकर से पहले भी था इसमें बुद्ध भी हैं, बसावना भी हैं इसमें पेरीयार हैं, इसमें गांधी हैं और इसमें सिर्फ वह ही नहीं हैं बहुत सारे ऐसे भी लोग भी जिनके नाम किसी ने सुने भी नहीं वह इसी संविधान के लिए लड़े थे। संविधान की इस लड़ाई में किसान थे, मजदूर थे, बढ़ई थे कई लोग थे जो संविधान के लिए लडे.लेकिन हम उनका नाम तक नहीं जानते मगर उनकी सोच इस संविधान में है। तो भी मेरा कहना है कि हिन्दुस्तान मे अन्याय की सच्चाई को जो स्वीकारता है उसकी सोच इस संविधान में है और इसने करोड़ों लोगों के लिए दरवाजे खोले हैं।

## संक्षेप

### वांछित धराये, गये जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियो को शुक्रवार को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच मिश्राइनपुर गांव के आपराधिक मामले में वांछित आरोपी रामआसरे, राजाराम, राजकली, मिथलेश, चंद्रकली, इसराजी व राजकुमारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### मुशायरा आज

प्रतापगढ़। सावित्री शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति का तेईसवां राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आज शनिवार की शाम सात बजे से हंडौर गांव के आंचल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक अनूप त्रिपाठी ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में हास्य विधा के बिहारी लाल अंबर, बनारस की विभा शुक्ला, अभिजीत त्रिपाठी, शायर इमरान बनारसी, चंद्रप्रकाश मंजुल, सुरेश नवीन, खलील फरीदी, इं चंद्रकांत त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह विकट, रामबदन पथिक जैसे नामचीन कवियों व शायरो का मंचीय जमघट होगा।

### ट्रैक्टर ट्राली से महिला की मौत, बेटा घायल

चकरनगर, इटावा। एमपी के एक स्कूटी सवार मां बेटा को ओवरलोड ईंट भरे अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे आनन-फानन में एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, यहां डाक्टरों की टीम ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घायल बेटा को भी उपचार के लिए जिला अस्पताल पर भर्ती कराया गया। मध्य प्रदेश के जनपद भिंड के गांव डिडी निवासी मीनेष देवी 40 पत्नी सोनवीर सिंह अपने बेटा कुलदीप के साथ शुक्रवार दोपहर समय करीब एक बजे चकरनगर से सिंडौस सड़क मार्ग पर फायर स्टेशन के पास से स्कूटी से जा रहीं थी। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक ओवरलोड़ ईंट भरे ट्रेक्टर ट्राली ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से मां गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस गंभीर रूप से घायल महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, यहां महिला को डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल बेटा का जिला अस्पताल में उपचार जारी बताया गया। प्रभारी निरीक्षक चकरनगर संतोष कुमार कुशवाहा ने बताया सड़क हादसे में घायल महिला की मृत्यु हो गई है, जबकि बेटे का उपचार जारी है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हम सब मिलकर देश को मजबूत बनाएंगे: कठेरिया

इटावा। 41 लोकसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर आ गया है इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में झोंक दी है। इसी क्रम में जहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे गांव गांव व शहर में व्यापक दौरे कर रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रोफेसर रामशंकर कठेरिया शुक्रवार को इटावा के विभिन्न मोहल्ले में जाकर जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्थन में वोट मांगा। नुक्कड़ सभाओं में शिवाकांत चैधरी, हर्षनगर सभासद, जितेंद्र गौड़, रविंद्र सक्सेना, मोहन पंडित, राधेश्याम शर्मा, अभय यादव बादशाह, पप्पन तिवारी, छोटू सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### विद्युत सप्लाई आज दिनभर रहेगी बंद

जसवंतनगर, इटावा। विजली विभाग के उपखण्ड अधिकारी एके सिंह ने बताया था कि शुक्रवार 10 मई को जो मशीनें बदलने के साथ अनुरक्षण कार्य होना था वह 11 मई दिन शनिवार को सुबह जसवन्तनगर से बलरई, जुगौरा, सिरसा बीबामऊ फीडरों को जाने वाली विजली सप्लाई सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक अनुरक्षण कार्य के साथ साथ बलरई फीडर पर नई मशीनें लगाने का कार्य अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार की देख रेख में कराया जाएगा अतः उक्त समयावधि में विजली सप्लाई पूर्णतयाः बंद रहेगी। उन्होंने स्वयं व उनके अधीनस्थ अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने 10 मई शुक्रवार की सुबह बताया कि मशीनरी व उपकरण की समुचित अनुपलब्धता के कारण उक्त अनुरक्षण कार्य 11 मई दिन शनिवार को कराया जाएगा इस कारण शनिवार के दिन उक्त क्षेत्र में विद्युत सप्लाई वाधित रहेगी।

# उफ ये गर्मी: फ्रीजरों के भी सूखे हलक

## शीतल पेयजल फ्रीजरों के बावजूद भी नगरवासी राहगीर पानी को तरसे

जिला संवाददाता (vol)



मीरगंज-बरेली। अभी तो मई है जनाब जून की तपिश अभी बाकी है। चिलचिलाती धूप और बढ़ती तपिश परवान चढ़ रही है जिले के नगर पंचायत मीरगंज में तमाम जगहों पर शुद्ध और शीतल पेयजल फ्रीजर लगे हैं। भीषण तापमान में लाखों रुपयों के खर्चे से लगाये गये फ्रीजरों के हलक भी सूखने लगे हैं। आम राहगीरों व नगर वासियों को शीतल पेयजल नसीब नहीं हो रहा। लोग विशुद्ध व गन्दा पानी पीने को मजबूर हो गये हैं। लेकिन नगर पंचायत की कुंभ करणी नींद तो देखिये महीनों से खराब पड़े फ्रीजरों को ठीक कराने के लिए खुल ही नहीं रही है।

नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कस्बा मीरगंज में प्रमुख धार्मिक स्थलों, तहसील कार्यालय आदि जगहों पर एक वर्ष के अंतराल में 20 स्थानों पर शुद्ध और शीतल पेयजल के लिए फ्रीजर लगवाये गये। जिनकी लागत खर्च तीन लाख 23 हजार रुपए आई। जिनमें से तमाम जगहों पर तो कई माह से फ्रीजरों के हलक सूखे पड़े हैं। नगर प्रशासन की अनदेखी के चलते कई फ्रीजरों की टोंटियां ही गायब हैं। ये फ्रीजर वर्तमान में सफेद हाथी के समान खड़े रहकर मूंह चिढ़ा रहे हैं। जिससे आम राहगीरों और नगर वासियों को शुद्ध शीतल पेयजल नसीब ही नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण करने पर पता चला कि मोहल्ला रतनपुरी में शिव मंदिर के करीब फ्रीजर खराब हालत में सूखा पड़ा है। यहां के रहने वाले लक्ष्मन स्वरूप शर्मा व श्यामाचरन ने बताया कि यह फ्रीजर तो विगत तीन माह पहले से ही खराब है और पानी ही नहीं उगलता है। मजबूरन लोगों को घरों में लगे नलों का कच्चा पानी पीना पड़ रहा है। इसी तरह से मोहल्ला राजेंद्र नगर की वाल्मीकि वस्ती में बाबा अम्बेडकर पार्क में लगे फ्रीजर की हकीकत भी ऐसी ही निकली। और तहसील कार्यालय के ठीक समीप संत मंगलपुरी मढ़ी सत्याना हनुमान मंदिर के सामने लगे फ्रीजर का भी कई महीनों से यही हाल है यहां तक कि टोंटी भी गायब मिली। यहां के बाबा पप्पू गिरि ने बताया कि पांच छह माह से यह फ्रीजर पूरी तरह से ठप्प पड़ा हुआ है। और किसी ने इसे ठीक करने की सुध तक नहीं ली है। इसके अलावा कस्बे की टीचर कॉलौनी में भी नवग्रह शनिदेव मंदिर परिसर में लगे फ्रीजर का तो जल शुद्ध करने वाले फिल्टर ही महीनों पूर्व से खराब पड़े हैं। इसी तरह तहसील परिसर हो या फिर अन्य जगहों पर सभी में पानी केवल टपकने के समान ही मिल पा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है इन खराब फ्रीजरों को ठीक कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन मौन क्यों साधे हुए है।

नगर पंचायत मीरगंज के अधिशासी अधिकारी संदीप चन्द्रा से नगर में खराब पड़े फ्रीजरों के बारे में जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर में फ्रीजर कब लगे हैं और कहां खराब हैं। नगर पंचायत के बाबू से पूछकर उन्हें ठीक कराया जायेगा। जिससे जनता को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। यहां के नगर वासियों ने कई बार मौखिक शिकायत नगर पंचायत में जाकर की परंतु अब तक उन फ्रीजर पर ध्यान नहीं दिया गया और ना ही उनको चलवाया गया इससे पानी के पीने की समस्या आम लोगों के लिए बनी हुई है।

### तृतीया पर्व पर गन्ने का रस वितरण कर मनाया

जसवन्तनगर, इटावा। शुक्रवार के दिन अक्षय तृतीया पर्व पर गन्ने का रस वितरण कर तीर्थंकर आदिनाथ की पूजा कर मनाया गया। नगर के श्री पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन एव महावीर दिगम्बर जैन मंदिर लुधपुरा में आदिनाथ भगवान की पूजा की गई। सृष्टि निमार्ता आदिनाथ भगवान मुनि अवस्था मे एक वर्ष की तपस्या कर आहार को निकले तो उनका प्रथम पारणा गन्ने के रस का हस्तिनापुर नगरी में राजा श्रेयांस के यहाँ हुआ था। उसी दिन की तिथि वैसाख शुक्ल तृतीया के दिन से हर वर्ष अक्षय तृतीया पर्व सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनाया जाने लगा इस अवसर पर जैन मंदिर में इच्छुक रस वितरण के साथ शाम के समय आरती भक्ति उपरांत भगवान आदिनाथ के जीवन से सम्बंधित प्रश्न प्रतियोगिता सपंन्न हुई। जसवंतनगर में जैन धर्मावलम्बियों ने गन्ने के रस निकलवा कर घरों में भिजवाया।

# 1418 विद्यालयों में बाल संसद सम्पन्न



**बलरामपुर** । मतदान प्रतिशत बढ़ाने को डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 1814 विद्यालय में बाल- कार्यक्रम के माध्यम से 78 हजार लोगों ने मतदान करने की ली शपथ लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने को डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के 1814 परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा क्षेत्र के अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए बाल संसद का गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य दो उदेश्य थे जिसमे पहला बाल-संसद कार्यक्रम के जरिए हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का हिस्सा बनने के साथ-साथ प्रजातंत्र के मूल्यों और नेतृत्व के गुणों को सीखने का अवसर मिलेगा और साथ ही सामाजिक एवं भावनात्मक विकास में भी मदद मिलेगी तथा बच्चों, अभिभावक एवं समुदाय का विद्यालय के प्रति अत्यधिक जुड़ाव भी बढ़ेगा। नये शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में बच्चों के अन्दर उमंग, उत्साह एंव जोश का संचार होगा एवं दूसरा बाल-संसद गठन की प्रक्रिया समापन के दिन पर विद्यालय द्वारा अभिभावकों, एसएमसी और समुदाय के लोगों को आमंत्रित कर लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 20 और 25 मई 2024 के दिन मतदान करने हेतु जागरूक कर शपथ ग्रहण कराना है। बाल संसद के पहले चरण में विद्यालयों के अध्यापकों ने छात्रों को बाल संसद गठन कार्यक्रम को विस्तार से समझाया और छात्रों को नामांकन के लिए प्रोत्साहित किया। दुसरे चरण में शिक्षकों ने छात्रों को कार्यक्रम के प्रति उत्साहित किया, चुनाव चिन्ह, प्रचार प्रसार तथा समुदाय के लिए आमंत्रण पत्र भेज कर आमंत्रित किया। तीसरा और मुख्य चरण में बाल संसद में वोटिंग प्रक्रिया, मतगणना और जीतने वाले प्रत्याशियों को सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, स्कूल के स्टाफ, एसएमसी सदस्य, प्रधान, आगनवाड़ी कर्मी, एसएचजी, और समुदाय के अन्य सदस्यों के सामने शपथ ग्रहण कराया गया। इससे, बच्चों में लोकतंत्र के लिए बाल तंत्र का उद्देश्य, बच्चों की नेतृत्व क्षमता और अभिमुखता की कुशलता विकसित होने के साथ-साथ, सामुदायिक सहभागिता और विद्यालय में सामुदायिक मूल्यों का प्रोत्साहन किया गया। बाल संसद के माध्यम से दो लाख से अधिक परिवारों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और 78 हजार लोगों को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण करवाई गई जिससे जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा।

# डीएम ने की प्रत्याशियों के साथ बैठक



बलरामपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु प्रत्याशियों के साथ डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय की दी विस्तृत जानकारी लोकसभा संसदीय सीट श्रावस्ती एवं गैंसडी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, समावेशी ढंग से संपन्न कराए जाने को जिला प्रशासन है प्रतिबद्ध, चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को मिलेगा समान अवसर - डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभन मुक्त, समावेशी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु संसदीय सीट श्रावस्ती एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के साथ डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह, सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार, व्यय प्रेक्षक जी वेंकटेश्वर द्वारा बैठक की गई। बैठक में डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा की चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी नैतिकता एवं अच्छे आचरण के साथ चुनाव लड़ेंगे।

एक दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, स्वतंत्र, समावेशी चुनाव कराने को दृढ़ संकल्पित है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव के दौरान समान अवसर मिलेगा। चुनाव प्रचार के दौरान सभी प्रत्याशी यह भी ध्यान रखेंगे की आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करेंगे, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक द्वारा प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया एवं सी विजील एप, टोल फ्री नंबर 1950 तथा चुनाव से जुड़ी अन्य अहम जानकारियां प्रदान की गई। बैठक में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की सभी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अच्छी तरह से निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, समस्त एसडीम, चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

# संविदा कर्मी लाइनमैन झुलसा, हुई मौत

**जसवंतनगर, इटावा**। क्षेत्र के ग्राम पंचायत धरवार के गाँव झबरापुरा में हाईवे स्थित एक होटल के पीछे बिजली लाइन का सुधार करते समय खंबे पर चढ़े एक संविदा कर्मी लाइनमैन को 11हजार वोल्टेज का करंट लग गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों और विजली कर्मियों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

बलरई क्षेत्र के ग्राम दोदुआ गोपालपुर के रहने वाले 50 वर्षीय पूरन सिंह पुत्र श्रीपाल विजली विभाग में आउटसोर्सिंग पर लाइनमैन पद पर संविदा कर्मी है। वह शुक्रवार सुबह 11 बजे ग्राम झबरापुरा में स्थित ब्रजेंद्र कुमार के ट्यूबवेल पर खिंची हुई खराब लाइन को सुधारने के लिए गया था। बताया गया है कि संविदा कर्मी लाइन मेन पूरन ने उक्त ट्यूबेल की लाइन का शटडाउन लेने के बाद वह पोल पर चढ़ गया लेकिन उस निजी नलकूप की लाइन का गाँव के लिये विजली आपूर्ति करने वाली लाइन से कनेक्शन जुड़ा हुआ बताया गया है जिससे उसे करेंट लगा और लाइन से चिपक कर गंभीर झुलस गया और विजली पोल से नीचे जमीन पर गिर गया। आनन फानन में लाइन पूरन सिंह को गम्भीर झुलसे हुए हालत में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। चर्चा यह भी है कि क्षेत्र में कई विजली फीडरों पर ट्यूबेल की लाइन अलग है जिस पर मात्र6से 8 घंटे विजली आपूर्ति की जाती है और गाँव को मिलने वाली विजली आपूर्ति की लाइन अलग है जिससे 12से 16 घंटे तक विजली आपूर्ति की जाती है लालच बस उक्त निजी नलकूल की लाइन को अतिरिक्त ग्रामीण वाली लाइन से ट्युवेल जोड़ दिया गया था। जिसमें बिजली आ रही होगी और यह हादसा हो गया। घटना की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों समेत उसके अन्य साथी विजली विभाग के कर्मियों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने को मना कर दिया।

# मोदी सरकार का सत्ता से बेदखल होना तय : प्रमोद तिवारी

## अखिलेश यादव के समर्थन में राहुल गांधी के साथ भरी हुंकार को लेकर बेल्हा में समर्थक हुए मगन



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा द्वारा चुनावी चंदे के नाम पर साढे सात हजार करोड रुपए गुण्डा टैक्स की वसूली उजागर हो गयी है। उन्होनें कहा कि ऐसे में बीजेपी नेतृत्व के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी को बिना विलम्ब किये देश के सामने माफी मांगनी चाहिए। उन्होनें दावे के साथ कहा है कि तीन चरणों के चुनाव में यह साफ जाहिर हो गया है कि भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी है और इण्डिया गठबंधन देश को नई सरकार सौपने जा रही है। उन्होनें कहा कि चौथे चरण के चुनाव में अब इण्डिया गठबंधन को लेकर राहुल गांधी तथा अखिलेश यादव की अगुवाई में उत्साह की लहर तूफान बनकर किसानों तथा मजदूरों व युवाओं का अहित करने वाली मोदी सरकार को जड़ से उखाड़ देने का फैसला सुनाने जा रही है। शुक्रवार को विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के द्वारा कन्नौज में राहुल गांधी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव के समर्थन में राहुल गांधी के साथ गठबंधन की रैली साझा करने की जानकारी बेल्हा में कार्यकताओं व समर्थकों को मिली तो वह खुशी से झूम उठे दिखे। कन्नौज में इण्डिया गठबंधन की बड़ी रैली में सोशल मीडिया तथा मीडिया चैनलों पर प्रतापगढ़ खासकर रामपुर खास से उनके नौ बार कांग्रेस से ही लगातार विधायक के रिकार्ड व दूसरी बार राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने को लेकर प्रमोद तिवारी के सियासी कद का गुणगान देख भी कार्यकर्ता व समर्थक खासे उत्साहित देखे गये। स्थानीय लालगंज बाजार समेत तहसील व सांगीपुर तथा अठेहा, उदयपुर, रामपुर आदि जगह राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को अखिलेश यादव के समर्थन में कन्नौज दौरे को लेकर उत्साहित माहौल में देखा गया। कांग्रेस के अलावा सपा कार्यकताओं में भी यह चर्चा दिखी कि क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को रामपुर खास से सपा के द्वारा दिये गये वाक ओवर को लेकर प्रमोद तिवारी ने अखिलेश यादव को लेकर अपना बड़ा फर्ज निभाया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के अखिलेश यादव के समर्थन में हुए दौरे को लेकर सपा एवं इण्डिया गठबंधन कार्यकताओं में शुक्रवार को यह भी उम्मीद और बढ़ी दिखी कि जिले से सपा के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में अब राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी व अखिलेश यादव की जल्द ही संभावित चुनावी रैली पर मुहर लगेगी। प्रमोद तिवारी के सीधे तौर पर अखिलेश यादव के समर्थन में हुंकार भरने से इण्डिया गठबंधन के कार्यकर्ता जिले में डॉ. एसपी सिंह पटेल की चुनावी मजबूती को लेकर भरपूर उत्साह में देखे जा रहे हैं। वहीं कन्नौज में इण्डिया गठबंधन की रैली में जिले का मजबूत प्रतिनिधित्व करते हुए जब प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर कड़वा तंज कसा कि भाजपा यह मुगालफत हटा ले कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव दो लड़कों के रूप में नहीं बल्कि अब देश की जनता के बीच दो महानायकों की पहचान बन गये हैं। प्रमोद तिवारी के इस भाषण पर रैली में उमड़ा जनसमुदाय तो जोश ने आया दिखा ही, मंच पर मौजूद राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी जनता का अभिवादन करने में उत्साहित दिखे।

### क्रांति दिवस पर प्रभात फेरी, शहीद स्मारक पर किया गया ध्वजारोहण



मेरठ। जिला प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को क्रांति दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई जो गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया व उपस्थित जन समूह को शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी द्वारा संग्रहालय में 1857 की क्रांति पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, जॉइंट मजिस्ट्रेट नारायणी, एडीएम सिटी बृजेश कुमार, एडीएम प्रशासन बलराम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, सीएमओ डॉ अखिलेश मोहन, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



प्रतापगढ़। आज अक्षय तृतीया पर श्रीहरि विष्णु जी के छठे अवतार के रूप में पूजनीय पुरुषोत्तम भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय परशुराम सेना के नेतृत्व में कंपनी बाग से सुबह आठ बजे रथ पर भगवान परशुराम की झांकी सजाकर घोड़े पर भगवान परशुराम स्वरूप में डीजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल लोग भगवान के जयकारे के उद्घोष के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा कंपनी बाग से शुरू होकर राजापाल चौराहा, भंगवा चुंगी बलीपुर होते हुए पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते भर में लोगो ने शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा की। ट्रेजरी चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर आरती पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष संजय शुक्ला, राजेश पांडेय, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय, जिला महामंत्री अरुण उपाध्याय, मनीष दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अंकित पाठक, अंकित दुबे, विनय तिवारी मधुकर, आदि शामिल रहे।

### कमांडर अर्जुन को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी श्रद्धांजलि



इटावा। देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक ग्राम लोहियाखुर्द में आयोजित हुए सेनानी मेले में शुक्रवार को गार्ड ऑफ ऑनर देकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कमांडर के लोग के रूप में वक्ताओं ने कमांडर भदौरिया के क्रांतिकारी व्यक्तित्व एवं कृतित्व का भावपूर्ण स्मरण किया। कार्यक्रम में कमांडर साहब के साथी रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के तीन दर्जन से ज्यादा परिजनों एवं फाग गायन कलाकारों का मंच पर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के सुपुत्र सुधींद्र भदौरिया ने कहा कि दो सप्ताह तक चलने वाले इस मेले में कमांडर और उनके साथी रहे तमाम सेनानियों को साहित्यिक, सांस्कृतिक, वैचारिक और खेलकूद आदि के कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धांजलि देते हुए उनके क्रांतिकारी जीवन का स्मरण किया जाएगा, जिससे ऐसा लगे कि लोहिया गांव अमर शहीदों का तीर्थस्थल बन गया है। इसके लिए यहां शैक्षिक प्रसार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जायेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन कर रहे डा. जयचंद्र भदौरिया ने प्रस्तावना के रूप में कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के सम्पूर्ण क्रांतिकारी जीवन पर प्रकाश डाला। खादिम अब्बास, गणेश ज्ञानार्थी व जमील कुरेशी ने भी अपने विचार रखे। सुधीर मिश्र एवं परम सिंह प्रेमी ने देशभक्ति के गीत सुनाए। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व कमांडर के समाधि स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर हुआ तथा वहां स्थापित सेनानियों के चित्रों पर सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, डॉ. अजंट सिंह, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, वीरू भदौरिया, अनिल कुमार, सिपाहीराम यादव, सलीम खान, संजय चैहान, अवधेश सविता, राजवीर सिंह, सिद्धार्थ भदौरिया, गुरु त्रिपाठी ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता ग्राम प्रधान अशोक यादव ने की।

### ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान महिला ने जान दी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के कस्वा बकेवर के अम्बेडकरनगर में ससुरालिजनो के उत्पीड़न और मारपीट करने के चलते अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर पति सहित चार लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

औरैया जनपद के थाना व ग्राम अयाना निवासी मदन गोपाल पुत्र स्व राम स्वरूप ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि उसने 28बर्षीय पुत्री प्रियंका का विवाह बकेवर थाना क्षेत्र के कस्वा बकेवर के अम्बेडकर नगर मुहाल निवासी अयोध्या प्रसाद के पुत्र हरेंद्र कुमार के साथ 8वर्ष पूर्व की थी शादी के कुछ समय बाद सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा पुत्री के दो बच्चे आयुष चार बर्ष व रिया 6बर्ष पैदा हुए करीब दो वर्ष से पति का रवैया पुत्री के प्रति बदल गया उसके किसी महिला से सम्बन्ध हो गए थे जिसके चलते पुत्री जब भी विरोध करती तो पति उसके साथ मार पीट करता था जिसकी जानकारी पुत्री ने पिता को बताई इसी के चलते पिता अपनी पुत्री को अपने साथ घर ले गये थे। मार्च माह में पति अपनी माँ व एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर अपनी ससुराल अयाना पहुँचा जहाँ पंचायत होने के बाद पुत्री को अपने साथ बकेवर अपने घर ले गया। लेकिन इसके बावजूद भी पुत्री के साथ गाली-गलौज और मारपीट की इसी के चलते 8मई को 28बर्षीय पुत्री प्रियंका ने उत्पीड़न के चलते फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर पति हरेन्द्र, ससुर अयोध्या प्रसाद सास जयन्ती देवी निवासीगण अम्बेडकर कस्वा व थाना बकेवर इटावा के अलावा एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध धारा 306 एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने दौरान सूचना पर पश्चिमी तिराहे से पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बकेवर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हे सूचना मिली की दो दिन पूर्व कस्बे में फांसी लगाकर मरी महिला का पति सिक्सलेन नेशनल हाइवे स्थित पश्चिमी तिराहे पर कही जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा है। दौरान सूचना पर एसएसआई हेमन्त सिंह सोलंकी को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा और पश्चिमी तिराहे से शुक्रवार की सुबह हरेन्द्र कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी अम्बेडकर नगर कस्वा व थाना बकेवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

संक्षेप

## न्याय रूपी सम्राज्य के जनक है भगवान परशुराम : प्रांजल त्रिपाठी

गोला, गोरखपुर। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर छोटी अयोध्या उपनगर गोला में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर चर्चा गोष्ठी की आयोजन के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवलस्एकेडमी के डायरेक्टर एवं डा संजय त्रिपाठी के पुत्र प्रांजल त्रिपाठी ने कहा की भगवान परशुराम एक अवतार ही नही बल्कि एक युग की न्यायिक व्यवस्था भी है। जिन्होने सिर्फ शास्त्रार्जून और उसके पुत्रों का ही नही बध किया बल्कि उस युग के अन्याय के जन्म दाताओं का भी सर्वनाश कर न्याय रूप सम्राज्य की स्थापना किया। हमें परशुराम के जीवन से पुत्र और पिता के बीच के आदर्श की महत्ता व समाज में फैली कुरीतियों से लड़ने के शाहस व सौर्य की कला को सिखने की जरूरत है। ताकि हम उनके पदचिन्हों के मार्ग दर्शन को अपने जीवन में उतार कर समाज में फैली तमाम बुराईयों को खत्म करने में सक्षम बन सके। आयोजन शुभारंभ से पूर्व पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी के व संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में आचार्यों ने स्वास्तिनः वाचन आदि श्लोको का मंत्रोच्चार कर भगवान परशुराम के चित्र पर आयोजक व परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष शार्दूल विक्रम तिवारी द्वारा माल्यार्पण पूजन कराने के साथ ही दिप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि डा प्रवीण तिवारी, श्रीशदास, कथा वाचक ब्रम्हानंद शास्त्रात्री आदि ने भी संबोधित कर भगवान परशुराम के जीवन पर वृहद रूप से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य डा विजयानंद तिवारी व संचालन वी एस ए वी डीग्री कालेज के प्राचार्य डा फूलचंद तिवारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन मण्डल के प्रमुख व्यवस्थापक व युवा समाज सेवी शाहिल विक्रम तिवारी ने सभी आगंतुको के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

गोला, गोरखपुर। परशुराम सेवा समिति के तत्वाधान में गोष्ठी आयोजन के उपरांत समिति के सदस्यों एवं नागरिकों द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। और शोभा यात्रा के माध्यम से लोगों को भगवान परशुराम के जीवन चरित्र से रूबरू कराया गया।

शोभा यात्रा समारोह स्थल से निकल कर गोला कौडीराम रोड होते हुए पश्चिमी चौराहे से मार्केट रोड स्थित पीएनवी बैंक के सामने हनुमान मंदिर पर पहुंच कर लोगो ने श्री हनुमान जी का आरती वंदन किया तदुपरांत गौशाला ब्रम्हस्थान सिनेमाहाल रोड होते हुए बाया चौक सराय बेवरी चौराहे से कचहरी चौक होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हो गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान सुबोधकांत शुक्ला, पंडित कृष्णकुमार त्रिपाठी, बेनी माधव तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष संपूणानंद शुक्ल, सत्यव्रत तिवारी, डा अनूप तिवारी, पूर्व जि पं स घनानंद यादव, रणजीत तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा अनिल मिश्रा दुर्गेश पांडेय मनीष त्रिपाठी मनोज दूबे डा राजेन्द्र मिश्र सूरज पाण्डेय अंकित पाण्डेय संजय दूबे परमात्मा त्रिपाठी संगम दूबे अतुल दूबे देवेश शुक्ला शुद्ध शुक्ला सचिन मिश्र रोहित मिश्र पंकज दूबे सुभम मणि राजेश वर्मा रिंकू वर्मा पवन वर्मा राहुल तिवारी विपिन मिश्र आदि सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की समृद्धि की कामना



गोरखपुर। स्वयंसिद्ध मुहूर्तों से सुसंपन्न अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर शुक्रवार प्रातः बेला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सीएम ने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई भी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्षय तृतीया पर्व पर सभी नागरिको को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'सौभाग्य व समृद्धि के पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। त्रिभुवन स्वामी भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख-शांति, संपन्नता व उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।

## सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दीं भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं

गोरखपुर। अक्षय तृतीया के पावन तिथि को ही भगवान परशुराम का अवतरण भी हुआ था। यह तिथि परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश जारी कर कहा, 'भगवान विष्णु के आवेशावतार, भक्ति, शक्ति एवं विद्वता के शाश्वत प्रतीक, भगवान श्री परशुराम की जयंती पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। अपने ज्ञान, शौर्य व तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम को नमन।'

## सीएम योगी को देख झूम उठे महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु, लगा जय श्रीराम का जयकारा

गोरखपुर। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह की नजर जैसे ही गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पड़ी तो समूह में शामिल लोग खुशी से झूम उठे। सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और योगी योगी के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इन श्रद्धालुओं के उत्साह और उल्लास को देखते हुए मुख्यमंत्री उनके पास पहुंचे और अभिवादन कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# छोटी अयोध्या : गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



गोला, गोरखपुर। 'छोटी अयोध्या' के नाम से विख्यात उपनगर गोला के रामजानकी मंदिर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के लिए गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से भव्य कलश यात्रा निकली। कलश पूजन के साथ ही यज्ञ शुरू हुई। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला-पुरूष व युवा श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ ही जय श्रीराम का जयघोष गूंजता रहा। उपनगर के रामलीला मैदान स्थित रामजानकी मंदिर से कलश यात्रा आयोजक महंत राजेन्द्र दास, पुजारी शैलेष दास व अमित दास समेत अन्य संतों-महंतों एवं कथावाचक तथा यजमान गण की अगुवाई में निकली। कलश यात्रा में पीत वस्त्र धारण कर 111 कन्याएं एवं महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। तो गाजे-बाजे के साथ शंख ध्वनि के साथ जय श्रीराम के गगन भेदी जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर बेवरी चौराहा, सराय चौक व चौक बाजार होते हुए सरयू घाट पर पहुची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन कर जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर कलश स्थापना किया गया। कलश यात्रा में कोल्हूखालसा महंत रामकिशोर दास जी महाराज, महंत सुशील दास जी महाराज, सीता शरन दास, यजमान पूर्व चेयरमैन गिरधारी लाल स्वर्णकार, पूर्व सभासद सुदर्शन कसौधन, अशोक वर्मा व गणेश वर्मा व केदारनाथ मिश्रा समेत वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, राकेश यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत तिवारी, मनोज उमर, रमेश तिवारी, पंकज सोनकर, गौतम वर्मा, विनोद जायसवाल, देवेन्द्र पांडेय, गणेश मिश्र, अरूण तिवारी, रिंकू मिश्रा, मुनील सिंह, शेरू जायसवाल, पप्पू कशौधन, राजन वर्मा, द्वारिका दूबे आदि सहित सैकड़ो महिलाए व पुरूष उपस्थित रहे।

## भाजपा की उपलब्धियां को गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं प्रदेश प्रचारक



चौरीचौरा, गोरखपुर। भाजपा के प्रदेश प्रचारक अरविंद सिंह तथा रणविजय सिंह साइकिल यात्रा के माध्यम से प्रदेश के 57 जिलों की 19 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर शुक्रवार को चौरी चौरा पहुंचकर भाजपा के रीतियों नीतियों के संबंध में वृहद रूप से चर्चा किया। तथा उपलब्धियां के बारे में स्थानीय लोगों को बताया। अरविंद सिंह और रणविजय सिंह ने बताया कि 2022 से संत कबीर नगर जिले से साइकिल यात्रा के माध्यम से भाजपा का प्रचार आरंभ किया था। जो अनवरत चल रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने का कार्य हम लोगों के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा के द्वारा गोरखपुर होते हुए बनारस पहुंच कर जन-जन तक भाजपा के कार्यो और उपलब्धियां को बताया जायेगा।

## हम खड़ाऊं रखि के सेवा करतऽ हईं : रविकिशन



गोरखपुर। सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रविकिशन ने भोजपुरी में अपनी बात रखते हुए कहा कि ई मंदिर कऽ सीट ह। हम खड़ाऊं रखि के सेवा करतऽ हईं। 2019 में इहो कहलीं अउर अजुओ इहे कहतऽ हईं। सेवक रहलीं और सेवकऽ ही रहब। हमरे साथे महराज जी (सीएम योगी) कऽ आशीरबाद बा अउर हम्मे का चाहीं। उन्होंने कहा कि जनता के एक-एक वोट से देश-प्रदेश में मोदी-योगी की जोड़ी ने रामराज की स्थापना कर दी है। जनसभा में प्रमुख रूप से भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष युधिष्ठि सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लोकसभा प्रमारी जनार्दन, कुशीनगर के सांसद विजय दूबे, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी सीपी चंद, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल, अंजू चौधरी, विनोद पांडेय, जीएम सिंह, सत्येंद्र सिन्हा, विश्वजिताशु सिंह, पुष्पदंत जैन, रमाकांत निषाद, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास समेत भाजपा और सहयोगी दलों के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की माजूदगी रही।

## विपक्षी दलों के कई दिग्गजों ने सीएम के समक्ष ली बीजेपी की सदस्यता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष विपक्षी दलों के कई दिग्गजों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन नेताओं में सबसे प्रमुख नाम सपा और बसपा में लंबे समय तक रहे और बसपा के टिकट पर लोकसभा कुशीनगर से चुनाव लड़ चुके नथुनी प्रसाद कुशवाहा का रहा। वह अपने कई समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा कांग्रेस नेता और 2017 के विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राणा राहुल सिंह, पार्षद अजय यादव समेत बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेता सीएम के सामने भाजपा में शामिल हुए।

## एसडी कांवेंट स्कूल के 9 बच्चों का हुआ चयन



जसवंतनगर, इटावा। श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। एसडी कांवेंट पब्लिक स्कूल में पढने वाले कक्षा नौ व छह में प्रवेश के लिए 9 बच्चों का चयन हुआ है। जिस पर स्कूल में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर प्रवेश पाने वाले सफल बच्चों को सम्मानित किया गया। नगर से बलरई मार्ग पर स्थित एसडी कांवेंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ठा. रामानन्द सिंह चैहान ने बताया कि पिछले कुछ माह पूर्व अटल आवासीय विद्यालय के लिए कानपुर मंडल स्तरीय जनपद में प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई थी। जिसमें कक्षा छह और कक्षा नौ के लिए विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसका परिणाम घोषित हुआ। इस प्रवेश परीक्षा में एसडी कांवेंट विद्यालय से 9 बच्चों ने उक्त परीक्षा में प्रतिभाग किया था। जिस में कक्षा छह में पलक, मीनाक्षी, नंदिनी, श्रेया, प्रतीक, वीर बहादुर, मयंक और कक्षा 9 में देवेश आदित्य ने सफलता हासिल की है। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक अर्चना सिंह चैहान और डायरेक्टर आदित्य चैहान समेत प्रधानाचार्य ठा.रामानंद सिंह चैहान आदि ने सफल विद्यार्थियों उत्साहवर्धन कर विद्यालय की ओर से फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मालूम हो कि अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ रहने की भी सुविधा मिलती है। इस दौरान उप प्रधानाचार्य राममोहन शर्मा, यदुवीर सिंह, विवेक परिहार, डॉक्टर काजल चैहान, नरसिंह चैहान, लक्ष्मी तोमर, शिखा राजावत, शिवानी तोमर, मूलचंद राजपूत, ममता शर्मा, सुनीता तोमर, एकता, प्रीति, साक्षी पांडे समेत बच्चों के अभिभावक आदि लोग मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई से जनमानस का जीना दुश्वार

## लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने व उसकी रक्षा करने का चुनाव- डिम्पल



भरथना, इटावा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी, सांसद मैनपुरी डिम्पल यादव ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार बेरोजगारों को असहाय बनाया और लगातार बढती मँहगाई ने आम जनमानस का जीना दुश्वार कर दिया है। साथ ही देश-प्रदेश की सरकार संविधान पर कुठाराघात करते हुए अपनी मनमानी करने का प्रयास कर रही है।

सांसद डिम्पल यादव शुक्रवार को इटावा लोक सभा क्षेत्र की भरथना विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पालीखुर्द में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने पहुँची थीं। सांसद श्रीमती यादव ने कहा कि सपा संरक्षक नेताजी किसानों, युवाओं व प्रत्येक जरूरतमन्दों का दुख-दर्द समझते थे, किन्तु इस सरकार ने बीते करीब 10 वर्षों से नौकरी में भर्तियां न करके शिक्षित युवाओं को बेकार कर दिया है तथा लगातार पेपरलीक के माध्यम से आरक्षण के अधिकार पर भी सेंधमारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान को बचाने और उसकी रक्षा करने का चुनाव है। आप सभी मतदाता पूरी समझदारी से मतदान दिवस 13 मई को प्रातः 7 बजे ही घरों से निकलकर दोपहर 12 बजे तक पार्टी का सभी वोट बूथ तक पहुँचाकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करके इण्डिया गठबन्धन के हाथों को मजबूत करें। सांसद श्रीमती यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीयत व नीति दोनों में खोट है, वह लगातार भेदभाव की राजनीति करके वोट हथियाना चाहती है। जिससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। वहीं पूर्व चैयरमेन रंजना यादव व पूर्व जिपंस सीमा यादव सहित अन्य महिला पदाधिकारियों ने सांसद डिम्पल यादव का भव्य माला, पगडी व प्रतीक व तलवार भेंटकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत सम्मान किया। इससे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, ब्लाक प्रमुख विनोद दोहरे, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, जिंपसं पुष्कर सिंह यादव, पूर्व जिपंस सुरेन्द्र यादव, मनोज यादव बंटी, सिग्रेश यादव, अजय यादव, प्रदेश सचिव लीलावती राजपूत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, उदयभान सिंह यादव, सुखराम सिन्धी, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता सन्टू, नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, लल्ला सिंह कठेरिया, पवन यादव, फरहान शकील, श्रीनवेश यादव, पुष्पेन्द्र यादव रिंकू, ज्ञानवती राठौर, आलोक दीक्षित, राहुल यादव, केके यादव, आदि गठबन्धन नेताओं व कार्यकताओं ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए इंडिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक बल्देव सिंह यादव, संचालन पूर्व मंत्री अशोक यादव ने किया।

# ईओ नगर पालिका ने पर्चा देकर किया शुभारंभ

## व्यापार मंडल ने चलाया मतदाता अभियान



इटावा। शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया

विनय मणि त्रिपाठी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका ने मतदाता जागरूकता अभियान का पर्चा वितरण करके अभियान का शुभारंभ किया। नगर पालिका चैराहा, तहसील चैराहा, बलदेव चैराहा, राजागंज चैराहा, कोतवाली चैराहा, पक्की सराय, बजाजा लाइन में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने ढोल नगाड़े के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्चा वितरण किया।

जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने अपील करते हुए कहा पहले मतदान बाद में जलपान महिला पुरुष हो या दिव्यांग सत प्रतिशत करें मतदान। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने कहां लोकतंत्र का मजबूत आधार मतदान मतदान अवश्य पहले करें मतदान फिर जलपान। जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने संबोधित करते हुए कहा व्यापार मंडल द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जनपद में चलाया गया और लोगों को जागरूक किया। युवा जिलामहामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा 13 मई को मतदान होने जा रहा है जनपद में सभी लोग अपना-अपना मतदान अवश्य करें और लोगों को मतदान करने में अपना सहयोग करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिलाकोषाध्यक्ष सर्वेश चैहान, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, डॉ. संतोष राठौर, सतीक मंसूरी, लल्लू वारसी, मोहम्मद उवैश, सत्यशील सोनी, अवधेश राठौर, योगेंद्र जैन, अमरजीत सिंह, मुकुंद मित्तल, हेमलता दोहरे सहित अन्य व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे।

## अज्ञात महिला का अधजला शव मिला



भरथना, इटावा। शुक्रवार की सुबह साढ़े 7 बजे उस समय हड़कम्प के साथ क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जब ऊमरसेंडा-मल्हौसी गंगनहर किनारे मल्हौसी पुल के निकट ग्राम नगला मुलू के सामने नहर पटरी सड़क के किनारे बने झाड़ीयुक्त एक खद्‌डे में 20 वर्षीय एक अज्ञात महिला का अधजला शव वहां से गुजरे राहगीरों व आसपास के ग्रामीणों ने देखा। महिला का अधजला शव पड़ा होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। क्षेत्र के प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश यादव ने जैसे ही यह सूचना स्थानीय पुलिस को दी, पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया और आनन-फानन में पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश मिश्रा, साम्हों चैकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घटनास्थल का पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों से मृतका के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मौजूद ग्रामीण व राहगीरों से शिनाख्त नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि उनका ही नहीं बल्कि कई गांवों के सैकडों ग्रामीणों का सुबह से देर शाम तक उक्त मार्ग से आवागवन रहता है, सम्भवतः हत्यारों ने बीती रात्रि ही इस घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल पर जमीन की घास सहित पास की पतेल जली हुई है। जिससे प्रमाणित होता है कि महिला के शव को आग के हवाले इसी स्थान पर किया गया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने जांच के दौरान घटनास्थल से मृतका के शव के पास से कुछ आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। तो वहीं फोरेंसिक टीम को शव के पास से महिला की एक जूती और पैरों में पायलें मिलीं हैं। जिससे मृतक महिला के शव की शिनाख्त सम्भव हो सकेगी। क्षेत्र के प्रधानपति सर्वेश कुमार ने पुलिस को बताया कि पिछले 5 वर्ष पहले भी इसी घटनास्थल के निकट एक अधजला महिला का शव मिल चुका है। उक्त मार्ग पर रात्रि में सूनसान रहने और उचित पुलिस गश्त नहीं होने के कारण अपराधी हत्याकांड जैसी घटना को अंजाम देने के बाद शव को इसी स्थान पर ठिकाने लगाकर फरार हो जाते हैं।

## मतदान पर्ची न मिलने पर टोल फ्री नंबर पर सूचना दें

इटावा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 41 इटावा लोकसभा क्षेत्र में सम्मिलित 200 इटावा विधानसभा क्षेत्र एवं 201 भरथना विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की जाती है कि 13 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लें यदि आपके पास मतदाता पर्ची नहीं पहुँची है तो निर्वाचन कन्ट्रोल रूम के टोल फ्री नम्बर 1950 एवं 05688250026, 297655 पर सम्पर्क स्थापित कर मतदान की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त समस्त मतदेय स्थलों पर मतदान के दिनांक को सम्बन्धित बूथ का बीएलओ बूथ पर स्थापित हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेगें (

# गोरखपुर में भाजपा व सपा के दिग्गजों समेत 12 ने किया नामांकन

गोरखपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत सातवें चरण में नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन गोरखपुर की दोनो सीटों पर भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के दिग्गजों समेत 12 ने नामांकन दाखिल किया। तो वही चौथे दिन गोरखपुर सदर से तीन पर्चे लिए गए जबकि बांसगांव से चौथे दिन किसी ने पर्चा नही लिया। शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन लोक सभा क्षेत्र 64-गोरखपुर से भाजपा से वर्तमान सांसद रविकिशन शुक्ला, इंडिया गंठबंधन (समाजवादी पार्टी) की काजल निषाद, भागीदारी पार्टी के शिवशंकर प्रजापति, जनवादी पार्टी के श्रवण कुमार चौहान, भारतीय सर्वधर्म पार्टी के संजय सिंह राणा, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल के सोनू राय, भारतीय जवान किसान पार्टी के आनंद कुमार तथा निर्दल नफीस अख्तर ने रिटर्निंग ऑफिसर/ जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृष्णा करुणेश, स रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग अफसर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के समक्ष अपना अपना नामांकन दाखिल किया। तो वही बहुजन समाज पार्टी के जावेद अशरफ ने आज एक सेट में पुनः नामांकन पत्र जमा किया।

इसी तरह लोक सभा क्षेत्र 67-बांसगांव भारतीय जनता पार्टी से वर्तमान सांसद कमलेश पासवान, इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) के सदल प्रसाद, निर्दल हीरा लाल तथा निर्दल रामा ने रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस दौरान नामांकन स्थल से चौराहों पर पुलिस फोर्स सुरक्षा-व्यवस्था में मुस्तैद रही।

# ये गाली भी दें तो लड़ना नहीं, पहले वोट डालना : शिवपाल सिंह

चकरनगर, इटावा। ये गाली भी दें, तो लड़ना नहीं और पुलिस आए तो मिलना नहीं। ये भाजपाई है, आपस में भी लडेंगे, तो भी मुकदमा आपके खिलाफ लिखायेंगे और फिर गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाएंगे। इस लिए 13 मई को सुबह से ही लाइन में लगकर पहले वोट डाल लेना। यह सरकार आपने बदल दी, तो प्रदेश की सरकार भी बदल दी जाएगी। फिर एक भी विकास कार्य नहीं रुकेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि का कार्यकताओं ने माल्यार्पण करते हुए तलवार भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया।

विकास खण्ड चकरनगर के बंसरी तिराहे पर समाजवादी पार्टी की आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि शिवपाल सिंह यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास सबसे अधिक सपा ने किया है। आज बिजली के खिलाफ अभियान चलाया जाता है और रात्रि में



दबिश देकर कटिया पकड़ी जाती है और फिर मैनिज करने का भी काम किया जाता है। हमारी सरकार में ऐसा कुछ भी नहीं होता था। बिजली 24 घंटे आती थी, कनेक्शन हो या न हो, बस कटिया होनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस क्षेत्र की ये सच्चाई है, कि यह लोग जो कहते है, वही करते है। इस बार सपा के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को जिताकर गठबंधन की सरकार बनवा दो और अबकी बार अखिलेश को मुख्यमंत्री बना देना, फिर जो मांगोगे वही देंगे और पीछे भी दिया है। सबसे अधिक विकास आपके ही विकास खण्ड में किया जायेगा। इससे पहले प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने समय कम होने से घर घर न पहुंचने पर सांसद बनने पर सभी की चैखट पर मांथा टेकने की बात कहते हुए सभी जनता से वोट की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिंह परिहार ने की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष व मंत्री अशोक यादव, जिलाउपाध्यक्ष हेमरुद्ध सिंह सेंगर, बिजेंद्र यादव, लंकू यादव, शिव किशोर यादव, विधायक राघवेंद्र सिंह गौतम, सेक्टर प्रभारी कौशलेंद्र राजावत, वकील नगेंद्र पाल, राजेश यादव, नीमरी प्रधान जितेंद्र यादव, किशन राजावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख महिपाल सिंह यादव, लला गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट में चार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला में 11 केवीए की लाइन पर रात्रि में काम कर रहे हैं विद्युत कर्मचारियों के साथ गाली गलौज मारपीट कर उपकरणों को नष्ट कर देने के मामले में अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद और अज्ञात महिलाओं के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। अवर अभियंता कुलदीप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया 8 नवंबर की रात 8:30 बजे करीब मोहल्ला बबौरी में 11 केवीए की लाइन पर अचानक खराबी आ जाने से काम कर रहे कर्मचारी रवीश कुमार, हुकुमचंद, राजेश और नरवीर सिंह के साथ मोहल्ला के रोहित, संजय ,अवनीश पुत्र नेतराराम और घर की महिलाओं ने कर्मचारियों के साथ एक राय होकर लाठी डंडा से मारपीट कर गाली गलौज देते हुए उनके उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर गहरे नाले में फेंक दिया जिससे पूरी रात फीडर की आपूर्ति बदहाल हो गई थी। अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हमले की विवेचना कस्बा इंचार्ज को सौंपी गई है।

## बाइक चोरी का केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में नेशनल हाईवे पर यह क्लीनिक के पास रह रहे किराएदार की मकान के बाहर खड़ी बाइक चोर चोरी कर ले गए जिनकी फोटो सामने लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कुलदीप सिंह ने पुलिस को सूचना देकर बताया वह राजीव सिंह के मकान में किराए पर रह रहा था। उसकी पत्नी अमीर नगर विद्यालय में शिक्षिका है। गुरुवार को उन्हें छोड़कर 11:30 बजे करीब बाइक बाहर खड़ी कर मकान के अंदर चला गया था। कुछ देर बाद बाहर निकलने पर बाइक न देखकर अवाक रह गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज में दो लोगों को बाइक चोरी करते फोटो को खंगाल कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से महिला की मौत, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। सदर कोतवाली की मोहल्ला सिकटिया की अधेड़ महिला अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर दवाई लेने जाते समय कार की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सिकटिया निवासी आकाश भार्गव ने पुलिस को सूचना देकर बताया 1 मई को शाम 4:00 बजे करीब अपनी मां ज्ञानवती को बाइक से बैठ कर मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बौधी में दवाई लेने जा रहा था। बसविरबा के पास पहुंचते ही गाड़ी टीयूवी अप 31 ए जेड 1636 के चालक ने टक्कर मार दी थी। घायल मां को अस्पताल लेकर गए थे जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को गाड़ी चालक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूरी

मोहम्मदी खीरी। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने को लेकर मोहम्मदी विधानसभा में तहसील मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसमें मतदान के दिन सभी बूथों की निगरानी और जानकारियां समयबद्ध अपडेट की जाएगी। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसको लेकर मोहम्मदी विधानसभा में मतदान के लिए 342 बूथ बनाए गए है। जिसमें दो जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। वहीं 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। कंट्रोल रूम से सभी बूथों की निगरानी की तैयारी की गई है। जिसमें मतदान की गतिविधियों की जानकारी आम मतदाताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराई जाएगी। संवेदनशील, अति संवेदनशील और क्रिटिकल बूथों पर वीडियोग्राफी के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

# लिखित आश्वासन पर माने लोग, अब करेंगे मतदान

### सड़क न बनने से कई गांव के मतदाता थे नाराज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) क्षेत्र के लोग सड़क बनवाने के आश्वासन पर लोक सभा चुनाव में मतदान करने के लिए सहमत हो गए हैं। जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

शुक्रवार को डीएम के आदेश पर तहसीलदार सुखबीर सिंह ने ब्लॉक कार्यालय में बीडियो हनुमंत प्रसाद की मौजूदगी में इलाके के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की और उन्हें राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद कार्यालय उपनिदेशक का पत्र दिया। जिसमें कहा गया है कि लोकसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद इस सड़क को आगामी कार्य योजना में सम्मिलित कर स्वीकृत होने के बाद मरम्मत कर दी जाएगी। जिस पर बैठक में आए मझिगवां के ग्राम प्रधान राजकुमार, बेलवा के ग्राम प्रधान श्याम देव वर्मा, मुगला खेड़ा के ग्राम प्रधान रघुवीर शरण वर्मा, मुंडा विष्णु के निवासी संदीप कुमार, तुर्की खेड़ा निवासी विक्रम सिंह, मूडा विष्णु निवासी आदेश, शुभम शर्मा, तुर्की खेड़ा निवासी संदीप कुमार वर्मा सहमत हो गए हैं।बैठक में लेखपाल निधि कश्यप, लेखपाल आशीष रस्तोगी भी मौजूद थे।

प्रधानों और नागरिकों ने तहसीलदार सुखबीर सिंह द्वारा मंडी परिषद का पत्र दिखाए जाने के बाद सहमत जताई और कहा कि वह मतदान करेंगे। जिससे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मूड़ा विष्णु में 7 अप्रैल को सामूहिक पंचायत बुलाई गई थी। जिसमें तय किया गया था कि सिर्फ एक तरफ 5 किलोमीटर सड़क दूसरी तरफ 1 किलोमीटर सड़क यदि नहीं बनाई जाती, वह मतदान नहीं करेंगे। सामूहिक पंचायत में ग्राम मूड़ा विष्णु, मझिगवां, बेलवा, मुगलाखेड़ा, भरतपुर समेत कई अन्य गांव के लोगों ने क्षेत्र के संपर्क मार्गो की प्रमुख समस्या को लेकर कहा था कि मझिगवां से बैदाखेड़ा तक 5 किलोमीटर का मार्ग और मूड़ा विष्णु से घरथनिया अजान रोड तक संपर्क मार्ग 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण भी नहीं कराया जा सका। इसके लिए तमाम लोगों ने पहले से ही विधायक, सांसद के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों से भी गुहार लगाई थी जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो फिर मुख्यमंत्री पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1076 पर भी अपनी समस्याओं को बता चुके हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि उन्हें 8 सालों से सिर्फ आश्वासन की घुट्टी ही पिलाई जा रही है फायदा कुछ नहीं हुआ। समस्या बढ़ती जा रही है। दोनों सड़कों में वर्तमान समय में बहुत ही गहरे गहरे गड्ढे हो चुके हैं। जिससे गोला शहर को जाने वाले छात्र-छात्राओं और क्षेत्र वासियों को सड़क दुर्घटनाओं की समस्या झेलनी पड़ रही है। वही मुगला खेड़ा वालों का कहना है पहले पोलिंग बूथ उनके गांव में हुआ करता था। अब उन्हें 2 किलोमीटर दूर मूड़ा विष्णु में वोट डालने आना पड़ता है। वह भी रोड इतना खराब है। जिस पर चलना दुश्वार है। तो वह लोग अपनी जान जोखिम में डालकर वोट डालने नहीं आएंगे। जिसको लेकर पंचायत ने सामूहिक रूप से लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार करने का निर्णय लिया था और जब तक रोड नहीं तब तक वोट नहीं के नारे लगाते हुए अपना गुस्सा दिखाया था। तहसीलदार ने मझिगवां के सचिवालय में इलाके के कुछ लोगों के साथ बैठक कर भरोसा दिया था कि वह मंडी समिति से चुनाव के बाद सड़क का निर्माण करा देंगे, पर इलाके के अधिकांश लोग राजी नहीं हुए थे।

## पूजा-अर्चना के साथ मनी भगवान परशुराम की जयंती



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भगवान विष्णु के छठवें अवतार अष्ट चिरंजीवी भगवान परशुराम महाराज का जन्मोत्सव पूजन-अर्चन के साथ मनाया गया। देवकली तीर्थ में स्वर्गीय श्रीमती चंद कला आश्रम एवं गुरुकुल विद्यापीठ के महंत महन्त प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य सत्यम मिश्र, आचार्य विपेन्द्र शुक्ला, आचार्य मोनू मिश्रा गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारियों, आश्रमवासियों ने मनाया। सुबह 7 बजे से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जिसमें प्रमुख रूप से सुत्तन त्रिवेदी, अतुल गुप्ता, बृजेश कुमार मिश्र, रमाकांत शास्त्री, सर्वेश शुक्ला, संतोष अवस्थी, मुनेन्द्र त्रिपाठी, आचार्य संजय मिश्रा विश्व हिन्दू परिषद, अभय कुमार शुक्ला, संदीप मिश्रा ने पूजन, अर्चन किया तथा भण्डारे में प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम से अपने देश के समृध्दि के लिए आशीर्वाद मांगा। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर परशुराम जागरण मंच ने लखीमपुर से देवकली तीर्थ स्थल स्थित भगवान परशुराम तक द्वितीय रैली निकाली।

## रैली निकालकर वोटर्स को किया जागरूक



लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में खीरी जिले में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जिसको डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ हरीझंडी दिखाकर रवाना किया, यह मोटरसाइकिल रैली शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। मतदान दिवस 13 मई को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही दूसरे मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करें, जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो सके। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जन-जन को संकल्पित होना होगा। इस मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से आमजन को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मौजूद लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। मोटरसाइकिल रैली में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पुलिसकर्मी, पंचायती राज सहित बड़ी संख्या में कार्मिकों ने प्रतिभाग लिया। इस दौरान डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एडीईओ तौसीफ अहमद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।


## लोस चुनाव को लेकर भारत-नेपाल के बीच 72 घंटे के लिए यातायात बंद



पलिया कलां खीरी। भारतमें लोकसभा निर्वाचन- 2024 के चौथे चरण के मतदान जो 13 मई को होगा में शांतिव्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत नेपाल सीमा पर 72 घंटे के लिए आवागमन बंद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मई दिन शक्रवार को सायं काल 06 बजे से 13 मई सोमवार को सांय काल 06 बजे मतदान तक भारत नेपाल सीमा पर आवा गमन प्रतिबंधित रहेगा। ताकि शांतिपूर्णढंग से लोकसभा के चुनाव संपन्न हो सके। इस दौरान भारतसे भारतसे नेपाल जाना व नेपालसे भारत आना भी प्रतिबंधित रहेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय मैथ और साइंस ओलंपियाड के विजेता सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्रीराम करियर इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय मैथ और साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

साइंस ओलंपियाड में कक्षा छः की छवि सोनी प्रथम, कक्षा सात की पर्व सिंह एवं कक्षा आठ में अक्षय वर्मा प्रथम, नौ में अखिल गुप्ता ,सिद्धांत पटेल सूर्यांश पटेल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय, कक्षा 10 से प्रियांश सिंह, दुर्गेश वर्मा, जयदीप सिंह, नमन शाह और दिव्यांश वर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान पर, कक्षा 11 से समृद्धि वर्मा, अंशिका पटेल, प्राची वर्मा को क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा 12 में अनमोल, रतन, अनुष्का बाथम, आशिक सिंह को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त होने पर गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर डा कौशल वर्मा ने सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मैथ ओलंपियाड में कक्षा छः से श्रेयांश रावत, महा सिंह को प्रथम व मनमीत सोंधी को तृतीय स्थान मिला। कक्षा सात में अभिज्ञान शुक्ला को प्रथम, कक्षा नौ में जितेंद्र सिंह भदौरिया को प्रथम, कक्षा 10 में ऋषभ श्रीवास्तव, रुद्रांश पटेल, दुर्गेश वर्मा को क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतियोगी समय में ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए काफी प्रेरणा स्रोत रहती है। हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्थानों में शुरूआत से भेजना चाहिए ताकि भविष्य में उन में शैक्षिक बौद्धिक व सामाजिक दक्षता आए और वह जीवन में आने वाले संघर्षों को भली बात झेलकर सफल व्यक्ति बन सके। कार्यक्रम का संचालन बी डी वर्मा ने किया।इस मौके पर अंकुर वर्मा अनामिका दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## कार की टक्कर से तीन गंभीर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अलीगंज रोड पर कार से टकराकर बाइक सवार गंभीर घायल हो गए उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शाहजहांपुर खुटार के सीतापुर सहारू निवासी 55 वर्षीय अरविंद कुमार, 50 वर्षीय उदय सिंह और गांव कालीचरपुर निवासी 52 वर्षीय अशोक कुमार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने तीनों घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## खीरी पहुंचे विशेष प्रेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश




लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय बी नायक, विशेष प्रेक्षक व्यय राजेश टुटेजा, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह शनिवार को खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों संग बैठक कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिए चुनाव को सुगम हो, यह सुनिश्चित करें। विशेष प्रेक्षकगण ने की गई तैयारी पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। विकास भवन सभागार में आहूत बैठक में विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय बी नायक ने पोस्टल बैलट, बूथों पर की जाने वाली वेबकास्टिंग, सीएपीएफ की उपलब्धता, माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली व जरूरी दिशा निर्देश दिए। विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कहा कि प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय में जुड़ने से कोई भी मद छुटनी नहीं चाहिए। प्रत्याशियों के व्यय खातों को नियमित रूप से चेक किए जाएं।

विशेष प्रेक्षक (पुलिस) मनमोहन सिंह ने कहा कि पोलिंग बूथ व किसी घटना स्थल पर पुलिस के पहुंचने के रिस्पांस टाइम को एक बार आवश्यक रूप से चेक किया जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए किसी घटना/समाचार पर यथा आवश्यक एक्शन लिया जाए। पुलिस को निष्पक्ष व न्यायपूर्वक होना आवश्यक है। विशेष प्रेक्षकगणों ने 28खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, 29धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, व्यय प्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा, व्यय प्रेक्षक (खीरी) सुदीप्त पाल एवं पुलिस प्रेक्षक अनूप ए शेट्टी से निर्वाचन तैयारियो के संबंध में उनका फीडबैक जाना।

जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि निर्वाचन के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के माध्यम से अनेकों गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने चुनाव की तैयारियों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति देते हुए बताया कि जिले में 1638 मतदान केंद्र व 2890 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। वोटर पर्ची का वितरण कराया जा चुका है।बैठक में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, अपर जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता व निर्वाचन से जुड़े अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

## नारी सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर लगा योग शिविर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नारी सशक्तिकरण के लिए योग विषय पर योग शिविर आयोजित कर लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए।

यह योग शिविर योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक शशि कान्त दीक्षित द्वारा लोने सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय में लगाकर सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व ध्यान से होने वाले शारीरिक मानसिक बौद्धिक अध्यात्मिक लाभ के बारे में बताते हुए स्वस्थ दिनचर्या, आहार विहार का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम नारी सशक्तिकरण के लिए योग के महत्व से भी छात्र छात्राओं को अवगत करवाया गया।

यह कार्यक्रम प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया उत्तर प्रदेश आयुष सोसायटी के मिशन निदेशक महेंद्र वर्मा और निदेशक आयुर्वेद सेवाएं प्रोफेसर प्रकाश चंद्र सक्सेना के निदेर्शानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरबंश कुमार एवम जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ डालचंद, डा.विभा वर्मा के देख रेख में कराया गया।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मनी भगवान परशुराम जयंती



पलियाकलां- खीरी। श्रीतेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पलिया कला खीरी की वन्द ना सभा में आज भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती नूतन उत्साह के साथ मनाई गई। जिससे विद्यालय के प्रथम सहायक सुनीत कुमार मिश्र ने अक्षय तृतीया के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि आज ही के दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का अवतार , गंगा अवतरण , मां अन्नपूर्णा का जन्मोत्सव, सतयुग और त्रेतायुग का प्रारम्भ , ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षयकुमार का जन्मदिवस भी हुआ था । प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री बद्रीनाथ के कपाट आज के ही दिन खोले जाते है। बृंदावन में बांकेबिहारी मन्दिर में आज के ही दिन विग्रह चरणों के दर्शन होते है। महाभारत का युद्ध आज के दिन समाप्त हुआ था। अक्षयतृतीया सिद्ध मुहूर्त है इस दिन कोई भी शुभकार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम परम पितृभक्त थे। और उनकी विशेषता बताते हुए कहा कि शान्त हैं तो राम भड़क गए तो परशुराम का वर्णन करते हुए कहा कि अनेकों बार उन्होंने पृथ्वी जीतकर ब्राह्मणों को दान में दे दिया। सीता स्वयंवर में जब उनको यह पता चला कि रामावतार हो चुका है तो राम को आशीर्वाद देकर हिमालय पर्वत पर तपस्या के लिए प्रस्थान कर गये। इस मंत्र से सभी को उनकी आराधना करनी चाहिए - ऊँ जमदग्नाय विदमहे महावीराय धीमहि तन्नो परशुरामः प्रचोदयात कार्यक्रम में सभी आचार्य/आचार्या बहिने , भैया बहिन उपस्थित रहीं।

## स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बलवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम ने मोहम्मदी रोड पर सघन चेकिग अभियान चलाया। लेकिन तलाशी में नकदी आदि नहीं मिली।

लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान रुपयों के गलत इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए अधिकारियों ने चार पहिया वाहनों की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को स्टेटिक मजिस्ट्रेट बलवंत कुमार चैधरी ने मोहम्मदी रोड पर आने वाली वाहनों की डिग्गियों तथा सीटों को खोलवाकर अंदर तलाशी ली। स्टेटिक मजिस्ट्रेट राकेश कुमार बलवंत कुमार चैधरी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर वाहनों की जांच की जा रही है। बिना ब्यौरा के अधिक धनराशि मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अभी तक उनके क्षेत्र में ऐसा मामला प्रकाश में नहीं आया है।

# भाजपा प्रत्याशी के रूप में श्रवण गोंड ने नामांकन पत्र किया दाखिल





सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा दुद्धी उपचुनाव के प्रत्याशी के रुप में श्रवण गोंड ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत जिला कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल द्वारा अन्य दलों सपा बसपा से आये पदाधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी जिसमे मुख्यरुप से दीपक कुमार यादव पूर्व सपा प्रदेश सचिव, रिषभ मिश्रा, सागर गोंड एनएसयुआई कार्यकर्ता, सत्येन्द्र कुमार, अनिष शर्मा, मनोज यादव सपा कार्यकर्ता, बसपा के शंकर कनौजिया, प्रकाश पटेल, रमेश चेरो ने सदस्यता ग्रहण किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता देवतुल्य होता है, जो हर बूथ पर पार्टी को जिताने का कार्य करता है, आज इस सभागार में जो भी कार्यकर्ता मौजूद है मै उनका आवाह्न करता हूं कि दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में और लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाकर एक एक व्यक्ति तक पहुचकर संगठन और सरकार कि जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए हर एक बूथ को जितने का सफल रणनीति सफल बनायें ताकि हम दोनो चुनाव प्रचण्ड बहुमत से जीत सके।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि होने वाले चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आगे कई संगठनात्मक कार्यक्रम होने है जिसमें हमारे सभी मोर्चो के सम्मेलन व बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एवं वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, शिक्षक, प्रबंधक/ प्रधानाचार्य सम्मेलन प्रमुख रुप से तय है अतः आप सभी लोग इन कार्यक्रमों को सफल बनाये ताकि होने वाले चुनावों को हम प्रचण्ड बहुमत से जीत का परचम लहराये और आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, विधानसभा पालक दुद्धी रमेश मिश्रा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुबाष खरवार, गेंदालाल घसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, धर्मवीर तिवारी, रामलखन सिंह, जिला पंचायत सदस्य म्योरपुर सुषमा सिंह गोंड, रामविचार गोंड, म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड, जिला महामंत्री जीत सिंह खरवार, रामसुन्दर निषाद, विधानसभा संयोजक सोना बच्चा अग्रहरी, पन्नालाल जायसवाल, शारदा खरवार, सुरेन्द्र अग्रहरी, बफीर्लाल, रमाशंकर गोंड, लक्ष्मण धरकार, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## ट्रक मंदिर के मुख्य गेट को तोड़ा

मौरावा, उन्नाव। बीती रात मौरावां की ओर से आ रहे लकड़ियों से भरे ट्रक ने मुख्य मार्ग पर बने बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य गेट को तोड़ता हुआ आगे बढ़ गया। राहगीरों ने देखा तो ट्रक को रोका और पुलिस को सूचना दी। पुरवा मौरावां मार्ग पर कोतवाली से लगभग तीन किलोमीटर पहले स्थित बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य द्वार को ट्रक ने तोड़ दिया। बृहस्पतिवार की रात लगभग दस बजे मौरावां से आ रहे ट्रक ने महादेव मंदिर की तरफ से जाने के लिए जैसे ही अपना ट्रक मोड़ा, वैसे ही ट्रक में लदी ओवरलोड लकड़ियों में गेट का ऊपरी हिस्सा फंस गया और ट्रक आगे बढ़ गया। जब तक ट्रक चालक कुछ समझ पाता तब तक वह गेट को घसीटता हुआ, आगे चलकर वह पेड़ों और बिजली के पोल में टकरा गया। जिसके बाद ट्रक में फंसा गेट का हिस्सा गिर गया। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लिया। आपको अवगत करा दें कि उक्त मुख्य गेट लगभग 27 वर्ष पहले बनवाया गया था। बाल्मीकि गुप्ता पुत्र बसंत राम गुप्ता धर्म पत्नी पुत्तान देवी निवासी जवाहर नगर उन्नाव के द्वारा बनवाया गया था। बिल्लेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र के प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है।

## बुजुर्ग का मिला शव

महमूदाबाद/सीतापुर। बुढ़वल-सीतापुर रेलवे टैन्क पर महमूदाबाद के बेहटा के पास बुजुर्ग का मालगाड़ी से कटा क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के प्रयास शुरू किए। महमूदाबाद के बेहटा वार्ड के पास निकले बुढ़वल-सीतापुर रेलवे टैन्क पर शुक्रवार की दोपहर मालगाड़ी से कटकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई कर रही है। अभी तक मृतक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, प्रयास जारी है।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

सीतापुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने बताया जनपद में लोक सभा समान्य निर्वाचन 2024 मतदान प्रतिशत बढाने हेतु शुक्रवार को विकास भवन परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसे जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने हरी झन्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। रैली विकास भवन परिसर से ऑख अस्पताल, तरणताल, जीआईसी चैराहा व कोतवाली होते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में सकुशल सम्पन्न हुयी। जिसमें जिला स्वीप आईकान दिनेश कुमार व बड़ी संख्या में दिव्यांग बन्धु एवं विभागीय कर्मचारी कमलेश कुमार वरिष्ठ सहायक, गजेन्द्र सिंह कम्प्यूटर आपरेटर, अंकित शुक्ला, इस्तियांक अली, बन्दू मौर्या तथा स्वैच्छिक संस्था माया मानसिक एवं बधिर विद्यालय, सीतापुर के प्रबन्धक प्रमोद कुमार मिश्रा एवं श्रीमती सरोज मिश्रा प्रधानाध्यापिका आदि उपस्थित रहे।

# योगी ने लगायी गुंडे-माफियाओं पर लगाम : पुष्कर सिंह धामी



जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। आपका आपका उत्साह बता रहा है की रेखा अरुण वर्मा को आप लोग चुनाव जीताकर मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने जा रहे हैं। मैं नैमिषारण्य कि इस धरती को प्रणाम करता हूं। यह उदगार उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धौरहरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा के समर्थन में कृषक इंटर कॉलेज मैदान में जनसभा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि मैं समय से 1 बजे आपके बीच आ जाता परंतु आज अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती है। सीएम धामी ने भारत माता की जय के साथ भाषण शुरू किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य को प्रणाम करता हूं। हम सबका संकल्प है कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। अक्षय तृतीया के मौके पर उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू हो रही है। आज सुबह कपाट खुलते ही दर्शन कर जनसभाओं में आप सबके बीच पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि गुंडे माफियाओं पर लगाम लगाने का काम योगी आदित्यनाथ ने किया है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश और देश में विकास के नए आयाम बने हैं। मोदी जी के नेतृत्व मे धारा 370 हटी और किसी प्रकार का कोई बवाल नहीं हुआ। सपा, बसपा कांग्रेस के लोग राम मन्दिर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। ये लोग नही चाहते थे कि भगवान राम टेंट से बाहर निकलकर मंदिर में न पहुंचे। पीएम मोदी और सीएम योगी कर नेतृत्व में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विपक्ष स्लीपर सेल की तरह काम करके मोदी को रोकने का काम कर रहा है। एक देश में एक प्रकार का कानून सबके लिए होना चाहिए। देश का पहला राज्य उत्तराखंड है, जहां समान नागरिक संहिता का कानून लागू हो गया है। धर्मांतरण और दंगा रोकने का कानून हमने उत्तराखंड में बनवा दिया। ये सब हम पीएम मोदी के नेतृत्व में कर पा रहे हैं।

चार धाम यात्रा के लिए आप सबको देवभूमि के लिए आमन्त्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि ओबीसी के आरक्षण को कर्नाटक में खत्म करने का प्रयास किया हैं। वहां एक जाति विशेष को ओबीसी में शामिल करने का काम कांग्रेस ने किया है। सपा का इतिहास रहा है कि सिर्फ एक वर्ग को ही खुश करना है, क्योंकि यह वही लोग है जो राम भक्तों पर गोलियां चलवाये थे। पहले मतदान फिर जलपान का संदेश देकर सीएम धामी ने खत्म किया भाषण। पिछले 10 वर्षों से रेखा अरुण वर्मा ने क्षेत्र में अनेको कार्य किए हैं। भाजपा सरकार गन्ना किसानों को उनकी उपज के अच्छे दाम मिले इसके लिए प्रयासरत रहती है। उत्तर प्रदेश में सपा व बसपा की सरकारों में गुंडे, माफिया हावी रहते थे वह जबरन गुंडा वसूली टैक्स चलाते थे। व्यापारियों से वसूली करते थे। अपराधी, माफिया बेखौफ होकर घूमा करते थे। योगी जी की सरकार आने के बाद इन माफिया, गुंडो ने या तो प्रदेश छोड़ दिया है या इस धरती पर नहीं है। गुंडाराज उत्तर प्रदेश में खत्म हो गया है। लखनऊ में इंसवेंट समिति के माध्यम से करोड़ों रुपए के अनुबंध हुए हैं शीघ्र ही प्रदेश में उद्योग लगने शुरू हो जाएंगे जिससे बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। 60 वर्ष तक इस देश में जिन सरकारे का शासन रहा है उसमें 55 वर्षों तक एक ही परिवार में राज किया है इसके बाद भी हिंदुओं की जनसंख्या में कमी आई है। कश्मीर में एक संविधान, एक विधान एक ही राष्ट्रीय ध्वज चल रहा है।

समान नागरिक विधेयक की स्वीकृति राष्ट्रपति द्वारा दे दी गई है सरकार बनने के बाद इसको लागू किया जाएगा। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने ओबीसी के लोगों को मिल रहे आरक्षण में से मुस्लिम वर्ग को पांच प्रतिशत आरक्षण देकर ओबीसी के हकों में डाका डालने का कार्य किया है। इस समय देश में देश विरोधी शक्तियां सक्रिय हो गई है वह मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने से रोकना चाहती हैं। इन शक्तियों को रोकने के लिए आगामी 13 में को कमल का बटन दबाकर रेखा अरुण वर्मा जी को भारी मतों से जीतना है वहीं पुनः मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, सांसद रेखा अरुण वर्मा, विधायक शशांक त्रिवेदी, जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भी जनसभा को संबोधित कर रखा अरुण वर्मा को जिताने की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी नीरज सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, अनिमेष पटेल, गीता सिंह, प्रमुख मिथिलेश यादव, मनोज मिश्रा, महेंद्र वर्मा रमाकांत मिश्रा, अलका सिंह, कल्याण सिंह मुनेंद्र अवस्थी, मंडल अध्यक्ष महोली श्रीनाथ बाजपेई, बड़ागांव रजनीश श्रीवास्तव, पिसावा शिव प्रताप सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कटऑउट संग फोटो खिंचवाने की होड़

जनसभा स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदमकद कटआउट बड़ी संख्या में लगे हुए थे। इन दोनों नेताओं के कट आउट के पास खड़े होकर फोटो खिंचवाते नजर आए, वहीं कुछ लोग कटआउट के साथ सेल्फी खींचकर इस पल को यादगार स्वरूप कैमरे में कैद कर लिया। जनसभा समाप्ति के बाद कई कार्यकर्ता मोदी व योगी के कटआउट उठाकर अपने साथ ले जाते नजर आए।

### पांडाल में खाली पड़ी रही कुर्सियां

कृषक इंटर कॉलेज मैदान पर उत्तराखंड के सीएम का भाषण चल रहा था लेकिन पांडाल से महिलाएं व पुरुष धीमे-धीमे बाहर निकल रहे थे। भाषण के दौरान मंच की बांयी तरफ पांडाल के रो में तमाम खाली पड़ी कुर्सियां भाजपा नेताओं को अखर रही थीं। मीडिया के कैमरे भी मंच से घूमकर इन कुर्सियों की तस्वीरों को कैद कर रहे थे।

## एक दर्जन से अधिक घूरों में आग लग जाने से मचा हड़कंप

लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के ग्राम बेनीसंराय में शुक्रवार को गांव में सड़क के किनारे लगे एक दर्जन से अधिक घूरों में आग लग जाने से मचा हड़कंप। फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बेनी सराय में शुक्रवार को दोपहर अचानक अज्ञात कारणों के चलते गांव की सड़क के किनारे लगे ग्रामीणों के घूरों में अचानक आग लग गई, तेज हवाओं के चलते सड़क के किनारे लगे घास फूस के जंगल और अगल-बगल लगे घूरों ने आग पकड़ ली, आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर जमा होकर आग बुझाने का प्रयास किया परंतु असफल रहे, आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने दमकल विभाग को दी, मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक राम सहाय, राम प्रसाद, कमलेश, जयपाल, नंद किशोर, बृजलाल, सुनील कुमार, वेदराम, विजय, विमलेश, ईश्वर दीन, सुभाष, रजनेश, राजकुमार व छोटन्नी के घूरे जल कर नष्ट हो गए।

## हिरन के बच्चे को कुत्तों ने नोच कर किया घायल

सीतापुर। सकरन क्षेत्र में हिरन के बच्चे को कुत्तों ने नोच कर घायल किया ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम घायल बच्चे को अपने साथ ले गयी। सकरन थाना क्षेत्र के लालूपुरवा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर एक हिरन के बच्चे को कुछ कुत्ते नोच रहे थे खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने जब देखा तो वह लोग मौके पर पहुंचकर कुत्तों के चंगुल से हिरन के बच्चे को छुडा लिया बच्चा गम्भीर रूप से जख्मी हो चुका था उसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गयी सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम घायल बच्चे को अपने साथ ले गयी द्य वन दरोगा नरेन्द्र पाल यादव ने बताया कि कुत्तों के हमले से हिरन का बच्चा घायल हो गया है जिसका इलाज करवाया जा रहा है बच्चा खतरे से बाहर है।

## हर्षोल्लास के साथ मनी भगवन परशुराम की जयंती

सीतापुर। सनातन ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्रकोटसव दिवस शहर के होली नगर के भगवान परशुराम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिव कुमार शास्त्री के द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा का दूध-गंगाजल से मंत्र उच्चारण के साथ अभिषेक कर हवन पूजा, परशुराम स्त्रोत्र का पाठ किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा हवन-पूजा और पाठ कर समस्त पृथ्वी वासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गयी, इसके बाद प्रसाद रूपी सरबत का वितरण दोपहर तक चलता रहा। इस दौरान विश्वम्भर दयाल तिवारी मंडल अध्यक्ष रामदत्त मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष आकाश राय, जिला अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, गिरीश चंद्र दीक्षित, शिव गोपाल बाजपेयी, शशिकांति तिवारी, अजय मिश्रा, सचिन त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी आदि रहे।

## महिला की विद्युत तार की चपेट में आकर मौत

तंबौर/सीतापुर। कस्बे के 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र के ठीक पीछे ककरहा में लगे पोल में लटक रहे विद्युत तार की चपेट में आकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी।

शुक्रवार शाम बेकार बंधे खुले तार को हटाते समय ककरहा निवासी गीता देवी 28 उसके चपेट में आ गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार महिला ने उस तार को जैसे ही खोला वह अलमुनियम का खुला तार छिटककर पॉवर हाऊस की 33 हजार लाइन से टकरा गया और महिला उसकी चपेट में आ गई जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी होने पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतका के पति नन्हू ने थाने पर तहरीर देकर विजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की माँग की है। सूचना मिलने पर इंस्पैक्टर विजयेंद्र सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे जिनके समझाने पर परिजनों ने पीएम कराने के लिए राजी हुए पुलिस ने शव को सीलकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा है। मृतक महिला की एक पांच वर्षीय पुत्री व तीन वर्षीय पुत्र है। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत अम्बरीश कुमार ने बताया कि वह तार काफी दिनों से बंधा था जिसको खोलते समय महिला तार के झटके में 33 केवी की लाइन से टकराने के कारण महिला की चपेट में आकर मौत हो गई।

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मना



जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर के नई बाजार दक्षिणी में शुक्रवार को भगवान परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ओम ब्राम्हण महासमाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, पूर्व एमलसी भरत त्रिपाठी, मां संकटा देवी धाम समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, आचार्य सुरेंद्र शास्त्री, सभासद संघ अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पांडेय, विजय पाठक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुशील अवस्थी, दिलीप मिश्र, अतुल वर्मा, हरीश मिश्र, आशुतोष वाजपेयी, सीपी तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने सभी अतिथियों ने माल्यार्पण एवं स्मृतिचिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष केके सिंह, विहिप धमार्चार्य प्रमुख पंकज पांडेय, पंकज जायसवाल, दुर्गा प्रसाद पांडेय, गौरव मिश्र, संजय वाजपेयी, नवनीत शुक्ल, गौरव पांडेय, संतोष पांडेय, विपिन पांडेय, पुरुषोत्तम मिश्र, महेश शुक्ल, रोहन मिश्र, मनोज तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एफएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान पकड़ी शराब



महमूदाबाद/सीतापुर। गोरखपुर से सीएलटू गोदाम जा रही एक डीसीएम में लदी नौ सौ पेटी शराब चेकिंग के दौरान बाराबंकी सीमा पर फतेहपुर मार्ग स्थित गुलरामऊ बैरीकेटिंग पर वाहन चेकिंग के दौरान एफएसटी टीम ने पकड़कर कोतवाली पहुंचाया। आबकारी अधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि गोरखपुर से सीएलटू हरदोई के कुलदीप अग्रवाल के वहां जा रही थी। डीसीएम जाने का रूट गोरखपुर से बाराबंकी लखनऊ वाया सिधौली से हरदोई जाना था किंतु चालक बाराबंकी से फतेहपुर होकर महमूदाबाद मार्ग से जा रहा था तथा जिस चालक का नाम चालान पर दर्ज था वह चालक गाड़ी चलाता नहीं मिला। गलत रूट और चालान में नामित चालक न मिलने के चलते शराब लदी डीसीएम को कोतवाली में खड़ा करवाा गया है। कागजात भी मंगवाए गए हैं। कागजात आने पर शराब लदी डीसीएम को कोतवाली से हरदोई को रवाना कर दिया जाएगा।

## महिला की मौत के बाद गुपचुप ढंग से किया अंतिम संस्कार

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवंतनगर में एक युवक का शव कई दिन पूर्व पेड़ से लटकते हुए संदिग्ध अवस्था में मिलने के बाद पास के ही गाँव की महिला ने भी फांसी लगा ली थी जिसकी उपचार दौरान मौत हो गयी। नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो के गंजरी मुहल्ला निवासी आकाश कुमार पुत्र रामबहादुर यादव उम्र 20 वर्ष का शव मंगलवार को जामुन के पेड़ से नायलॉन की रस्सी से लटका हुआ मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था जिसमे उसके शव पर हैंगिग होना पाया गया था किसी चोट के निशान नही थे। स्वजनों द्वारा फोरेंसिक टीम से जांच कर मामला खुलवाने की मांग की थी। जिस पर फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किए गए थे। फाँसी से लटके हुए शव को देखने के लिए आस पास की भीड़ इकट्ठा हो गयी थी। गाँव वालों के अनुसार उसी भीड़ में पास के गाँव रामनन खेडा की 35 वर्षीय युवती किरन पत्नी मनोज भी आई और शव को देखकर रोने लगी। उसी दिन दोपहर में किरन की भी फांसी लगा लेने की खबर आई जिसमे स्वजन उसे सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ से डॉक्टरों ने जिला अस्तपताल रिफर कर दिया था। स्वजन उसे उपचार हेतु किसी निजी अस्तपताल ले गए जहाँ पर तीन दिन बाद उसकी मौत हो गयी। किरन के पति मनोज पंजाब में रह कर परिवार के पालन के लिए जीवन-यापन करते है। सूचना पाकर बुधवार को अपने गाव रामननखेडा पहुँचे थे। युवक की मौत के बाद महिला के अचानक फंदे से लटकने से ग्रामीणों में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की चर्चा है। गौरतलब बात ये है किस अस्तपताल ने इस प्रकार के सुसाइड केस को बिना पुलिस को जानकारी दिए अपने हाथों में ले लिया। साथ ही परिवार वालो ने महिला किरन की मौत हो जाने पर गुपचुप तरीके से शुक्रवार को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। चौकी प्रभारी राजेश सिंह ने बताया किसी प्रकार की कोई तहरीर या सूचना नही आई है।

## दबंगों ने घर में घुस कर किया जानलेवा हमला , केस दर्ज

### संदना पुलिस मामले की जांच में जुटी

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा घर में घुसकर बांके और लाठी से हमला किया गया। इस हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

संदना निवासी शशि गुप्ता पत्नी दयाशंकर गुप्ता ने थाना प्रभारी संदना को लिखित तहरीर दी कि गत दिनों कस्बा संदना के ही निवासी आनंद और विष्णु गुप्ता के बच्चों के बच्चों के बीच कहा- सुनी हो गई थी। मोहल्ले वालों द्वारा दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया गया था लेकिन , कुछ देर बाद विष्णु गुप्ता , उनके पुत्र रामचरन , आकाश गुप्ता , विकास गुप्ता , राज गुप्ता आदि लाठी-डंडे व बांका लेकर पीड़िता के घर में घुस गए और पीड़िता के ससुर राम प्रकाश गुप्ता , देवर दयाशंकर गुप्ता देवरानी व बच्चों पर गाली- गलौज करने हुए जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में रामप्रकाश गुप्ता और विजय गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर , हाथ व सीने में गंभीर चोटें आई हैं। इसके बाद दबंगों विजय गुप्ता का मोबाइल फोन व सिम तोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## जब-जब अनाचार बढ़ा है, तब-तब नारायण ने अवतार लिया

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। इंन्द्रिया, मन और बुद्धि ये सब कभी न तृप्त होने वाली काम रूपी अग्नि के वासस्थान कहे जाते है। यह काम इन मन बुद्धि और इंद्रियों के द्वारा ही ज्ञान को आच्छादित करके जीवात्मा को मोहित करता है और फिर उसी के प्रभाव में आकर जीवात्मा न चाहते हुए भी पाप का आचरण करने लगती है।

उक्त उद्गार श्री धाम वृंदावन से पधारी विदुषी भागवताचार्या देवी आर्शिवी शुक्ला ने कस्बा बिहार में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत पुराण के छठे दिन की कथा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा इंदियों को वश में करके ज्ञान और विज्ञान का नाश करने वाले पापी काम को अवश्य मार डालना चाहिए क्योंकि भक्ति मार्ग में सबसे बड़ा बाधक तो काम ही है। जीवात्मा के अचेतन में बीज रुप में व्याप्त काम वासना और सांसारिक सुख भोग तथा संग्रह की कामना ही वे कारण है जो व्यक्ति को पाप कर्म मे वृत्त करते है। अपनी इस पाप वृत्ति का ज्ञान न होने कारण जीवात्मा को यह पता नहीं चलता कि उससे यह पाप कौन करा रहा है



उसके अन्दर वह कौन सी शक्ति है जो उसे इस तरह से बलात पाप करवा रही है। अतैव यह कामना वासना ही है जो बल पूर्वक जीवात्मा को इस महापाप के समुद्र में ले जाकर डुबो देती है। हमारे अचेतन के संस्कार हमारे चित्त के संस्कार इतने प्रबल है सबल है कि उनके सामने हमारे संकल्प टिक नहीं पाते है इसीलिए जीव जन्मांतर से अपने अचेतन के चित्त के उन्ही प्रबल संस्कारो के वेग में बहा जा रहा है। जीवात्मा परमात्मा को पाना चाहती है पर उसका अचेतन उसने काम चाहता है भोग, लोभ, मोह चाहता है। देवी आर्शिवी शुक्ला ने पुरुषोतम भगवान श्री कृष्ण जन्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पृथ्वी पर जब जब अनाचार पापाचार बढ़ा है तब तब नारायण ने अवतार लिया है। त्रेतायुग में रावण के अत्याचार से प्रभु श्री राम को अवतार लेना पड़ा तो उसी प्रकार द्वापर मे राजा कंस के अत्याचार से श्री कृष्ण भगवान को अवतार लेकर धर्म की रक्षा करनी पड़ी। कार्यक्रम की आयोजिका जंयती मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गीता चौरसिया, समाज सेविका शालिनी वाजपेयी एवं छाया शुक्ला ने संयुक्त रूप से देवी आर्शिवी शुक्ला को शाल ओढ़ाकर एवं देव प्रतिमा देकर सम्मानित किया। रामकिशोर मिश्र ने अपनी धर्मपत्नी मालती के साथ विधिवत पूंजन-अर्चना किया। इस अवसर पर व्यास हनुमान प्रसाद पाण्डेय, लक्ष्मीचैरसिया, विनोद तिवारी, उदय, हर्षित दीक्षित, अनूप छोटाई सिंह बजौरा तिवारी, प्रशांत तिवारी, दीपू सिंह गौरा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## रैली निकाल व गोष्ठी कर किया जागरूक

सीतापुर। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाजसेवी आकाश राय के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। लोगो के हाथो मे ह्ललोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है, सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तीया थी। रैली मुशीगंज चैराहे से प्रारम्भ होकर श्यामनाथ, होते हुए मन्नी चैराहा पर जाकर समाप्त हुई। मतदाताओं को पंपलेट बांटकर मतदान व ,लोकतंत्र के महापर्व को मिलकर मनाना है, गीत बजाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। रैली के दौरान भारत माता की जय, अबकी बार शत प्रतिशत मतदान के नारे भी लगाए गये। रैली के उपरांत मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन आकाश राय ने किया। गोष्ठी के दौरान बार एसोसिशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी, अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी शासकीय अधिवक्ता संतोष शुक्ला, शिव बालक त्रिवेदी ने स्थानीय लोगो के सम्मुख समाज मे व्याप्त कुरीतियों के बारे मे विचार व्यक्त करते हुए मतदान करने का अनुरोध किया, वही कवित्री शशिकला मिश्रा ने कविता पाठ कर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सचिन त्रिपाठी, विजय कुमार शुक्ला, अंब्रीश दीक्षित, अन्नी मेहरोत्रा, डॉ शांति स्वरूप रस्तोगी, डॉ कमल किशोर सेठ डॉ राजीव मिश्रा, डॉ विकाश चंद्र जैन, सोमकांत बाजपेयी, पंकज बाजपेयी, सुजीत गुप्ता आदि रहे।

## मतदाताओं को सेल्फी प्वाइंट खूब रही लुभा

लहरपुर/सीतापुर। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी, रैली, आमंत्रणपत्र, बुलावा टोलियों के माध्यम से मतदाताओं को 13 मई को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मतदान केंद्रों को आकर्षक और सुंदर बनाने के लिए सजाया और संवारा जा रहा है। मतदान केन्द्रों के प्रवेश द्वारों ,प्रांगण और बूथ को चित्रों, रंग बिरंगी झालरों और फ्लेक्स आदि से सजाया गया है जिससे आकर्षित होकर वोटर मतदान केन्द्र पर आ कर अपने मत का प्रयोग अवश्य करे। प्राथमिक विद्यालय ईरापुर को शुक्रवार को प्रवेश द्वार को आकर्षक ढंग से व प्रांगण को रंगीन झंडियों और झालरों से सजाया गया है मतदान केंद्र पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सर्वप्रथम सेल्फी लेने आए 85 वर्षीय मतदाता झगडू का माला पहनकर सम्मान किया गया, सेल्फी प्वाइंट स्थानीय मतदाताओं को खूब लुभा रही है और ग्रामवासी आकर बड़े शौक से अपनी सेल्फी ले रहे हैं। जूनियर हाईस्कूल दारानगर को खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने भव्य व आकर्षक ढंग के सजवा कर आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार करवाया।

## स्कूल में मतदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

उन्नाव। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन जीनियस पब्लिक इण्टर कॉलेज, गंज मुरादाबाद में किया गया। अभियान की शुरूआत विद्यार्थियों एवं आमजन के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवम जनमानस को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने स्थानीय मोहल्लों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर वोट देने के लिए अपील की।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद चौरसिया, क्षेत्राधिकारी, बांगरमऊ, उन्नाव और विशिष्ट अतिथि के रूप में आदर्श कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य, व जुल्फिकार अली, प्रबंधक, जीनियस पब्लिक इण्टर कालेज व शिवम पांडेय, रामकांती इत्यादि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ बांगरमऊ अरविंद चैरसिया ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से बीना किसी लोभ-लालच के मतदान तिथि पर सभी को मतदान करने अवश्य जाना है। देश का भविष्य युवा के हाथों में है, इसलिए आप सब की जिम्मेदारी है की



आपके बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो सके। यदि किसी तरह का असुविधा उत्पन्न होता है तो आप सभी पुलिस प्रशासन को सूचना दे सकते है। विशिष्ट अतिथि आदर्श कुमार पांडेय ने कहा कि हर भारत का नागरिक टैक्स देता है, सरकार बनाने का पावर है, फिर हम इस महापर्व पर आलस्य करके मतदान करने नही जाते है जिससे गलत सरकार हम पर शासन करने लगती है। उन्नाव में मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, लखनऊ ने किया और मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की इस प्रचार प्रसार और जागरूकता अभियान की सार्थकता होगी जब हम सब अधिकार समझकर हर वोटर को बूथ पर वोट देने भेजेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं आमजन के बीच मतदाता जागरूकता संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से बारह आकर्षण पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जन समूह और विद्याथीयों को ष्वोट जरूर डालेंगेष्स्लोगन वाली मिनी स्टीकर और पंपलेट इत्यादि वितरित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र पाल सिंह, राम कुमार, मोती लाल, लाल बहादुर कनौजिया, आशीष यादव, भद्रसेन आर्या, अग्रसेन आर्या, राजेश कुमार सहित लगभग 250 विद्यार्थी व विशिष्ट गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हस्ताक्षर कर मतदाताओं ने ली सेल्फी

## मतदाता जागरूकता अभियान

ललितपुर। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित किये जाने के लिए जहां एक ओर प्रशासन जुटा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मी के बीच मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने के लिए प्रशासन के साथ अखिल भारतीय व्यापार मण्डल ने भी कदमताल कर दी है। इसके तहत शुक्रवार को शहर के हृदय स्थल घण्टाघर के विशाल मैदान पर मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी कमलाकान्त पाण्डेय ने किया। वहीं दूसरी ओर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये थे। कार्यक्रम का संयोजन अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने किया।




शुभारंभ अवसर पर सीडीओ कमलाकान्त पाण्डेय ने अपने हस्ताक्षर करते हुये मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महामहोत्सव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया तो वहीं दूसरी ओर सीडीओ ने प्वाइंट पर जाकर सेल्फी भी ली। मौके पर उपस्थित व्यापारी व आमजन के समूह को 20 मई 2024 को निर्धारित समय से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीडीओ ने कहा कि संविधान में हमें मतदान करने का अधिकार दिया गया है। हम इस अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग आवश्यक रूप से करना चाहिए, ताकि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बन सकें। उन्होंने युवा मतदाताओं से आह्वान किया कि वह अपने परिजनों के अलावा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। अन्य वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ? के लिए सभी संगठनों के सहयोग से मतदान के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि वोट हमारा अधिकार है इसको बेकार नहीं करना है वोट का प्रयोग जरूर करना है चुनाव वाले दिन 20 मई को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है उंगली पर स्याही का निशान लोकतंत्र की मजबूती के साथ-साथ एक समझदार नागरिक होने का भी प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजक व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बताया कि अपने पसंद का प्रत्याशी का चयन तभी होगा जब हम अपने विवेक से बिना किसी लोभ लालच के मतदान करेंगे। हम न केवल स्वयं मतदान करेंगे व अपने साथियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे हमारा लक्ष्य है। ललितपुर जिले का वोटिंग प्रतिशत देश में प्रथम स्थान पर रहे। इसके लिए व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य अपने प्रतिष्ठानों पर मतदान जागरूकता हेतु पंपलेट, तख्तियां लगाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सेल्फी प्वाइंट मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। कार्यक्रम उपरान्त भी देर शाम तक प्वाइंट पर जाकर सेल्फी लेने वालों की भीड़ एकत्र रही और हर उम्र वर्ग के लोगों ने व खास महिलाओं और नए वोटरों में उत्साह दिखा, यहां फोटो खिचवाएं और लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वनाथ यादव, राकेश अग्रवाल, दिलीप खटीक, मु.शरीफ जावेद, करीम पप्पू राईन, राजेश तिवारी, अमित गोयल, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण महिमा मण्डल से शक्ति पाठक, डॉली राजा बुन्देला, केहर सिंह परमार, प्रदीप साहू, जशरथ, मंचल, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, हर्ष सेन, अमन बग्गन, ब्रजेश ताम्रकार, सचिन यादव, देवेश बरया, देवेन्द्र कुशवाहा, शिवम, मनोज जैन, आशीष, दीपक जैन आस्था, सौरभ जैन, डा.सत्तार खान, शाकिर, हरीराम, शिवम परिहार, दीपक चैबे, अतुल पाठक, सनत कुमार जैन, संतोष राठौर, बालकिशन, नेहा, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, ज्ञानप्रकाश खाण्डेलवाल, रामशंकर शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, सोहित अली, लवलेश, रवि मिश्रा, राधे गोस्वामी, दीपक, प्रेम कुमार, सुरेन्द्र सफेरा, बृजेन्द्र सपेरा, सीताराम चैरसिया, मु.इब्राहिम, अमित कुमार, कस्तूरचंद्र के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। संचालन दीपक जैन आस्था ने व आभार आरिफ पठान ने व्यक्त किया।

संक्षेप

## ट्रक-बोलेरो भिड़ंत में कई घायल

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के अतरहट गांव के पास ट्रक व बोलेरो के बीच हुई टक्कर में कई लोग घायल हो गये। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष चिल्ला ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि ट्रक बांदा की ओर से जा रहे ट्रक और चिल्ला की ओर से आ रही बोलेरो में चालक की लापरवाही के चलते दुर्घटना हुई।

## कचेहरी परिसर में प्याऊ का हुआ शुभारंभ

ललितपुर। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मुख्यालय स्थित न्यायालय के लिए आने वाले लोगों को शीतल पेयजल मुहैया कराने के लिए शुक्रवार को युवा अधिवक्ता कमलेश लोधी ने अपने जन्म दिवस को अनोखे अंदाज में मनाते हुये निरूशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। इस प्याऊ से जहां सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले वादकारियों और आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा, तो वहीं अन्य लोगों के लिए भी यह प्रेरणादायक साबित होगा। इस दौरान जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान में आवश्यकता है कि अधिवक्ता वादकारियों के हितों को भी ध्यान में रखते हुये ऐसे पुण्य कार्य के लिए आगे आना चाहिए। महामंत्री महेन्द्र जैन ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। इसलिए हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए कि कचहरी परिसर में आने वाले वादकारियों व अन्य लोगों के लिए इस भीषण गर्मी में शीतल पेयजल तो आवश्यक रूप से मुहैया करायें। पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष ने कहा कि अधिवक्ताओं को ऐसे अवसरों पर जनसेवा के कार्य अवश्य करना चाहिए, ताकि अधिवक्ताओं द्वारा किये जाने वाले कार्यों को समाज में भी अन्य कार्यों की तरह ही सराहा जाये। उन्होंने कहा कि कचहरी परिसर में आने वाले लोगों की समस्याओं का हरसंभव प्रयास करते हुये निस्तारण कराने में सहयोग करें। इस दौरान अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव, महामंत्री महेंद्र जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवत कुशवाहा, ओमप्रकाश घोष, राजीव चैधरी, पुष्पेंद्र सिंह चैहान, शशिकांत राजपूत, अमित ग्वाला, भागीरथ लोधी, बलवीर यादव, तिलक यादव, जयराम यादव, रविंद्र घोष, प्राण सिंह आदि कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करें : अशोक पटैरिया

ललितपुर। शुक्रवार को चण्डी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में परशुराम जयंती मनाई गई। ललितपुर ब्राह्मण महामंडल से मुख्य अतिथि अध्यक्ष अशोक पटैरिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशा से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे। ब्राह्मण महामण्डल (रजि.) के तत्वावधान में ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। संगठन के अध्यक्ष अशोक पटैरिया के नेतृत्व में चण्डी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में भगवान परशुराम के चित्र पर पुजारी रामेश्वर पटेरिया ने पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अशोक पटैरिया, महामंत्री परमानंद तिवारी, धनीराम शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, ब्रजेश बबेले, पार्षद मनमोहन चैबे, रूक्मणी कांत त्रिपाठी सभी विप्रजनो का आभार व्यक्त किया।

# परशुराम जयंती पर कार्यक्रम, देश के समृद्धि की कामना



बांदा। जिले भर में परशुराम जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गयी। वक्ताओं ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के महाज्ञानी भगवान परशुराम ने तप और पराक्रम से मानव जाति का कल्याण किया। तिंदवारी कस्बे के प्रेम नगर स्थित राम मैरिज हॉल में भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मोत्सव पर उनके चित्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माल्यार्पण, धूप, दीप, नैवेद्य से पूजा अर्चना की गयी। भगवान परशुराम से देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी। पंडित ओंकार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि परशुराम त्रेता युग में एक ब्राह्मण ऋषि के घर जन्मे थे और विष्णु के छठे अवतार हैं। अपने तप और पराक्रम से उन्होने मानव जाति का कल्याण किया। पौराणिक वृत्तांतों के अनुसार उनका जन्म भृगु के पुत्र जमदग्नि द्वारा संपन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इंद्र के वरदान स्वरूप पत्नी रेणुका के गर्भ से बैसाख शुक्ल तृतीया को भगवान विष्णु के आवेशावतार के रूप में हुआ था। कमेटी के संरक्षक आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि महाभारत एवं विष्णु पुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था लेकिन जब भगवान शिव ने उन्हे अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। अनूप तिवारी ने कहा कि कैलाश पर्वत पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। दीपक मिश्रा ने कहा कि वह शस्त्र विद्या के महान गुरू थे। उन्होने भीष्म, द्रोण व कर्ण को अस्त्र विद्या प्रदान की थी। कार्यक्रम में विष्णुदत्त तिवारी, सत्यनारायण द्विवेदी मुरारी जी, ओमप्रकाश मिश्रा, चंद्रपाल गर्ग, गजोधर द्विवेदी, कमलाकांत त्रिवेदी, महानारायण शुक्ला, राकेश तिवारी, रमाकांत द्विवेदी व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मयंक के मैदान में उतरने से त्रिकोणीय संघर्ष के आसार



बांदा। संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट के बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान कचेहरी में अधिवक्ताओं से मिले। अधिवक्ताओं ने भी उनकी हौसला आफजाई की। बसपा कार्यकताओं की टोलियां बिना किसी दिखावे के संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए रात-दिन एक किए हुए हैं। प्रत्याशी मयंक लगातार जनसंपर्क कर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हुए वोट मांग रहे हैं। हालांकि इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने पिछड़ा वर्ग की प्रत्याशी कृष्णा पटेल पत्नी शिवशंकर पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने भी निवर्तमान सांसद आर के सिंह पटेल पर दांव लगाया है। आर के पटेल की जनता के बीच छवि अच्छी नहीं बतायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सवर्ण प्रत्याशी सपा और भाजपा ने नहीं उतारा जिसका लाभ बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी को मिलता दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रत्याशी का नाम फाइनल होने से पहले पूर्व भाजपा सांसद भैंरव प्रसाद मिश्र ने टिकट के लिए भरसक प्रयास थे कि उन्हें एक बार फिर पार्टी मौका देगी लेकिन ऐन वक्त पर उन्हें दरकिनार कर आर के पटेल को चुनाव मैदान में उतार दिया। नतीजतन बड़ी संख्या में ब्राम्हण मतदाता भाजपा से दूरियां बनाने लगा और धीरे-धीरे बसपा प्रत्याशी के पक्ष में लामबंद होने लगा। मृदुभाषी व मिलनसार होने की वजह से बसपा प्रत्याशी को हर वर्ग का समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि यदि हांथी की रफ्तार इसी तरह बनी रही तो अन्य दलों के समीकरण बिगड़ने में संशय नही हैं। बसपा प्रत्याशी का कहना है कि यदि लोगों ने उन्हे स्वीकारा तो वह अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए भरसक प्रयास करेंगे। बसपा प्रत्याशी को मिल रहे जनसमर्थन से अन्य दलों के प्रत्याशियों में बेचैनी दिखाई दे रही है। हालांकि सभी दल अपनी जीत के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं लेकिन मयंक के चुनाव मैदान में उतरने से सबसे अधिक नुकसान भाजपा प्रत्याशी का होता दिखाई दे रहा है। फिलहाल भाजपा, बसपा व सपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं।

# वृद्ध के गुप्तांग पर किया प्रहार, मौत

- परिजनों ने डीआईजी को भेजा शिकायती पत्र, जांच कर कार्यवाही की मांग

ललितपुर। अधिकारी बनकर फोन करते हुये अनावश्यक रूप से परेशान करने का उलाहना देने गये वृद्ध के साथ गांव के दबंगों ने मारपीट कर दी। आरोप है कि वृद्ध के गुप्तांगों पर प्रहार किये जाने से उसकी जान चली गयी। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को मृतक के परिजनों ने लामबंद होकर पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र को संबोधित एक शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर सौंपा। इस पत्र के जरिए पीड़ित परिवार ने गांव के उक्त दबंग लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम गढि ?ा में रहने वाले हरबन कुशवाहा ने डीआईजी को भेजे पत्र में बताया कि 5 मई 2024 को उसके पिता रामा कुशवाहा के मोबाइल पर एक फोन आया। उक्त फोन पर दूसरी ओर से गांव के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा अधिकारी बनकर अनावश्यक वार्ता करते हुये परेशान किया गया। नम्बर की जांच करने पर उक्त नम्बर गांव के ही एक व्यक्ति का पाया गया। बताया कि उसके पिता रात करीब 9 बजे जब फोन लगाने वाले व्यक्ति के घर उलाहना देने के लिए पहुंचे तो वहां उक्त युवक के परिजनों ने एकराय होकर उसके पिता के साथ लात-घूसों, डण्डों से मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पिता के गुप्तांग में लात मारकर प्रहार कर दिया, जिससे वह घायल हो गये। शोरगुल होने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा और घायल पड़े अपने पिता को लेकर घर वापस चला गया और कमरे में लिटा दिया। अगले दिन सुबह जब मुकेश रामा कुशवाहा को उठाने पहुंचा तो रामा कुशवाहा की मौत हो चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत दर्ज कराने के लिए वह थाना बार पहुंचा, जहां उसकी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अब पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# दोस्ती के इम्तिहान में पास हुआ सुमित

## धधकती आग में खुद को झोंक कर बचाई दोस्तों की जान

बरेली। आइए आज हम आपको एक ऐसे जांबाज से मिलवाते है जिसने अपने दोस्तों की जान बचाकर एक मिसाल कायम की है। दिल्ली में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सुमित के क्वार्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसके बाद लोगां की भीड़ जमा हो गई। हर तरफ चीख पुकार मची थी। ऐसे में सुमित ने बहादुरी का परिचय दिया और चौथी मंजिल पर एक कमरे में फंसे अपने दो दोस्तों को सकुशल बचा लिया। हालांकि इस दौरान सुमित आग की लपटों से काफी हद तक झुलस गया। सुमित यादव दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 22 में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे है।



सुमित यादव महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे है। सुमित आज बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित अपने घर पहुंचे तो उनको देखने के लिए लगातार लोग आ रहे है। सुमित की बहादुरी के चर्चे दिल्ली से बरेली तक हर किसी की जुबान पर हैं। सुमित की बहादुरी के बारे में जो कोई भी सुन रहा है वो ऐसे बच्चे को एक बार जरूर मिलना चाह रहा है। सुमित की इस जाबांजी को देखकर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

सुमित के पिता सर्वेश यादव भी काफी खुश है। सुमित ने बताया कि 26 अप्रैल को उनके कॉलेज में कार्यक्रम था। रात में वहीं रुक गए थे। सुबह करीब 5 बजे सुमित अपने दूसरे साथी के साथ अपने क्वार्टर पर पहुंचे। काफी देर तक सुमित ने दरवाजा खटखटाया और फोन भी किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। कुछ देर बाद कमरे से धुआं निकलते देखा तो सुमित और उसके साथी ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा। फिर सुमित आग की लपटों से घिरे अपने दोनों साथियों को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर धधकती आग से घिरे कमरे में घुस गया और फिर एक एक करके दोनों दोस्तां को बाहर निकाल लाया। इस दौरान दोनों दोस्त आर्यन गुप्ता और अनुपम कस्तूरिया तो मामूली झुलसे लेकिन उनको बचाते वक्त सुमित के दोनां हाथ और पीठ काफी झुलस गई। सुमित को फौरन दिल्ली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया और अब सुमित बरेली में अपने घर पर है। सुमित की बहादुरी के बारे में जब उसके कॉलेज के प्रिंसिपल को पता चला तो उन्होंने सुमित को राष्ट्रपति से प्रशस्ति पत्र दिलवाने के लिए पत्र लिखा है। सुमित अपनी दोस्ती के इम्तिहान में भी 100 प्रतिशत अंकों से पास हो गया।

# स्वास्थ्य शिविर का जिला जज ने किया उद्घाटन




बांदा। स्वास्थ्य एवं दंत शिविर का आयोजन शहर के मोहल्ला आजाद नगर में शुक्रवार को हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बी.डी.गुप्ता व जिला संघ चालक सुरेंद्र, जिला कार्यवाह श्याम सुंदर ने किया। निःशुल्क शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण कर स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जनपद न्यायाधीश ने शिविर के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए। इससे लोगों को स्वस्थ्य रखने और समाज से बीमारी को दूर करने में मदद मिलेगी। शिविर में डॉ. एसपी गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. भूपेंद्र सिंह नाक, कान, गला, डॉ. संगीता सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. एसपी सिंह दंत रोग विशेषज्ञ ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे जरूरी परामर्श दिया और दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में दंत रोग के 42, यूरो के 31, नेत्र रोग 49, साइकोलॉजिस्ट एवं मानसिक रोग 9, स्त्री एवं प्रसूति रोग 75, अस्थि रोग 49, जनरल फिजिशियन 43, न्यूरो सर्जन 52, बाल रोग 40, जनरल 72 लोगों ने उपचार कराया। शुभारंभ से पूर्व सुरेश कान्हा, शंकर, तरुण खरे, अरुण खरे, विजय ओमर, संजय निगम अकेला ने अतिथियों का बैज अलंकरण किया। बताते चलें कि आरोग्य भारती द्वारा नन्ही कार्यकर्ता पर्णिका खरे, समाजसेवी सुरेश कान्हा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह स्वाथ्य शिविर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, रिजवान अली, सुनील सक्सेना, प्रकाश साहू, शहान अली, मनोज जैन, मुदित शर्मा, राजेश दीक्षित, अरुण निगम, नवीन निगम, संजय काकोनिया, वृंदावन वैश्य, राकेश अग्रवाल, राकेश गुप्ता दद्दू मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर छाईं मोदी संग बरेली वालों की तस्वीरें

## नमो एप पर आये मनीष अग्रवाल, डा. केशव, परमजीत ओबराय समेत कई फोटो

बरेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बरेली वालों की तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं। पिछले दिनों रोड शो करने आये प्रधानमंत्री के साथ बरेली के कई राजनीतिक व गणमान्य व्यक्तियों की जमकर तस्वीरें खींची गईं। यह सभी तस्वीरें प्रधानमंत्री की मीडिया टीम की ओर से खींची गई थीं। अब यह तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं।



भाजपा के मीडिया के सह प्रभारी मनीष अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डा. केशव अग्रवाल, सेंट्रल गुरुपर्व कमेटी के चेयरमैन परमजीत सिंह ओबराय, डा. विमल भारद्वाज, डा. विनोद पागरानी, डा. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, पवन अरोरा, डा. आदेश गंगवार, सौरभ मेहरोत्रा, डा. हुदा, राजेन विद्यार्थी, पंडित सुशील पाठक, अनुपम कपूर आदि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एयरपोर्ट पर मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर इसे सामान्य व औपचारिक स्वागत से आगे बढ़ाकर इसको बातचीत व विमर्श का मौका बना दिया था।

प्रधानमंत्री ने सभी से देश के कई मुद्दों पर बातचीत की तथा बातचीत से माहौल को भी समझा। सरकार की कई योजनाओं पर भी सकारात्मक बात की। इन सभी तस्वीरों को प्रधानमंत्री की मीडिया टीम की ओर से खींचा गया था। यह सभी तस्वीरें नमो एप पर आ गई हैं। सभी लोग फोटो बूथ पर इन तस्वीरों के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह तस्वीरें सभी को आज मिल गई, इसी के साथ इन तस्वीरों को बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है।

# डॉ. हुदा को बीजेपी ने दी बड़ी जिम्मेदारी

बरेली। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी व उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशाम उल हुदा को 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने डॉ हुदा को सुरक्षित सीट बाराबंकी की हैदरगढ़ विधानसभा का प्रवासी प्रभारी बनाया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने इस जिम्मेदारी से डॉ हुदा को अवगत कराया। चुनाव प्रबंधन का काम देख रहे उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री जे.पी.एस.राठौर ने उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिया और बधाई देते हुए डॉ हुदा को हैदरगढ़ विधानसभा के लिये ससम्मान रवाना किया। डॉ हुदा अब 20 मई को होने वाले मतदान तक लोकसभा बाराबंकी की हैदरगढ़ विधानसभा में ही प्रवासकर मोर्चा संभालेंगे। संगठनात्मक बड़ी जिम्मेदारी उनके संगठन समर्पण व चुनावी प्रबंधन व प्रचार प्रसार कौशल को देखते हुए दी गई है।




# दहेज लोभियों ने ली विवाहिता की जान

जिला संवाददाता (vol)

नगीना, बिजनौर। दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की गला घोंट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद मृतका के पिता की तहरीर पर मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम तीबड़ी निवासी नसीम पुत्र मौ0 इस्माईल ने नगीना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसने अपनी बेटी फौजिया की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के गांव मंझेड़ा शकरु निवासी आदिल पुत्र यूनुस के साथ की थी और अपनी हैसियत के मुताबिक (दान दहेज) दिया था। नसीम का आरोप है कि फौजिया का पति आदिल, सास जमीला, बहन सोफिया, शहाना तथा भाई कादिर व मोहम्मद सादिक उसके द्वारा दिए गए सामान को पसंद नहीं करते थे और शादी



के बाद से ही कम दहेज नकदी लाकर देने की मांग करते रहते थे और उसका उत्पीड़न करते रहते थे। नसीम के अनुसार गुरुवार की सुबह 6 बजे दामाद आदिल का फोन आया और उसने यह कहकर फोन काट दिया कि तुम्हारी बेटी बहुत सख्त बीमार है, फौरन चले आओ। नसीम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पंजाब से मझेड़ा शाकरू पहुंचा तो ससुराल में उसकी बेटी फौजिया मरी हुई पड़ी थी और उसके गले पर गला घोटने के निशान थे। घटना की सूचना पर सीओ राकेश वशिष्ठ, कोतवाल सुनिल कुमार, मझेडा चैकी प्रभारी सुशील पवार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ग्रामीणों से घटना की जानकारी की। पुलिस ने नायब तहसीलदार फैसल कमर को मौके पर बुलवाया और उनकी देखरेख में फौजिया के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि मृतका फौजिया के पिता नसीम की तहरीर पर पति आदिल समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# निर्वाचन अधिकारी ने किया दूसरे प्रशिक्षण का निरीक्षण

बांदा। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को पंडित जेएन पीजी कालेज में मतदान कर्मियों के दूसरे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होने मतदान कर्मियों से कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में मतदान कर्मियों की



भूमिका महत्वपूर्ण होती है। चुनाव मे मतदान कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक है कि कर्मचारी मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम मशीन सहित सभी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण मे संवेदनशीलता व कुशलता से मतदान कराए जाने के सभी कामों का बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि मतदान के समय किसी तरह की समस्या न होने पाए। उन्होने प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों से प्रश्न करते हुए उनके द्वारा चाही गयी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदानकर्मी मतदान प्रशिक्षण के बाद ईडीसी पोस्टल बैलेट के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होने कर्मियों को मापतोल के समय विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों के साथ, मतदान प्रक्रिया के बारे मे प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी के कार्यों, ईवीएम संचालन प्रक्रिया सहित मतदान के समय मतदाता की बाईं उंगली पर स्याही का निशान अवश्य लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होने मंडी समिति में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग कार्य का निरीक्षण किया और जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इस काम मे लगे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, डीएसटीओ संजीव बघेल व अन्य अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित होगा: डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा जिले के इण्टर पास एवं इण्टर से अधिक शिक्षित दिव्यांगजन जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे है या करना चाहते है। ऐसे इच्छुक दिव्यांगजनों के लिए जिला बिजनौर में एक निःशुल्क विशेष कोचिंग संस्थान संचालित किया जायेगा। जिसमें निःशुल्क हॉस्टल, भोजन एवं कोचिंग कक्षाओं के लिये योग्य अध्यापकों की व्यवस्था होगी। यह विशेष कोचिंग संस्थान शत-प्रतिशत परिणाम लक्ष्य पर कार्य करेगा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि जो दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ लेना चाहते है, जिले के ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों सहित 25 मई,2024 तक बिजनौर, विकास भवन में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के पास आकर अपना पंजीकरण करायें।

संक्षेप

## फंदे से लटका मिला महिला का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। कोतवाली टिकैतनगर अन्तर्गत बहोरिकपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियो मे 30 वर्षीय विवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार रुबीना पत्नी मो0 सहीम का शव घर के अंदर कमरे मे संदिग्ध परिस्थितियो मे फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सुखीपुर चैकी प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने शव को कब्जे मे लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेजा।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे कल करेंगे बैठक

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे 12 मई को प्रेस क्लब में इंडिया गठबंधन की बैठक लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे लोकसभा क्षेत्र-फैजाबाद के कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयो सहित इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी एवं इंडिया गठबन्धन के घटक दलों ( समाजवादी पाटी, लोकदल, आम आदमी पार्टी, किसान यूनियन ) के नेताओं, प्रभारियों व पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारी के सम्बन्ध में बैठक करेंगे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये किया प्रेरित

सोहावल-अयोध्या। माँ वैष्णो देवी महिला शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय सियाराम नगर पूरेकीरात कांटा जिला अयोध्या के कौशल विकास के नवयुवकों को व कन्हैयालाल महिला महाविद्यालय सुचित्तागंज सोहावल जिला अयोध्या के विद्यार्थियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सोहावल सुधीर कुमार मिश्र ने प्रेरित किया कि मतदान अवश्य करें व मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें।जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके।

## आज मनेगी पीतांबरा जयंती

सोहावल-अयोध्या। श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में पीतांबरा जयंती 11 मई को पूर्वाह्न दस बजे मनाई जायेगी। मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय ने बताया कि आचार्य गिरिजा मिश्र के मार्गदर्शन में दतिया पीठ की परंपरा के अनुसार भगवती पीतांबरा के विग्रह का षोडशोपचार पूजन किया जायेगा। हवन, आरती व पुष्पांजलि के उपरांत कन्याओं का पूजन कर वस्त्र आदि प्रदान किया जाएगा। साथ ही पीठ परिसर में स्थापित भगवती तारा, स्वामीजी महाराज तथा अन्य देवी देवताओं के विग्रहों की विशेष पूजा की जायेगी। इसके उपरांत प्रसाद वितरण होगा। आयोजन में पीठ से जुड़े साधक व श्रद्धालु भाग लेंगे।

## सपा नेता फिरोज खान गब्बर पर आचार संहिता उलंघन का केस दर्ज

सोहावल-अयोध्या।गत विधान सभा चुनाव बीकापुर से रनर रहे समाजवादी पार्टी के नेता हाजी फिरोज खान गब्बर के विरुद्ध रौनाही थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का पुलिस ने केस दर किया है। गुरुवार की शाम उप-निरीक्षक आलोक कुमार यादव की तहरीर पर पंजीकृत किए गए धारा 188, 171जी , 506 आई पी सी के इस मामले में आरोप है कि सपा नेता गब्बर ने रौनाही गांव में अपने दल के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के पक्ष में बिना अनुमति नुक्कड़ सभा कर पुलवामा घटना को लेकर भाजपा पर हमला किया और अनुचित भाषण दिया। जिसमे बिगड़े बोल के तहद आपत्ति दर्ज कराई गई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निदेशों के अनुसार निर्धारित धाराओं में सपा नेता गब्बर के विरुद्ध आचार संहिता उल्लंघन का केस पंजीकृत कर छानबीन करायी जा रही है।

## भगवान परशुराम जयंती पर हिंदू महासभा ने किया नमन

अयोध्या। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर हिंदू महासभा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया लक्ष्मण घाट स्थित नया मंदिर शीश महल मैं आयोजित समारोह में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार, भीष्म,द्रोण, कर्ण,अश्वत्थामा को शस्त्र विद्या सिखाने वाले महान गुरु, नारी जागृति आंदोलन के संचालक ना सिर्फ, वैदिक राष्ट्र के प्रणेता थे, बल्कि वे धर्म एवं न्याय के मार्ग का अनुसरण करे।

# धनखड़ ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी

## हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन, पावन सलिला सरयू की उतारी आरती



करूणाकर दूबे

अयोध्या। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अपने परिवार व राज्यसभा के अन्य पदाधिकारियों के साथ अयोध्या धाम पहुंचें। उप राष्ट्रपति का अयोध्या धाम मे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगभग अपरान्ह 4 बजे आगमन हुआ, जहां पर उनके साथ उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़, तथा परिवारजन एवं राज्यसभा के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति का जनपद के प्रभारी व प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही,ए0डी0जी0 जोन अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आई0जी0 प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर द्वारा पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया जहां से उप राष्ट्रपति हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन पूजन किया। तदोपरांत श्रीराम लला का दर्शन कर भगवान श्री राम लला का आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां पर ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, सदस्य डा0 अनिल मिश्रा, गोपाल जी, पुजारी सत्येन्द्र दास द्वारा उप राष्ट्रपति का स्वागत किया गया । अगले चरण में मंदिर परिसर में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंदिर निर्माण सम्बन्धी प्रस्तुतिकरण के अवलोकन किया। तत्पश्चात कुबेर टीला पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया गया एवं वहां पर स्थापित जटायु स्टेचू का अवलोकन किया। इसके बाद सरयू आरती स्थल नयाघाट पर पहुंचकर आरती में शामिल हुए जहां उन्होंने सरयू माता जी की आरती उतारी। भ्रमण कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात उप राष्ट्रपति महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुचे जहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही, ए0डी0जी0 जोन अमरेंद्र प्रसाद सिंह,मण्डलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, अपर जिलाधिकारी गण, उपजिलाधिकारी गण, पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन, संभाली सुरक्षा की कमान

अयोध्या। दर्शन-पूजन और सरयू आरती के लिए जनपद आ रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर के दौरे के पूर्व शुक्रवार को दूसरी पहर लखनऊ जोन के एडीजी अमरेंद्र सिंह सेंगर अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन ने राममंदिर समेत अन्य स्थलों का जायजा लिया है और ड्यूटी में लगाए गए मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक हिदायत दी है। जनपद पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने जनपद के अधिकारियों से वीवीआईपी दौरे को लेकर किए गए इंतजाम तथा रणनीति की जानकारी ली और फिर अयोध्या पहुँच तैयारियों तथा सुरक्षा व व्यवस्था का अवलोकन किया। एडीजी जोन ने राममंदिर परिसर, उपराष्ट्रपति के आगमन व प्रस्थान मार्ग, हनुमानगढ़ी,सरयू तट स्थित आरती स्थल आदि का स्थलीय निरीक्षण किया और इंतजाम को जांचा-परखा। वीवीआईपी दौरे को लेकर जिला पुलिस और प्रशासन की ओर से पुलिस और पैरामिलेट्री के साथ विभिन्न दस्तों की तैनाती की गई है। दौरे से संबंधित कार्यक्रम स्थलों की एंटी माइन और बम खोजी व निरोधी दस्ते तथा डॉग स्क्वायड से जाँच व तलाशी कराई गई है।

## सीएम योगी फैजाबाद में दो जनसभाओं को करेंगे सम्बोधित

अयोध्या। लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनकी पहली जनसभा 14 मई को दरियाबाद व दूसरी 16 मई को मिल्कीपुर विधानसभा में होगी। इनके अलावा अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, संदीप सिंह, बृजलाल व चिराग पासवान से जनसभा के लिए समय मांगा गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री की दरियाबाद में रेलवे स्टेशन के मैदान व मिल्कीपुर की जनसभा का आयोजन 4 नम्बर नलकूप के मैदान में होगा। इसके साथ में भारत सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल की उत्तर प्रदेश सरकार में संजय निषाद, प्रदेश सरकार में मंत्री संदीप सिंह से समय मांगा गया है। पूर्व डीजीपी बृजलाल व चिराग पासवान से जनसभा के लिए समय मांगा गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनसभा के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। जिसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनसभा के पहले सम्पर्क व संवाद की श्रंखला चलाकर बूथ स्तर पर जनता को जनसभा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अन्य नेताओं की जनसभा को लेकर रूपरेखा तैयार की जा रही है। समय मिलने पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसभा की तैयारियों को लेकर लगातार मानीटरिंग केन्द्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय से किया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की वजह से आम जनता में उत्साह का माहौल है। भाजपा के साथ समाज का हर वर्ग जुड़ा हुआ है।

## यह चुनाव सामान्य नहीं यह राष्ट्र का चुनाव : गुलाबो देवी



अयोध्या। शहर के उदया पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में भाजपा द्वारा प्रबंधक, प्रधानाचार्य व शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मलेन की मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाबो देवी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने की। माता सरस्वती की चित्र के समक्ष दीपप्रज्जवलन कर सम्मेलन की शुरूवात की गई। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि विपक्षी पाटीर्यां मोदी विरोध में एक हो गईं है। पीएम मोदी को रोकने के लिए वैचारिक मतभेद वाले दल भी एक मंच पर आ गए हैं। यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह राष्ट का चुनाव है। मोदी कोई सामान्य व्यक्ति नही है। उनमें त्याग की भावना है। निर्णय लेने की क्षमता है। पीएम के नेतृत्व में विश्व पटल पर देश गौरवान्वित हुआ है। सरकार की विकास योजना से बिना भेदभाव सभी पात्रों को लाभान्वित किया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। देश में नई आईआईटी, आईआईएम स्थापित करने से लेकर प्राथमिक स्तर की शिक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए है। डबल इंजन की सरकार प्राथमिकताओं में अयोध्या है। अयोध्या में विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से अद्वितीय बदलाव हुए है। चैड़ी सड़कें, रेलवे ओवरब्रिज से यहां के यातायात को सुगम बनाया गया। तीर्थयात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं है। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षा प्रणाली में सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। छात्रों को 21 वीं सदी के लिए तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के दृष्टिकोण को साकार किया गया है।

## संविधान बचाने के लिये चुनाव हो रहा है : तनुज

### सिविल कोर्ट परिसर में जनसम्पर्क कर गठबंधन प्रत्याशी ने मांगा समर्थन



बाराबंकी। पांच न्याय और 25 गारन्टी जो इन्डिया गठबन्धन युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय के रूप में सरकार बनने पर देश की जनता को देने जा रही है। उसमें एक विकसित खुशहाल भारत की तस्वीर है। उक्त बात आज सिविल कोर्ट व कलेक्टेज्ट परिसर मे अधिवक्ताओ से जनसम्पर्क के दौरान समर्थन मांगते हुये इन्डिया गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कही। उन्होने कहा कि आज संविधान बचाने के लिये चुनाव हो रहा है। जिसके लिये सभी को एक-जुट होना पडेगा। जनसम्पर्क के दौरान जिला बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई अधिवक्ताओ के साथ वोट की अपील करते हुये देखे गये। साथ ही सिविल कोर्ट चैम्बर मे वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन, विजय प्रताप सिंह, पुष्पेद्र सिंह, निर्मल वर्मा, भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की, अनुराग यादव, श्याम सिंह, राजेन्द्र बहादुर सिंह, देवेन्द्र यादव, दानिश सिद्दीकी, आनन्द सिंह, अरविन्द वर्मा, अंगद यादव, अनुपम वर्मा, कर्मवीर सिंह आदि अधिवक्ताओ ने गठबन्धन प्रत्याशी का स्वागत किया। साथ ही कुछ अधिवक्ताओ द्वारा मिठाई खिलाकर अग्रिम बधाई भी दी गई।

## नकारात्मक विचार मनोरोग का आधार : डॉ. आलोक

**अयोध्या।** व्यक्तित्व विकार वह मानसिक प्रक्रिया है जो विचारों, भावनाओं व व्यवहार को दुष्प्रभावित तो करता ही है, आगे चलकर मनोरोग का रूप भी ले सकता है। इन विकारों में चिंतालु व्यक्तित्व विकार गंभीर श्रेणी में आतें है क्योंकि ऐसा व्यक्ति हर वक्त अनावश्यक तनाव पैदा करने वाले विचारों से घिरा रहने के कारण चिंतित व तनावग्रस्त रहता है जिससे आगे चलकर डिप्रेशन का शिकार भी हो सकता है । दूसरा गंभीर पर्सनालिटी डिसऑर्डर है शंकालु व्यक्तित्व । इसमें व्यक्ति लगातार काल्पनिक डर या भय के विचारों से घिरा रहता है तथा अपने करीबी व प्रियजनों पर भी शक वहम करने लगता है।ऐसा व्यक्ति परिवार व समाज से कटने लगता है और शक्की व झक्की हो सकता है जिसे सिजोफ्रेनिया मनोरोग कहा जाता है । व्यक्तित्व विकारों के शुरूवाती लक्षण किशोर व युवा उम्र में ही दिखायी पड़ने लगते हैं पर अज्ञानता व संकोच के चलते लोग सलाह से वंचित रह जाते है । यह बातें भवदीय पब्लिक स्कूल के शिक्षक मनोप्रशिक्षण सत्र में डा आलोक मनदर्शन ने कही ।

छ सलाहः अनावश्यक व बार बार चिन्ता , शक या डर दो हफ्ते से ज्यादा महसूस होने पर मनोपरामर्श अवश्य लें। अतिनिद्रा या अनिद्रा, भूख में उतार चढ़ाव, असामान्य दिल की धड़कन ,पेट का ठीक न रहना , सर दर्द, थकान, चिड़चिड़ापन,अतिक्रोध, आत्मतघाती या परघाती विचार जैसे लक्षण भी दिख सकतें है। स्वस्थ, मनोरंजक व रचनात्मक गतिविधियों तथा फल व सब्जियों के सेवन को बढ़ावा देते हुए योग व व्यायाम को दिनचर्या में शामिल कर आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य लें ।

## कछार से नदी तक शुरू हुआ आबकारी विभाग का छापेमारी अभियान

- नदी की गहराई मे छुपाई गई 40 लीटर कच्ची शराब को किया बरामद

बाराबंकी। नाव पर सवार होकर अब आबकारी विभाग नदी की गहराई



मे छुपाई गई कच्ची शराब को ढूढ़ने मे कार्यवाही करता हुये देखा जा रहा है। जंगल से लेकर सड़क तक और कछार से लेकर नदी तक छापेमारी अभियान की मुहिम जारी है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश व जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान अब नदी पर भी प्रभावी दिख रहा है। आज टीम ने थाना टिकैतनगर अन्तर्गत ग्राम ग्राम मांझा, रायपुर, करोनिबंधा समेत दर्जन भर संदिग्ध ग्रामो मे छापेमारी की। 140 किलोग्राम तैयार लहन को नष्ट किया गया। मौके से 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। इसके साथ ही ग्रामवासियो को अवैध शराब के प्रति जागरुक करते हुये लोकसभा चुनाव मे प्रलोभन देने वालो के खिलाफ शिकायत की अपील भी की।

## मतदान बना जागरूकता का संदेश

### 95 वर्षीय विध्यवासिनी सिंह ने मतदान के प्रति निभाई अपनी जिम्मेदारी

सरदार भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की



बाराबंकी। लोकतंत्र मे मतदान का बहुत महत्व होता है। और इस महापर्व मे सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिये। एक तरफ जंहा जिला प्रशासन व चुनाव आयोग द्वारा बुजुर्गो के लिये मतदान करने हेतु गाइडलाइन जारी कर सुगम व्यवस्था की गई है। तो वही दूसरी तरफ 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला से सभी को मतदान के प्रति सीख भी लेनी चाहिये। मतदान के प्रति जागरुक न रहने वालो के लिये 95 वर्षीय बुजुर्ग महिला द्वारा किया गया मतदान ही जागरुकता का संदेश है। विधानसभा रामनगर अन्तर्गत ग्राम हसनपुर पहाड़पुर मे आज 95 वर्षीय श्रीमती विध्यवासिनी सिंह ने जागरुक मतदाता होने का जंहा फर्ज निभाया है। वही लोगो के लिये भी एक मिसाल कायम की है। 95 वर्षीय श्रीमती सिंह पूर्व विधायक दादा गजेन्द्र सिंह की धर्मपत्नी है। और वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन की माता है। जिनके घर पर आज मतदान कर्मियो द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनका मतदान सम्पन्न कराया गया। इस दौरान मीड़ियाकर्मी भी उपस्थित रहे। और मतदान के बाद श्रीमती सिंह से पूछने पर उन्होने कहा कि मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। लोकतन्त्र मे मतदान का बहुत बड़ा महत्व होता है। आज हमने अपना फर्ज निभाकर विजय अभियान शुरू किया है।

## 4 लुटेरे गिरफ्तार, 6 मोबाइल, 2 अदद चोरी की बाइक बरामद



बाराबंकी। थाना सफदरगंज पुलिस ने 4 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 2 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 शातिर लुटेरों नारेन्द्र पुत्र राकेश रावत, शिवम पुत्र रामबाबू निवासीगण धरौली थाना रामसनेहीघाट, आदित्य कुमार उर्फ छोटू पुत्र सोहनलाल निवासी जलालपुर थाना सफदरगंज, सुमित यादव पुत्र राम सुफल यादव निवासी ग्राम मालीपुर थाना रामसनेहीघाट को लूट के 6 अदद मोबाइल फोन, 2 अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद करते हुये शिवगढ़ मोड़, ग्राम सैफपुर थाना सफदरगंज से गिरफ्तार किया।

## 12 को तनुज के समर्थन में आयेंगे अखिलेश यादव

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 12 मई रविवार को प्रात 10 बजे इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में दशहराबाग स्थित मौरंग मण्डी मे विशाल जनसभा को सम्बोधित करेगे। इस दौरान उनके साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डेय भी मौजूद होगे। सपा और कांग्रेस की ओर से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति मे कहा गया है कि संसदीय क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता, विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सभी उपस्थित रहेगे।

## मतदान की समाप्ति तक सील रहेगी भारत नेपाल सीमा

बहराइच ।जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण अन्तर्गत 56-बहराइच ( अ.जा. ) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 13 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों तथा 01 अप्रैल 2024 को सम्पन्न भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा समन्वय बैठक में हुई सहमति के क्रम में जनपद बहराइच की नेपाल राष्ट्र से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा 10 मई 2024 को सांय 05:00 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए सील किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि उपरोक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी किये जाने हेतु एसएसबी कमाण्डेंट 42वीं वाहिनी एवं 59वीं वाहिनी बहराइच अथवा उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को एवं अन्य आवश्यक कार्यो के लिए आवागमन करने हेतु पास जारी करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा व मिहींपुरवा ( मोतीपुर )/पुलिस क्षेत्राधिकारी, नानपारा व मोतीपुर को अधिकृत किया जाता है।

## चुनाव प्रचार की अनुमति हेतु नामित किये गये अधिकारी

बहराइच । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-कैसरगंज ( आंशिक ) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट जनपद बहराइच के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज में चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा/जूलूस/रोड शो/रैली इत्यादि तथा सभी प्रकार के वाहनों की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर हेतु उप जिलाधिकारी पयागपुर/सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज हेतु उप जिलाधिकारी कैसरगंज/सहायक रिटर्निंग आफिसर, 57-कैसरगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र को नामित किया गया है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 57-कैसरगंज ( आंशिक ) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत एक से अधिक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा/जूलूस/रोड शो/रैली इत्यादि तथा सभी प्रकार के वाहनों की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी बहराइच को नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि नामित अधिकारियों द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के अधार पर अनुमति जारी की जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से इतर प्राप्त आवेदनों को दिनांक व समय दर्ज करते हुए प्राप्त किया जाएगा तथा मास्टर रजिस्टर में अंकित कर ऑनलाइन कराने के उपरान्त समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर अनुमति निर्गत की जाएगी और डीईओ पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाएगा।


## संजीवनी लॉ कॉलेज में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



बहराइच । सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच श्री विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में पशु क्रूरता और जानवरों की सुरक्षा, उपभोक्ता अधिकार, शिक्षा का अधिकार एवं लिंग समानता के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुधाकर त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के विषय के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात संजीवनी लॉ कालेज मे विधि के छात्र/छात्राओं को मो0 रागन खान, यूसूफ लियाकत, श्रेयसी सिंह, शीला वर्मा, भारती यादव एवं मानषी गौतम द्वारा विषय के अनुरूप अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये साथ ही उनके द्वारा यह भी कहा गया कि वह सभी अपने आस-पास के इलाकों में आमजनमानस को जागरूक करेगें।

मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा गया कि 86 वें संविधान संशोधन मे आर0टी0ई0 एक्ट को लागू किया गया। जिसमें भारत के 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है, प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को रोका नहीं जाएगा, निष्कासित नहीं किया जाएगा। श्रीमती निशा त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम का उद्देश्य पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुँचाने या पीड़ा देने से रोकना है, जिसके लिये अधिनियम में पशुओं के प्रति अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुँचाने के लिये दंड का प्रावधान किया गया है। वर्ष 1962 में इस अधिनियम की धारा 4 के तहत भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ( ॅठप्) की स्थापना की गई थी।

## कई पूर्व प्रधान व बीडीसी सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल



अयोध्या। विधानसभा मिल्कीपुर अमानीगंज के कई पूर्व प्रधान व बीडीसी सदस्य सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए। सांसद लल्लू सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय ने केन्द्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय पर सभी को पार्टी का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया। माल्यार्पण व भगवा अंगवस्त्र देकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा में वीरेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान, विजय कुमार बीडीसी, अशोक सिंह, विकास सिंह, अनिकेत सिंह उर्फ छोटू, गाजी प्रसाद, अशोक भूज, अनिल गुप्ता, किन्नू रावत गया प्रसाद रैदास, अभय प्रताप सिंह, सिवांश सिंह, राज प्रताप सिंह, लकी मिश्र, कन्हैया महरा, विष्णु, मोहित शर्मा, राम प्रसाद रावत, देवीदीन, मदन सिंह, रज्जन दूबे, राजेश दूबे, दीपचन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से जनता के मन में उत्साह है। जनता स्वंय चार जून को भगवा लहराने के लिए आतुर है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षेप

## जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च की घोषणा

नई दिल्ली। जीई एयरोस्पेस ने हाल ही में जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च की घोषणा की है। ये कंपनी के इतिहास में एक नया अध्याय है जो पिछले जीई फाउंडेशन के 100 से ज्यादा सालों की विरासत पर आधारित है। जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन की परोपकारी नीतियां और कार्यक्रम कंपनी के कार्यबल के विकास, आपदा राहत और जीई एयरोस्पेस के कर्मचारियों की कार्यकुशला को बढ़ाने में योगदान करेंगी। इससे जीई एयरोस्पेस से जुड़े लोगों का उत्थान करने (लिफ्ट पीपल अप) के कंपनी के उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। दक्षिण एशिया में, जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के लिए आपदा राहत, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को सपोर्ट करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ काम करना जारी रखेगा।

## एनर्जी से भरपूर रहने में मदद करता है बादाम

कानपुर। इस भागदौड़ के बीच, खुद को सक्रिय एवं एनर्जी से भरपूर बनाए रखने के लिए एक मुट्ठी बादाम का सेवन करें जिससे ये कार्यकर्ता पूरे दिन सक्रिय बने रहेंगे और अपने काम पर पूरा ध्यान दे पायेंगे। रितिका समद्दर ने बताया प्रोटीन, विटामिन ई और मैग्नीशियम जैसे 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर, बादाम संपूर्ण सेहत को बढ़ावा देने के साथ ही प्राकृतिक ऊर्जा प्रदान करता है। पार्टी कार्यकताओं को पूरे दिन सक्रिय रखने और उनका फोकस बनाए रखने के लिए बादाम एक सबसे बढ़िया नाश्ता है। बादाम अविश्वसनीय रूप से सुविधाजनक और बहुपयोगी भी हैं। कैम्पेन के कार्यक्रमों के बीच चाहे भागदौड़ हो या रैलियों का आयोजन, आप मुट्ठी भर बादाम आसानी से अपने साथ कहीं भी ले जा सकते हैं और चलते-फिरते खा सकते हैं।

## बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने पेश किये प्रभावी उपाय

नई दिल्ली। आज के डिजिटल युग में, भारतीय रिटेल क्षेत्र की रीढ़ किराना स्टोर्स को, तेजी से बदलते मार्केट में तालमेल बनाए रखने के लिए लगातार चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि किराना मालिक, ग्राहकों को व्यक्तिगत ग्राहक सेवा और सुविधा देती हैं, लेकिन पारंपरिक व्यावसायिक तरीके अक्सर उन्हें पीछे खींचती हैं। लेकिन, बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने किराना स्टोर्स को उनके कामकाज को सरल करने, कार्य कुशलता में सुधार करने और मार्केट में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रभावी उपाय पेश किए हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि और परिचालन लागत में कमीः खरीदारी करते समय थोक विक्रेताओं के साथ मोल-भाव करने, भीड़-भाड़ वाले मार्केट में घूमने और खरीदारी करने के बाद सामान वापस स्टोर तक ले जाने में बहुत समय लगता है। बी2बी प्लेटफॉर्म इन सब परेशानियों को दूर करने में मदद करता हैं।

## लाबार को मिला एरा इंडियन लीगल अवॉर्ड

नई दिल्ली। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को विधि श्रेणी में देश का प्रतिष्ठित 13वां वार्षिक लीगल एरा-इंडियन लीगल अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। कंपनी को प्रतिष्ठित कम्प्लायंस एंड रिस्क मैनेजमेंट टीम ऑफ द ईयर 2023-24 पुरस्कार मिला है। जो कानूनी उत्कृष्टता और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धताओं को दिखाता है। यह पुरस्कार अनुपालन और जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में कंपनी के शानदार प्रदर्शन को रेखांकित करता है।

## नेल क्लिपर नेल ट्रिमिंग को बना देगा आसान

नई दिल्ली। काई इंडिया का 100 प्रतिशत स्टेनलैस स्टील से बना नेल क्लिपर स्लीक और बेहतरीन डिजाइन के साथ नेल ट्रिमिंग को बेहद आसान बना देता है। इसका लिवर इस्तेमाल करने में बेहद आसान है। उच्च गुणवत्ता के स्टेनलैस स्टील से बना यह नेल क्लिपर हर बार इस्तेमाल करने पर परफेक्ट नेल ट्रिमिंग देता है। काई इंडिया में हम हमेशा से ऐसे टूल्स लाते रहे हैं जो हमारे उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के जीवन को आसान बना दें। जापानी डिजाइन और इंजीनियरिंग के साथ हम अपने हर प्रोडक्ट को बेहतरीन गुणवत्ता के साथ टिकाउ बनाने की कोशिश करते हैं। ट्रिमिंग के अलावा यह नेल क्लिपर आपको नाखुनों की देखभाल के भी खूब काम आने वाला है। इसमें मौजूद नेल फाइलर और ग्रिम रिमुवर के साथ आप नाखुनों को साफ कर सकते हैं और अपनी पसंद की शेप भी दे सकते हैं।

# सेंसेक्स में 260 अंकों की उछाल



मुंबई। विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की घरेलू बाजार से निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74 प्रतिशत बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। बृहस्पतिवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45 प्रतिशत का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। इसी तरफ निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को एक पैसे की मामूली गिरावट के साथ 83.49 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख को कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.48 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.46 के उच्चस्तर और 83.51 के निम्नस्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 83.49 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.66 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर पर



मुंबई। पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 14 करोड़ डॉलर घटकर 4.49 अरब डॉलर रह गयी।

# बाजार मांग पूरा करने के लिए भारत की मदद को तैयार चीन

बीजिंग। भारत में चीन के नवनियुक्त राजदूत जू फेइहोंग ने बढ़ते व्यापार घाटे को लेकर भारत की चिंताओं को स्वीकार करते हुए कहा है कि चीन अधिक भारतीय कंपनियों को अपने बाजार में प्रवेश की सुविधा देकर इस मुद्दे का समाधान करने को तैयार है। वर्षों से भारत के लिए चिंता का विषय रहा व्यापार घाटा वर्ष 2023 में 99.2 अरब अमरीकी डॉलर हो गया जबकि चीन के साथ कुल द्विपक्षीय व्यापार 136.2 अरब डॉलर था।

वर्ष 2022 में व्यापार घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर से अधिक 101 अरब डॉलर रहा था। भारत इस संबंध में समय-समय पर अपनी चिंता व्यक्त करता रहा है तथा चीन पर दबाव डालता रहा है कि वह अपने प्रमुख निर्यात क्षमता वाले क्षेत्रों, अनाज के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी तथा औषधि क्षेत्रों को भी भारतीय कंपनियों के लिए खोले। राजदूत के तौर पर अपना कार्यभार संभालने के लिए भारत रवाना होने से पहले फेइहोंग ने बातचीत में चीन के इस रुख को दोहराया कि उसका व्यापार अधिशेष हासिल करने का कोई इरादा नहीं है। भारत के व्यापार घाटे के पीछे कई कारक हैं। चीन, भारत की चिंता को समझता है। हमारा कभी भी व्यापार अधिशेष हासिल रखने का इरादा नहीं रहा है। चीनी बाजार भारत समेत सभी देशों के लिए खुला है।

# धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन



नयी दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। इसके साथ एरलाइन के परिचालन में शुक्रवार को धीरे-धीरे सुधार आना शुरू हो गया। चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई थी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल की थी।

उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया। हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया था। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी ने हड़ताल के कारण परिचालन में कटौती की। अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। चालक दल के जो सदस्य हड़ताल पर थे, वे अब काम पर लौट रहे हैं। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद दे रही है। अधिकारी ने यह भी कहा कि ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शाम के समय की हैं। चालक दल के अधिक सदस्यों की उपलब्धता के साथ शुक्रवार से परिचालन बेहतर होने की उम्मीद है। एयरलाइन औसतन प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 260 घरेलू सेवाएं संचालित करती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ानें या अपनी कुल दैनिक क्षमता का लगभग 23 प्रतिशत रद्द किया था।

# 28,200 फोन ब्लॉक करें दूरसंचार कंपनियां

नयी दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है। इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। बयान के मुताबिक, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया, दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले चक्षु मंच पेश किया था।

# मार्च में 4.9 प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन



नयी दिल्ली। मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब होने से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में मासिक आधार पर मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.9 प्रतिशत बढ़ गया। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिये आंका जाता है। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत रही थी जबकि मार्च 2023 में यह 1.9 प्रतिशत थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च में खनन उत्पादन वृद्धि घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 6.8 प्रतिशत बढ़ी थी। मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के 1.5 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में बिजली उत्पादन में भी 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष के समान महीने में इसमें 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, मार्च 2024 में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि एक साल पहले की अवधि के 10 प्रतिशत से घटकर 6.1 प्रतिशत हो गई। इस साल मार्च में टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन 9.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि मार्च 2023 में इसमें आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आंकड़ों के मुताबिक, बुनियादी ढांचाा निर्माण वस्तुओं ने मार्च 2024 में 6.9 की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक साल पहले की अवधि में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत थी। इस साल मार्च में प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले 3.3 प्रतिशत थी। मध्यवर्ती उत्पाद खंड में वृद्धि 5.1 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.8 प्रतिशत थी।

# बैंक ऑफ इंडिया का लाभ सात प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर।,439 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ।,350 करोड़ रुपये रहा था। बीओआई ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 17,913 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 16,549 करोड़ रुपये थी। आलोच्य अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,937 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल इसी तिमाही में 5,523 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में, बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 31 मार्च 2024 तक कुल कर्जों का 4.98 प्रतिशत तक आ गईं, जो मार्च 2023 के अंत में 7.31 प्रतिशत थीं। शुद्ध एनपीए भी घटकर कर्जों का 1.22 प्रतिशत रह गया, जो मार्च 2023 के अंत में 1.66 प्रतिशत था।हालांकि बैंक को फंसे कर्ज के लिए अपना प्रावधान बढ़ाकर 2,043 करोड़ रुपये करना पड़ा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 546 करोड़ रुपये था।

## अनाथ आश्रम, वृद्धा आश्रम, स्कूल में अन्न, मिष्ठान वितरित

लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अंचल कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आनेवाले 09 क्षेत्रीय कार्यालयों यथा लखनऊ, आगरा, बरेली, अयोध्या, हल्द्वानी, देहरादून, आदि कार्यालयों द्वारा अंचल प्रमुख राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर विभिन्न संस्थाओं यथा अनाथ आश्रम, वृद्धा आश्रम, स्कूल आदि संस्थाओं में अन्न, मिष्ठान आदि का वितरण किया गया साथ ही देहरादून द्वारा अपना घर अनाथ आश्रम में बच्चो को खाना खिलाने के साथ ही साथ स्टेशनरी का वितरण भी किया गया। इस शुभ कार्य के पीछे की प्रेरणा के संबंध में अंचल प्रमुख श्री राजेश कुमार का कहना हैं कि अक्षय तृतीया पावन अवसर होता है जिसकी सांस्कृतिक महत्व अक्षुण्ण है तथा कहते हैं कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी किया जाए वो सदैव बढ़ता ही जाता है अतः एक सामाजिक संस्थागत जिम्मेदारी के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सदैव ऐसे कदम उठाने को तत्पर रहेगा।

पेज एक का शेष

## केदारनाथ, यमुनोत्री

के साथ प्रातः सात बजे विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच केदारनाथ मंदिर का मुख्य द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। इस अवसर पर सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ मंदिर परिसर में मौजूद करीब दस हजार श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कुछ श्रद्धालु परिसर में डमरू के साथ नृत्य करते दिखाई दिए। मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गयी। वहीं उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट भी सात बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान परिसर में हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे जो मां यमुना की जय का उद्घोष कर रहे थे।

## मुझे जिंदा गाड़ना

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और समान नागरिक संहिता का विरोध करने वालों और वोट जिहाद की बात करने वालों को चार जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने पर हार का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज भारत एक डिजिटल शक्ति, फिनटेक शक्ति और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले देश में बम विस्फोट हुआ करते थे और इस तरह के आतंकवादी हमले अब नहीं होते। उन्होंने 2013 में हैदराबाद के दिलसुखनगर में हुए बम विस्फोट को भी याद किया और आश्चर्य जताया कि क्या वर्तमान चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को इसकी जानकारी है। महबूबनगर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे की शुरुआत चुनाव से पहले मोहब्बत की दुकान से हुई थी, लेकिन चुनाव नजदीक आते-आते यह कमजोर हो गई। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका में रहने वाले शहजादे के सलाहकार ने दक्षिण भारतीय लोगों को अफ्रीकियों की तरह बताया है।उन्होंने दावा किया कि इसका मतलब है कि तेलंगाना के लोग अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा, आप जानते हैं क्यों, क्योंकि उन्हें आपकी त्वचा का रंग पसंद नहीं है। अब कांग्रेस त्वचा के रंग के आधार पर तय करेगी कि कौन अफ्रीकी है और कौन भारतीय। हिंदुओं और उनकी संस्कृति के प्रति कांग्रेस की नफरत की हर दिन पोल खुलने का दावा करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि शहजादे को पढ़ाने वाले नेता ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनना चाहिए था।मोदी ने दावा किया, उन्होंने घोषणा की कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी मनाना भारत की अवधारणा के खिलाफ है।

## गोरखपुर की

के निर्माण का चुनाव है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्याशी के लिये हर घर में जाना संभव नहीं होगा इसलिये आप सब अपने-अपने क्षेत्र में रवि किशन बन कर घर-घर जा कर संपर्क करें।

## अयोध्या में राम

सरकार बनी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार ने अयोध्या में न केवल रामलला का भव्य मंदिर बनवाया और इतिहास रच दिया, बल्कि अराजकता फैलाने वाले माफिया तत्वों का राम नाम सत्य करने का काम भी किया। योगी ने कहा कांग्रेस और सपा अयोध्या में राम मंदिर को बेकार बताते हैं, मगर बेकार ये लोग खुद हैं जो इस धरती पर बोझ बने हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सरकार आपकी भावनाओं का सम्मान करती हो, आपके हितों का संरक्षण करती हो, विकास के कार्यों के साथ जोड़ती हो, उसे बार-बार चुनना चाहिए। इससे वर्तमान तो सुधरता ही है, भविष्य के लिए भी नये-नये अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के विकास कार्यों का भी सिलसिलेवार ब्योरा दिया।

## दाभोलकर

दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह पुणे के ओंकारेश्वर पुल पर सुबह की सैर पर निकले थे। अदालत ने कहा कि मामले में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए की कुछ धाराएं लगाई गईं, लेकिन जांच अधिकारी की लापरवाही के कारण ये आरोप साबित नहीं हो पाये। न्यायाधीश ने कहा कि तावड़े पर मामले का साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया गया और उनके खिलाफ संदेह की पर्याप्त गुंजाइश थी, लेकिन अभियोजन पक्ष संदेह को सबूत में बदलने में विफल रहा यही वजह है कि तावड़े को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। न्यायाधीश ने कहा, भले ही भावे और पुनालेकर के मामले में संदेह की गुंजाइश हो, लेकिन कोई सबूत नहीं है और इसलिए दोनों को सबूत के अभाव में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंदुरे और कालस्कर पर दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया और धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत आरोप सही साबित हुए। न्यायाधीश ने कहा कि इन धाराओं के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान है तथा बचाव एवं अभियोजन पक्ष से अपनी-अपनी दलीलें रखने को कहा।

अभियुक्त की ओर से पेश अधिवक्ता वीरेंद्र इचलकरंजीकर ने कहा यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का नहीं है, जिस पर सरकारी अधिवक्ता प्रकाश सूर्यवंशी ने कहा कि अभियोजन पक्ष मृत्युदंड की मांग नहीं कर रहा है।दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अंदुरे और कालस्कर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उन पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया।न्यायाधीश ने इस बात पर भी गौर किया कि मुकदमे के दौरान दाभोलकर की हत्या को उचित ठहराते हुए कुछ बयान दिए गए और कहा कि यह अफसोसजनक है। उन्होंने कहा, किसी भी व्यक्ति की हत्या एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है। हालांकि, मुकदमे के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से इस कृत्य को सही ठहराने वाले कुछ बयान आए जो अफसोसजनक थे और अभियुक्तों के अधिवक्ताओं को इस बारे में सोचना चाहिए।फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दाभोलकर की बेटी मुक्ता ने कहा कि हत्या का मुख्य साजिशकर्ता अभी भी फरार है और वे इस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेंगे।

## सीएम केजरीवाल

दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा। पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया कि उन्हें पांच जून तक अंतरिम जमानत दी जाए। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के कारणों का विवरण बाद में दिया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने चुनाव प्रचार के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई पूर्व उदाहरण नहीं है।

न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने कहा कि ईडी की प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) अगस्त 2022 में दर्ज की गई थी जबकि मुख्यमंत्री को इस साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

पीठ ने ईडी से कहा, वह डेढ़ साल तक बाहर रहे। उन्हें पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। मेहता और राजू ने न्यायालय से जमानत शर्तें लागू करने का अनुरोध किया जिनमें यह भी शामिल हो कि केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तें वैसी ही होंगी जैसी आप नेता संजय सिंह के मामले में लागू की गई थीं। सिंह को इसी मामले के सिलसिले में पिछले महीने जमानत दी गई थी।

केजरीवाल की ओर से न्यायालय में पेश हुए वकील शादान फरासत के अनुसार अदालत ने बहुत संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाया है। उन्होंने कहा, हमने अभी तक लिखित आदेश नहीं देखा है। इसलिए हमें लिखित आदेश की वास्तविक विषयवस्तु नहीं पता। अदालत ने कहा कि वे केजरीवाल को दो जून तक अंतरिम जमानताजमानत पर रिहा कर रहे हैं और इस तरह की कोई शर्त नहीं है कि वह इन 20-22 दिन रिहाई के दौरान प्रचार के समय क्या कह सकते हैं और क्या नहीं कह सकते। फरासत ने कहा, हमें उम्मीद है कि आज यह आदेश अद्यतन होगा और तब हम उनकी रिहाई के लिए उचित प्रक्रिया अपनाएंगे। शीर्ष अदालत मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले महीने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## कानपुर व

ने तंज किया ये (पत्रकार) हमारे भाई हैं, इनसे हम मोहब्बत करते हैं, इनसे प्यार करते हैं मगर इनको वेतन लेना है, इसीलिए ये सच्चाई नहीं लिख सकते। उन्होंने यह भी कहा, बच्चे पालने हैं इनको (मीडियाकर्मियों को), अगर आप अभी इनके चेहरे देखोगे तो ये भी मुस्कुरा रहे हैं, क्योंकि इनको भी पता है कि जो राहुल गांधी बोल रहा है, वह सच है और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बन रहे हैं। कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान न वेंटिलेटर थे और न ऑक्सीजन। उन्होंने आरोप लगाया कि महामारी के दौरान गंगा नदी में शव उतराए हुए थे, लोग मर रहे थे, लेकिन नरेन्द्र मोदी की पार्टी कोविड-19 वैक्सीन निर्माता से पैसे ले रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी की पार्टी ने वैक्सीन निर्माता से करोड़ों रुपये लिए। उन्होंने कहा कि लोग मर रहे थे लेकिन नरेन्द्र मोदी कहा रहे थे-थाली बजाओ, मोबाइल फोन की टॉर्च जलाओ। गांधी ने सभा में अडाणी और अंबानी का नाम लेते हुए मोदी पर जमकर निशाना साधा।

## देश की जनता

बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहते है। भाजपा सरकार के हटने में बस चार कदम और बाकी है। तीन चरणों के चुनाव में भाजपा बहुत नीचे जा चुकी है। बस चार और चरणों के चुनाव बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बन जाएगी।

## पीएम मोदी

अब तक कोई साक्षात्कार नहीं दिया है। वे स्टूडियो में शूट व संपादित किए गए वीडियो जारी कर रहे हैं। इसके अलावा उन पर स्क्रिप्टेड प्रेस कॉन्फ्रेंस के भी आरोप लगे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल पूछने पर भाजपा का सवाल और तुम्हारा मालिक कौन...जैसे उनके बयान चर्चा में रहे हैं। भाजपा बार-बार राहुल और कांग्रेस से पूछ रही है कि क्या वे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के उस फॉर्मूले को नकारते हैं कि संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है। धन पुनर्वितरण, विरासत कर के आरोपों पर भी चुप हैं। सैम पित्रोदा की नस्लवादी टिप्पणी, प्रज्वल मामले में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के कार्रवाई न करने जैसे सवालों से भी बच रहे हैं। विदेशी दौरों और वहां हुए सौदों को लेकर, राममंदिर के दर्शन न करने व दर्शन करने वालों के बहिष्कार जैसे सवालों का जवाब भी नहीं दे रहे हैं।

आम चुनाव की लड़ाई एक तरह से दो चेहरों पर ही केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

## टाटा स्टील के

तरफ से गोलियां चली। जो बदमाश बाइक चला रहा था, एक गोली उसे सीने में लगी और वह पार्श्वनाथ की थंडर बिल्डिंग के बंद गेट के सामने बाइक सहित गिर गया। उसका दूसरा साथी जंगलों में भाग निकला। मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर मंगल सिंह के हाथ में गोली लगी। टाटा स्टील में सेल्स हेड विनय त्यागी ने विदेश से मैनेजमेंट की पढ़ाई की थी।






# गिल ने जड़ा आईपीएल इतिहास का 100वां शतक





अहमदाबाद। आज आईपीएल 2024 के 59वें मैच में गुजरात ने चेन्नई के सामने 232 रन का लक्ष्य रखा है। इसमें गिल ने आईपीएल इतिहास का 100वां शतक जड़ा।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 231 रन बनाए।

कप्तान शुभमन गिल ने 55 गेंद में नौ चौके और छह छक्के की मदद से 104 रन और साई सुदर्शन ने 51 गेंद में पांच चौके और सात छक्के की मदद से 103 रन की पारी खेली। यह सुदर्शन का पहला आईपीएल शतक रहा। वहीं, शुभमन ने आईपीएल करियर का चौथा शतक लगाया। डेविड मिलर 11 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, शाहरुख खान दो रन बनाकर रन आउट हुए। चेन्नई की ओर से तुषार देशपांडे ने दो विकेट लिए। शुभमन और सुदर्शन के बीच 210 रन की रिकॉर्ड साझेदारी हुई। चेन्नई ने पहले छह ओवर में 58 रन खर्च किए थे। वहीं, सात से 15 ओवर के बीच यानी नौ ओवर में गुजरात ने बिना कोई विकेट गंवाए 132 रन बनाए। 15 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर बिना किसी विकेट के 190 रन था। आखिरी पांच ओवर में गुजरात की टीम सिर्फ 41 रन बना सकी और तीन विकेट गंवाए। सीएसके की शुरुआती एकादश में रचिन रविंद्र की वापसी हुई है तो वहीं गुजरात टाइटंस की टीम ने मैथ्यू वेड और कार्तिक त्यागी को टीम में शामिल किया है। 12 में से 10 मौके पर टॉस में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। टीम में एक बदलाव हुआ है। मैच में रिचर्ड ग्लीसन की जगह रचिन रवींद्र की टीम में एंट्री हुई है। कप्तान शुभमन गिल के साथ साई सुदर्शन गुजरात के लिए पारी का आगाज करने उतरे हैं। वहीं, यह गुजरात के लिए आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी है। गुजरात ने तेज शुरूआत की है। टीम ने तीन ओवर के बाद बिना किसी विकेट के 32 रन बना लिए हैं। **गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, डेविड मिलर, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, उमेश यादव, मोहित शर्मा, कार्तिक त्यागी।इम्पैक्ट सबः अभिनव मनोहर, संदीप वॉरियर, बीआर शरथ, दर्शन नालकंडे, जयंत यादव। **चेन्नई सुपर किंग्स:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, मोइन अली, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, सिमरजीत सिंह। इम्पैक्ट सबः अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, अरावेल्ली अवनीश, समीर रिज्वी, मुकेश चौधरी।

## केकेआर की नजरें प्लेऑफ का टिकट कटाने पर, प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी मुंबई



कोलकाता। शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिये एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है। नारायण अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं और अभिषेक शर्मा (35) के बाद दूसरे स्थान पर है। अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके नारायण ने 183. 66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बना लिये हैं। वहीं इंग्लैंड के साल्ट ने 183. 33 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाये हैं। इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले। इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है। तीसरे नंबर पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है। वहीं पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिये खेल रही है। सूर्यकुमार यादव ने पिछले दो मैचों में 56 और नाबाद 102 रन बनाये हैं जो टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा।**

## संक्षेप

### ग्रीन ने विराट की पुराने अंदाज वाली पारी की तारीफ की

धर्मशाला। कैमरन ग्रीन ने पुराने अंदाज वाली बेहतरीन पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बनाये रखने के लिये स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ की है। कोहली ने तीन जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 47 गेंद में 92 रन बनाये जिसकी मदद से आरसीबी ने पंजाब किंग्स को करो या मरो के मुकाबले में 60 रन से हराया। ग्रीन ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, उसने अपने पुराने अंदाज वाली पारी खेली जिस विराट को हम जानते हैं। दूसरे छोर से उसे देखने में बहुत मजा आया। विराट के टीम में होने का यही फायदा है। विरोधी टीम को उसे इतने मौके देने से बचना चाहिये। उन्होंने कहा, जब तीन या चार बार उसे जीवनदान दिया जाये तो उसका खामियाजा तो भुगतना ही पड़ेगा। वह शुरू ही से आक्रामक खेल रहा था। कुछ कैच छूटने के बाद उसे लगा कि अब उसके पास खोने के लिये कुछ नहीं है। आरसीबी को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अगले दो मैच भी जीतने होंगे। ग्रीन ने कहा, शुरूआत खराब रहने के बाद हमने अच्छी वापसी की है। अब हमारा पूरा फोकस अगले मैच पर है। वहीं पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्राड हाडिन ने कहा, हम कैच छोड़ने की वजह से मैच हारे। हमने दो बल्लेबाजों को शून्य पर जीवनदान दिया और दोनों ने बड़ी पारियां खेली। हम वहीं मैच हार गए थे।

### मुनरो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने आगामी टी20 विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिये एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 मैच खेलकर 3010 रन बनाये हैं। टी20 क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 156 . 44 रहा। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने 428 टी20 मैचों में 10961 रन बनाये हैं जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141 . 25 रहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिये आखिरी मैच 2020 में भारत के खिलाफ टी20 खेला था। मुनरो ने एक बयान में कहा, न्यूजीलैंड के लिये खेलना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से रहा। मैंने 123 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा, मैने लंबे समय से नहीं खेला है लेकिन मुझे वापसी की उम्मीद बनी हुई थी। अब न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम के ऐलान के बाद मेरे लिये विदा लेने का सही समय है। वह दुनिया भर में टी20 लीग खेलते रहेंगे।

### कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

धर्मशाला। आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमायें हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिये कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने स्टार स्पोटर्स क्रिकेट लाइव पर कहा, यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है। उन्होंने कहा कि डीप से दौड़कर आना और इस तरह का थ्रो फेंकना आसान नहीं है। यह असाधारण है। कोहली के अब आईपीएल के इस सत्र में 12 मैचों में 634 रन हो गए जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ 11 मैचों में 541 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। मूडी ने कहा, वह सिर्फ फील्डर नहीं है बल्कि बल्लेबाज भी है। उसने 92 रन की बेहतरीन पारी खेली और इतने समय बल्लेबाजी करने के बावजूद मैदान पर इस तरह कोई और भाग नहीं सकता। दूसरी पारी में भी उसने गजब का फोकस, उत्साह, फिटनेस और चपलता बनाये रखी।

## चीनी खिलाड़ियों को लगातार हराने के लिए फिटनेस और रणनीति बेहतर करना होगा



नयी दिल्ली। डब्ल्यूडब्ल्यूटी (विश्व टेबल टेनिस) टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनने वाली मनिका बत्रा ने कहा कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों को लगातार हराने के लिए उन्हें रणनीति और फिटनेस के मोर्चे पर बेहतर होना होगा।

सउदी अरब में खेले गये ग्रैंड स्मैश के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मनिका ने दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को शिकस्त दी थी। उन्होंने ने इसके बाद जर्मनी की नीना मिट्टेलहम को मात दी थी। वान्यु 2021 में महिला एकल की विश्व चैम्पियन रहने के साथ तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता है। टूर्नामिंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जापान की हिना हयाता से।-4 से हारकर उनका सफर समाप्त हो गया। इस 28 साल की खिलाड़ी ने सऊदी अरब में सफल प्रदर्शन के बाद कहा कि एक सप्ताह तक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से उन्हें इस बात का अच्छा अंदाजा हो गया है कि पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें कहां सुधार करने की जरूरत है। पिछले महीने मकाऊ विश्व कप में वांग से मिली करारी शिकस्त का बदला पूरा करने वाली मनिका ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे उसे हराने में बहुत मजा आया। उस हार के बाद कोच अमन बालगु के साथ विशेष योजना बनाने से मनिका को ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मकाऊ के बाद मैं अपने कोच के साथ योजना बनायी। मैं उस समय वास्तव में भावुक थी क्योंकि मैंने उन्हें बताया कि कुछ गलत हो रहा है और हमें वास्तव में कुछ चीजों पर काम करना होगा। मनिका ने कहा, इसके बाद हमारे पास मेहनत करने के लिए 10-12 दिन का समय था। इस दौरान अभ्यास सत्र से मुझे वास्तव में मदद मिली। इसका फायदा सिर्फ वांग ही नहीं बल्कि अन्य दो खिलाड़ियों के खिलाफ भी मिला। इस समय विश्व रैंकिंग में 39वें नंबर पर काबिज मनिका इस प्रदर्शन के बाद शीर्ष 25 में पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि चीन की मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार प्रतिस्पर्धा करने के लिए उन्हें खेल की गति बढ़ाने के साथ अपने फोरहैंड से अधिक आक्रमण करने की जरूरत है।

## ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल भोपाल में आज से

भोपाल। पेरिस ओलंपिक के लिये भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिये हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटायेंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो यहां मप्र प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी। पुरूषों के रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू नजर आयेंगे।

## यह शर्मनाक है, बात करने का भी तरीका होता है : शमी



नयी दिल्ली। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊसुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिये खेलों में कोई जगह नहीं है।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊकी दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। शमी इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं। शमी ने क्रिकबज लाइव पर कहा कि करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि आपका एक दायरा होना चाहिये बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिये, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा, यह ध्यान रखना चाहिये कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। ऐसा नहीं है कि आप अचानक बात कर रहे हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं। आप ड्रेसिंग रूम या टीम होटल में ऐसा कर सकते थे। मैदान पर करना जरूरी नहीं था। ऐसी प्रतिक्रिया दे के कोई लाल किले पे झंडा तो नहीं गाड़ दिया आपने। चोट के कारण आईपीएल का यह सत्र नहीं खेल रहे शमी ने कहा कि वह कप्तान है, कोई आम खिलाड़ी नहीं। यह टीम का खेल है। अगर रणनीति सफल नहीं रही तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। खेल में कुछ भी हो सकता है। अच्छे और बुरे दिन आते हैं और हर खिलाड़ी का सम्मान होता है। यह बात करने का कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि खेल में कई बार तनाव के पल आते हैं और खिलाड़ी भी एक दूसरे से लड़ जाते हैं। क्रिकेट ही नहीं, हर खेल में ऐसा होता है।

## जून के बाद मुख्य कोच बने रहने के लिए द्रविड़ को फिर आवेदन करना होगा

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगर टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि नये कोच की नियुक्ति तीन साल के लिये होगी। द्रविड़ का करार शुरू में दो साल का था लेकिन उन्हें और सहयोगी स्टाफ को नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद कार्यकाल में विस्तार दिया गया। अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद उनका कार्यकाल खत्म हो जायेगा। शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से कहा कि हम अगले कुछ दिन में आवेदन मंगवायेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने वाला है। उन्हें पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा। हमें दीर्घकालीन कोच चाहिये, तीन साल के लिये। उन्होंने यह भी कहा कि अलग अलग प्रारूपों के लिये अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है लेकिन अंत में फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। समिति में जतिन परांजपे, अशोक मल्होत्रा और सुलक्षणा नाईक हैं। शाह ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में अलग अलग प्रारूपों के लिये अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है। इसके अलावा हमारे पास कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं जैसे ज्षभ पंत, विराट कोहली और रोहित शर्मा। यह फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। जो फैसला वह लेंगे, मैं उस पर अमल करूंगा। अगर वे कहेंगे कि विदेशी कोच चाहिये तो मैं दखल नहीं दूंगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति के अध्यक्ष के रूप में ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है लेकिन शाह ने यह नहीं बताया कि वह इस पद की दौड़ में हैं या नहीं।

उन्होंने कहा कि मुझे यहां बीसीसीआई में रहने दीजिये।

## आईपीएल में प्रयोग के तौर पर लागू किया इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम, पुनर्विचार संभव



मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा कि इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। शाह ने कहा कि टी20 विश्व कप के बाद सभी पक्ष मिलकर इस पर बात करेंगे। खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जायेगा। विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे। यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे। शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है। आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक आस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आयेगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है। शाह ने यह भी कहा कि बोर्ड का फोकस महिला क्रिकेट को बढावा देने के लिये मैचों की संख्या बढाने पर भी है। महिला क्रिकेट का ख्याल भी पुरूष क्रिकेट की तरह रखा जा रहा है। बांग्लादेश में विश्व कप होना है और हम द्विपक्षीय श्रृंखलायें भी खेल रहे हैं।

## भारतीय खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मदद मिलेगी: आईओए प्रमुख उषा

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा, हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है। उन्हें शीर्ष प्रदर्शन हासिल करने के लिए बेहतर समर्थन प्रणाली की आवश्यकता है। एक खिलाड़ी और खुद कोच के तौर पर मैंने हमारे एथलीटों के लिए समर्थन प्रणाली के विकास को देखा है। वे प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के दृष्टिकोण में बहुत पेशेवर हो गए हैं। मेरा मानना है कि यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि ओलंपिक के दौरान उन्हें अन्य देशों की तरह सुविधाएं मिले।

# पीओके की एक-एक इंच जमीन भारत की

## झारखंड के खूंटी में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे अमित शाह

एजेंसी

खूंटी (झारखंड)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संबंधित मुद्दे परै सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई भी ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने झारखंड के खूंटी में एक चुनावी रैली में कहा मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है।



कुछ दिन पहले इंडिया गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। मैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को बताना चाहता हूं कि पीओके भारत का है और इसे कोई भी ताकत नहीं छीन सकती। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा मुझे नहीं पता कि कांग्रेस को क्या हो गया है। संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि पीओके भारत का हिस्सा है। आप (कांग्रेस) अब परमाणु बम के बारे में बात करके पीओके पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है कि पीओके की एक-एक इंच जमीन भारत की है और यह भारत का ही रहेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक अनुच्छेद 370 को बरकरार रखा लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे निरस्त करना सुनिश्चित किया। लोगों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने का आग्रह करते हुए शाह ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा झामुमो नीत गठबंधन 300 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले, 1,000 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले और 40 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में शामिल है। हम झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को गरीबों का पैसा हजम नहीं करने देंगे। झारखंड के एक राज्यसभा सदस्य से जुड़े परिसर से लगभग 350 करोड़ रुपये और झारखंड में कांग्रेस के मंत्री आलमगीर से जुड़े एक अधिकारी के घरेलू सहायक के यहां से 35 करोड़ रुपये की बरामदगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह पैसा झारखंड के लोगों का है जिसे राहुल बाबा की पार्टी द्वारा लूटा जा रहा था, लेकिन यह जनता को वापस दिया जाएगा। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

# भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई हैं इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियां : नड्डा

एजेंसी



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा करार दिया और लोगों से कहा कि वे भाजपा को वोट दें ताकि देश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे।

हरियाणा के पंचकूला में एक रोडशो में नड्डा ने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। नड्डा ने अंबाला से भाजपा के उम्मीदवार बंतो कटारिया के पक्ष में रोडशो करते हुए कहा, मोदीजी कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाओ, वे (विपक्षी दल) कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ और उन्हें फलने-फूलने दो। नड्डा ने कहा कांग्रेस घोटालों की पार्टी है या नहीं। लालू (यादव) की पार्टी घोटाला करने वाली पार्टी है या नहीं। ममता (बनर्जी) ने घोटाले किये हैं या नहीं? द्रमुक का स्टालिन परिवार घोटाले में शामिल था या नहीं? के. कविता ने घोटाला किया है या नहीं? तो सारे भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्हें लोगों की कोई चिंता नहीं है। नड्डा ने कहा फारूक अब्दुल्ला चाहते हैं कि उनका बेटा उमर मुख्यमंत्री बने। जब (पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह) बादल साहब वहां (जीवित) थे तो वह अपने बेटे सुखबीर (बादल) के लिए प्रयास करने में व्यस्त थे। चौटाला परिवार ने भी यही कोशिश की।

## संक्षेप

### सिर्फ पाकिस्तान की बात कर रहे भाजपाई : प्रियंका



अमेठी (उप्र)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मणिशंकर अय्यर के बयानों को लेकर उठे विवाद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब भारत में चुनाव हो रहे हैं और बेरोजगारी की दर 45 वर्ष में सबसे ज्यादा है तो पाकिस्तान की चर्चा क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वास्तविक मुद्दों और काम के आधार पर चुनाव लड़ने चाहिए। प्रियंका गांधी वाद्रा ने विशेष साक्षात्कार में भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे को उठाने का आरोप लगाया और कहा कि लोग नहीं चाहते कि चुनाव धर्म और जाति के नाम पर लड़े जाएं। कांग्रेस महासचिव ने कहा, लोग कह रहे हैं कि आपने (भाजपा ने) दो चुनाव धर्म के आधार पर जीते हैं और अब उससे आगे बढ़िए।

# अलगाववाद का समर्थन करना अभिव्यक्ति की आजादी नहीं

## जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों पर उठाया सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।



जयशंकर ने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं।

पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है। जयशंकर ने कहा यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है।

# तीसरे चरण के बाद बढ़ी पीएम मोदी की चिंता

## देश के विकास को लेकर वोट नहीं मांग रहे भाजपा नेता : खरगे

एजेंसी

हैदराबाद। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव के तीन चरणों के चुनाव संपन्न हो जाने के बाद चिंतित हैं और इसीलिए वे गैर-चुनावी मुद्दों पर बात कर रहे हैं तथा कांग्रेस को गालियां दे रहे हैं।




खरगे ने कहा कि भाजपा नेता विकास पर वोट मांगने के बजाय उनके (कांग्रेस) नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं और राहुल गांधी को शहजादा कहते घूम रहे हैं। खरगे ने कहा तीन चरण के मतदान के बाद मोदी और शाह चिंतित हो गए हैं। उन्होंने अपने घोषणापत्र के बारे में बात करना बंद कर दिया है और केवल कांग्रेस को गाली दे रहे हैं।

# भारत के लोस चुनावों में अमेरिका का कोई हस्तक्षेप नहीं : रूस

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को बृहस्पतिवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कतई नहीं। हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com